दैनिक हिन्दी अख़बार
# सच बेधड़क
www.sachbedhadak.com | twitter.com/sachbedhadak | facebook.com/sachbedhadak
YouTube: youtube.com/@sachbedhadak | Instagram: instagram.com/sach_bedhadak
वर्ष: 3 । अंक: 248 | जयपुर, शनिवार, 17 अगस्त, 2024 । श्रावण, शुक्ल पक्ष-द्वादशी, विसं 2081 | पृष्ठ: 10 | मूल्य: 2.00

## जरूरी खबर

### J&K और हरियाणा विस चुनावों की तिथियों का ऐलान
4 अक्टूबर को परिणाम




**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने शुक्रवार को जम्मू-कश्मीर और हरियाणा में विधानसभा चुनाव की तारीखों का ऐलान किया। जम्मू-कश्मीर की 90 विधानसभा सीटों पर 3 फेज में 18 सितंबर, 25 सितंबर और 1 अक्टूबर को वोट डाले जाएंगे। हरियाणा की सभी 90 सीटों पर सिंगल फेज में 1 अक्टूबर को वोटिंग होगी। दोनों राज्यों के नतीजे 4 अक्टूबर को आएंगे। जम्मू-कश्मीर में 10 साल बाद विधानसभा चुनाव होंगे। अनुच्छेद 370 हटने के बाद ये पहला विधानसभा चुनाव होगा।

-पेज 7 भी देखें

### रिलायंस फाउंडेशन और आईएमडी ने किया एमओयू



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** रिलायंस फाउंडेशन और भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने एक महत्वपूर्ण एमओयू किया है, जो जलवायु-प्रभावित समुदायों को बेहतर मौसम जानकारी और सहायता प्रदान करेगा। आईएमडी के महानिदेशक डॉ. मृत्युंजय महापात्र और रिलायंस फाउंडेशन के सीईओ जगन्नाथ कुमार ने नई दिल्ली में इस एमओयू पर पर हस्ताक्षर किए। इस साझेदारी का मुख्य उद्देश्य जलवायु परिवर्तन और मौसम से जुड़ी चुनौतियों का सामना करने के लिए समुदायों को तैयार करना है।

सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अख़बार
अख़बार की प्रति प्राप्त करने के लिए
+91 96640 14179
+91 97830 45155
पर सम्पर्क कर अपना पता नोट करवाएं।

## मुख्यमंत्री ने ली समीक्षा बैठक: विभागीय अधिकारियों को दिए दिशा निर्देश
# पांच साल में 10 लाख नौकरियों की प्लानिंग पर भी ली जानकारी

**बेधड़क | जयपुर**

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने शुक्रवार को सी एम ओ में विभिन्न कार्य योजनाओं की समीक्षा बैठक ली। बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारियों को अपने अपने विभाग से संबंधित कार्ययोजनाओ में तेजी लाने के निर्देश दिए। सीएम ने प्रदेश में आगामी पांच साल में 10 लाख भर्तियां करने, 4 लाख सरकारी और 6 लाख निजी क्षेत्र में नौकरियों,अवैध खनन की हो प्रभावी रोकथाम के अलावा पीएम कुसुम योजना की प्रगति की समीक्षा की तथा पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना में और तेजी लाने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत कार्यों की समीक्षा भी की। प्रदेश में रोजगार मेले का नियमित रूप से हो आयोजन करने के निर्देश भी दिए।



### सीएम ने मांगी गृह राज्यमंत्री और DGP से रिपोर्ट

उदयपुर में भड़की हिंसा को लेकर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने गृह राज्यमंत्री और डीजीपी से रिपोर्ट मांगी है। गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढम ने सीएम को घटना के बारे जानकारी दी। फीडबैक लेने के बाद सीएम ने शांति-व्यवस्था के लिए अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिए।

### वाजपेयी ने राजनीति में उच्च आदर्श किए स्थापित



मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री निवास पर पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की पुण्यतिथि पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। शर्मा ने कहा कि भारतीय राजनीति के 'अजातशत्रु' भारत रत्न वाजपेयी राजनीति के पुरोधा थे। प्रखर वक्ता एवं कुशल राजनेता वाजपेयी ने राजनीति में उच्च आदर्शों की स्थापना कर देश को एक नई दिशा देने में अहम भूमिका निभाई। इस दौरान मुख्यमंत्री निवास के अधिकारी-कर्मचारी भी उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर भी वाजपेयी को श्रद्धांजलि दी। मुख्यमंत्री ने लिखा कि शुक्रवार को मुख्यमंत्री आवास पर भाजपा परिवार के अभिभावक, भारतीय राजनीति के अजातशत्रु, पूर्व प्रधानमंत्री तथा भारत रत्न से अलंकृत स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की पुण्यतिथि पर पुष्पांजलि अर्पित कर आदरपूर्वक नमन किया। अपने दूरदर्शी एवं प्रगतिशील नेतृत्व में उन्होंने राष्ट्र को विकास के अभूतपूर्व शिखर तक पहुँचाया। एक सशक्त, समृद्ध एवं आत्मनिर्भर भारत के निर्माण के लिए उनके अथक प्रयासों को सदैव स्मरण किया जाएगा।

## दो छात्रों के झगड़े के बाद उदयपुर में बवाल... तनाव
# पथराव... आगजनी के बाद शहर में धारा 163

- सरकारी हायर सेकेंडरी स्कूल, भट्टियानी चौहट्टा का मामला
- एक छात्र पर चाकू से हमला, घायल छात्र की हालत गंभीर
- तनाव के मद्देनजर शहर में 15 थानों का जाब्ता तैनात



**बेधड़क | जयपुर**

उदयपुर में शुक्रवार को सरकारी स्कूल के दो स्टूडेंट के झगड़े के कारण तनाव फैल गया। लोगों ने एक शॉपिंग मॉल में तोड़फोड़ की और पथराव किया। एक गैरेज में खड़ी कारों को आग भी लगा दी। पुलिस ने लाठीचार्ज कर प्रदर्शनकारियों को खदेड़ा। हालात देख जिला कलेक्टर अरविंद पोसवाल ने धारा-163 लागू कर दी। दोनों स्टूडेंट अलग-अलग संप्रदाय के हैं। घटना सूरजपोल थाना क्षेत्र में सुबह 10:30 बजे की है। राजकीय उच्च माध्यमिक स्कूल भट्टियानी चौहट्टा में एक स्टूडेंट ने दूसरे छात्र पर चाकू से हमला कर घायल कर दिया। घायल स्टूडेंट को टीचर महाराणा भूपाल (एमबी) हॉस्पिटल लेकर पहुंचे, जहां उसका इलाज चल रहा है। घटना से आक्रोशित हिंदू संगठनों ने चेतक सर्किल, हाथीपोल, अश्विनी बाजार, बापू बाजार और घंटाघर एरिया की दुकानों को बंद करवा दिया। धीरे-धीरे घटना ने हिंसक रूप ले लिया। एहतियात के तौर पर पुलिस के जवान तैनात हैं। कलेक्टर अरविंद पोसवाल ने बताया कि हमला कर फरार हुए नाबालिग छात्र को हिरासत में लेकर उसके पिता को गिरफ्तार किया गया है। पूरे मामले की जांच गंभीरता से की जाएगी।

### एक ही क्लास में पढ़ते हैं दोनों स्टूडेंट

जिला शिक्षा अधिकारी लोकेश भारती ने बताया कि दोनों नाबालिग की उम्र करीब 15 साल है। दोनों एक ही क्लास में पढ़ते हैं। दोनों के बीच पहले क्या विवाद हुआ? इसके बारे में स्पष्ट जानकारी नहीं है। जब लंच हुआ तो दोनों के बीच स्कूल के बाहर झगड़ा हुआ। इस झगड़े में एक स्टूडेंट ने दूसरे की जांघ में चाकू से दो-तीन वार कर घायल कर दिए। घायल स्टूडेंट चिल्लाने लगा तो टीचर दौड़कर बाहर आए। घायल छात्र के परिजनों को जब घटना की जानकारी मिली तो वे एमबी अस्पताल पहुंचे। यही नहीं, हिंदू संगठनों के लोगों ने हॉस्पिटल पहुंचकर नारेबाजी की और घटना को लेकर आक्रोश जताया। हॉस्पिटल में पुलिस का जाब्ता तैनात किया गया है।



### पढ़ाई में अच्छे, कभी झगड़ते नहीं देखा

प्रिंसिपल ईशा धर्मावत ने बताया कि लंच के करीब 5 से 7 मिनट बाद अचानक स्कूल के बाहर से कुछ छात्र चिल्लाते हुए दौड़कर अंदर आए। मैंने तुरंत बाहर जाकर देखा तो हैरान रह गई। स्टूडेंट घायल अवस्था में था। मेरी स्कूटी पर बैठाकर स्टाफ ने उसे तुरंत हॉस्पिटल पहुंचाया। दोनों छात्र पढ़ाई में अच्छे हैं। इससे पहले दोनों को स्कूल में कभी झगड़ते हुए नहीं देखा, न ही सुना। इस तरह की घटना ने हमें भी चौंका दिया।

### 15 थानों का जाब्ता तैनात

उदयपुर एएसपी सिटी उमेश ओझा ने बताया कि शहर के लगभग सभी इलाकों में पुलिस बल तैनात है। इसमें शहर के करीब 15 थानों का जाब्ता लगाया है। पुलिस लाइन से भी अतिरिक्त जाब्ता क्षेत्रों में तैनात किया गया है। सभी पुलिस अफसर फील्ड में रहकर हर गतिविधि पर नजर बनाए हुए हैं।

## पुलिस बेड़े में बड़ा फेरबदल: 6 एएसपी और 4 डिप्टी एसपी भी बदले
# दो दशक बाद दो रेंज की जिम्मेदारी दो डीआईजी रैंक के अफसरों को

- दो रेंज आईजी बदले, सात आईपीएस के तबादले

**बेधड़क | जयपुर**

प्रदेश में दो दशक बाद पहली बार एक साथ दो डीआईजी रैंक के अफसरों को रेंज की जिम्मेदारी दी गई है। वैसे, कुछ वर्षों से डीआईजी रैंक के अफसर को भी एक रेंज की जिम्मेदारी मिली है। जबकि, इस बार दो रेंज का जिम्मा इनके पास रहेगा। बता दें, प्रदेश में दो पुलिस कमिश्नरेट और 10 रेंज है।

सरकार ने शुक्रवार को 7 आईपीएस और 10 आरपीएस अफसरों के तबादले किए हैं। सूत्रों के मुताबिक 40 आईपीएस अफसरों की तबादला सूची पर मंथन चल रहा है। इनमें ज्यादातर एसपी रैंक के अफसर हैं, जबकि वर्तमान में तैनात तीन रेंज आईजी रैंक के अफसर को भी बदलकर दूसरी रेंज में जिम्मेदारी दी जाएगी। सरकार ने आदेश जारी करके आईजी लता मनोज को अजमेर से आईजी आरपीए, डीआईजी ओमप्रकाश को पाली से अजमेर रेंज, डीआईजी प्रदीप मोहन शर्मा आरपीए से पाली रेंज डीआईजी, शदर चौधरी को डीसीपी हेडक्वार्टर जोधपुर कमिश्नरेट से एसपी झुंझुनूं, अरशद अली को एसपी सलूंबर से डीसीपी क्राइम जयपुर पुलिस कमिश्नरेट, राजेश कुमार यादव को डीसीपी वेस्ट जोधपुर कमिश्नरेट से एसपी सलूंबर और राजर्षि राज वर्मा को डीसीपी वेस्ट जोधपुर कमिश्नरेट लगाया है। वर्मा के पास डीसीपी हेडक्वार्टर का भी अतिरिक्त चार्ज रहेगा।

-पेज 02 भी देखें



अरशद अली डीसीपी क्राइम जयपुर कमिश्नरेट



लता मनोज आईजी आरपीए

### छह एडिशनल एसपी के तबादले

राज्य सरकार ने एक आदेश जारी रके एडिशनल एसपी निरंजन चावला को कमांडेंट एमबीसी खैरवाड़ा, अशोक मीणा को एडिशनल एसपी डूंगरपुर, सरिता सिंह को एडिशनल सतर्कता पुलिस मुख्यालय, ज्ञानप्रकाश नवल को एडिशनल एसपी मुख्यालय टोंक, लोकेश सोनवाल को एडिशनल एसपी दौसा और दिनेश अग्रवाल को एडिशनल एसपी लालसोट दौसा लगाया है।

### चार डिप्टी एसपी भी बदले

पुलिस मुख्यालय ने भी चार डिप्टी एसपी रैंक के अफसरों के तबादले किए हैं। इनमें नारायण लाल बाजिया को एसीपी गांधीनगर-जयपुर पुलिस कमिश्नरेट, रामप्रताप विश्नोई को डिप्टी एसपी नागौर, अरविन्द कुमार जाट को डिप्टी एसपी फतेहपुर और गोपाल सिंह ढाका को डिप्टी एसपी मूंडवा लगाया है।

## कोलकोता में महिला डॉक्टर के रेप-मर्डर केस पर आक्रोश
# निजी अस्पतालों में भी डॉक्टर आज करेंगे काम ठप

**बेधड़क | जयपुर**

कोलकाता के आरजी कर अस्पताल में रेजिडेंट डॉक्टर के साथ हुई हैवानियत के विरोध में रेजिडेंट चिकित्सकों ने शुक्रवार को प्रदर्शन किया और रैली निकाली। वहीं, इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के आह्वान पर शनिवार को प्रदेश के सभी निजी अस्पताल बंद रहेंगे। वहीं, बाड़मेर में भी रेजिडेंट डॉक्टर्स हड़ताल में शामिल हो गए। जयपुर में बीते दिन रेजिडेंट चिकित्सकों ने इमरजेंसी का भी बहिष्कार कर दिया है। शुक्रवार को जयपुर एसोसिएशन ऑफ रेजिडेंट डॉक्टर्स (जार्ड) की ओर से एसएमएस अस्पताल में जोरदार प्रदर्शन किया गया।

जार्ड के मीडिया प्रभारी डॉक्टर साकेत दाधीच का कहना है कि हमारी मांग है कि सरकार चिकित्सकों की सुरक्षा के लिए कानून लेकर आए। बंगाल में जिस तरह की हैवानियत चिकित्सक के साथ हुई है, उनके दोषियों को पकड़ा जाए। इसके साथ ही अब सीनियर रेजिडेंट भी आंदोलन में कूद गए हैं। सीनियर रेजिडेंट डॉक्टर्स संगठन के पदाधिकारी डॉक्टर सिद्धार्थ शर्मा ने बताया कि रोष पूरे चिकित्सा समुदाय में है। जब तक महिला रेजिडेंट को इंसाफ नहीं मिल जाता, तब तक चिकित्सा वर्ग इसका विरोध करता रहेगा. चिकित्सकों ने भी कार्य बहिष्कार कर दिया है। इस घटना के विरोध में अब इंडियन मेडिकल एसोसिएशन ने भी कार्य बहिष्कार का ऐलान कर दिया है। शनिवार को राजस्थान के प्राइवेट अस्पताल भी बंद रहेंगे।

## प्रदेश में तेज बारिश का दौर जारी
# राजधानी में फिर सड़कें लबालब, बीकानेर के सुरपुरा में बाढ़ के हालात

- भीलवाड़ा, टोंक और जैसलमेर में स्कूलों की छुट्टी
- जयपुर के चांदपोल में कमजोर मकान को नगर निगम ने गिराया
- रावतभाटा के जंगलों से 53 टूरिस्टों को रेस्क्यू कर बचाया

**बेधड़क | जयपुर**

प्रदेश में तेज बारिश का दौर फिलहाल थमता नजर नही आ रहा है। गुरुवार को दिन व रात की बारिश के बाद प्रदेश के कई जिलों में शुक्रवार को भी भारी बारिश हुई। राजधानी में शुक्रवार दोपहर व शाम को कई इलाकों में तेज बारिश हुई। इससे कई इलाकों में सड़क फिर दरिया बन गईं। मुख्य मार्गों पर वाहनों का लंबा जाम लग गया। वाहन चालकों को खासी परेशानी का सामना करना पड़ा। जयपुर के चांदपोल बाजार स्थित कल्याण जी का रास्ता में गुरुवार को हुई बारिश के बाद जर्जर मकान की दीवार गिर गई थी। इसके बाद नगर निगम ने मकान को खाली करवाया और शुक्रवार सुबह गिराया।

### बीसलपुर का गेज 313.05 आरएल मीटर

जयपुर शहर की लाइफलाइन कहे जाने वाले बीसलपुर बांध में पानी की लगातार आवक से खुशी बढ़ती जा रही है। जिस तरह बांध में आने वाले पानी की रफ्तार तेज हो रही है, ऐसे में इस माह के अंत से पहले तक भी बांध के भरने की उम्मीद अब जगने लगी है। इधर सिंचाई विभाग भी पूरी तरह से मुस्तैद हो चुका है। बांध में कुल भराव क्षमता 315.50 आएलएल मीटर है और शुक्रवार 8 बजे तक 313.05 आरएल मीटर तक पानी आ गया।



@ सुरपुरा, बीकानेर

### इन जिलों में भी हूई झमाझम बारिश

कई जिलों में शुक्रवार सुबह की शुरुआत भारी बारिश के साथ हुई, जिससे जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया। मौसम विभाग ने शनिवार को भी प्रदेश के कई जिलों में भारी बारिश की बड़ी चेतावनी जारी की है। कई जगह स्कूलों में अवकाश घोषित कर दिया गया है। भीलवाड़ा, टोंक और जैसलमेर में स्थानीय प्रशासन ने स्कूलों की छुट्टी की है। पाली के सोजत में नदी में एक कार बह गई। उधर, बीकानेर के सुरपुरा गांव में तीन फुट तक पानी भर गया। यहां बाढ़ के हालात हैं।

### पार्वती बांध के चार गेट खोले

धौलपुर में पार्वती बांध ओवरफ्लो हो गया। ऐसे में गुरुवार रात 4 गेट खोलकर पानी की निकासी की गई। वहीं, चित्तौड़गढ़ के रावतभाटा में गुरुवार देर रात पाड़ाझर जंगल में फंसे 53 टूरिस्टों का शुक्रवार सुबह रेस्क्यू किया गया। करीब 15 घंटे फंसे रहे पर्यटकों को बचाने के लिए एसडीआरएफ ने डेढ़ घंटे का ऑपरेशन चलाया। सभी टूरिस्ट चित्तौड़ और कोटा के हैं। नागौर, बीकानेर में बारिश के कारण दो मकान गिर गए। बारां जिले में पिछले 36 घंटे से रुक-रुककर बारिश हो रही है। वहां इस दौरान करीब 14 इंच बारिश दर्ज की गई है। भारी बरसात से जिले में कई नदी नालों में उफान आने से कई गांवों का संपर्क एक दूसरे से कट गया है।

## जरूरी खबर

### मंत्री शेखावत ने मीणा को अर्पित की श्रद्धांजलि



**जयपुर।** केंद्रीय कला संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत शुक्रवार को मेवाड़ दौरे पर रहे। वे सलूंबर के दिवंगत विधायक अमृतलाल मीणा के गांव लालपुरिया शोक व्यक्त करने पहुंचे और परिजनों को ढाढ़स बंधाया। वहां पहुंचकर उन्होंने मीणा को श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके बाद केंद्रीय मंत्री होटल व्यवसासियों से मिले और उदयपुर में पर्यटन विकास पर चर्चा की। दिवंगत विधायक मीणा को श्रद्धांजलि देते हुए शेखावत कहा कि मीणा का आकस्मिक निधन प्रदेश भर के लिए अपूर्णयीय क्षति है।

### समस्या समाधान में लापरवाही बर्दाश्त नहीं

**जयपुर।** संसदीय कार्य, विधि एवं न्याय मंत्री जोगाराम पटेल ने कहा कि अधिकारी जनहित में ईमानदारी से अपने कार्यों का निर्वहन करें। साथ ही, अपने कर्तव्यों का पालन करते हुए आमजन के हित में कार्य करें। संसदीय कार्य एवं न्याय मंत्री पटेल ने शुक्रवार को जोधपुर के सर्किट हाउस में जनसुनवाई की एवं जनसुनाई में आए एक-एक फरियादियों की समस्याओं को ध्यान पूर्वक सुना और संबंधित अधिकारियों को त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को हिदायत दी कि जन समस्याओं के निराकरण में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी अन्यथा संबंधित विभागीय अधिकारी के विरुद्ध सख्त से सख्त कार्यवाही की जाएगी।

### आश्रितों को एक एक लाख की आर्थिक सहायता



**जयपुर।** उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने शुक्रवार को शासन सचिवालय में जयपुर जिले में एक अगस्त को अतिवृष्टि से विश्वकर्मा ओद्यौगिक क्षेत्र में रोड नंबर 17 के मकान नंबर 94-95, ध्वज नगर, वार्ड नंबर 05 के बेसमेन्ट में पानी भरने से तीन व्यक्तियों की मृत्यु के प्रकरण में मृतक आश्रितों को स्वीकृत सहायता राशि एक-एक लाख रुपए के चेक देकर राज्य सरकार की ओर से आर्थिक सहायता प्रदान की। दिया कुमारी ने अमृता, अशोक सैनी, कतवारू सैनी के एक-एक लाख रुपए के आर्थिक सहायता के चेक प्रदान किए। उल्लेखनीय है कि विद्याधर नगर विधानसभा क्षेत्र के विश्वकर्मा ओद्योगिक क्षेत्र में रोड नंबर 17 के मकान के बेसमेंट में पानी भरने से तीन लोगों की मौत हो गई थी।

---

**मेवाड़ के दौरे पर प्रदेश की पूर्व सीएम... संत आचार्य पुलक सागर जी महाराज के ज्ञान गंगा महोत्सव में हुईं शामिल**

# किसी का दिल तोड़ना भी हिंसा से कम नहीं: वसुंधरा राजे

**बेधड़क** | जयपुर

प्रदेश की पूर्व सीएम वसुंधरा राजे इन दिनों मेवाड़ के दौरे पर हैं। उनके इस दौरे को लेकर सियासी गलियारों में चर्चाओं का बाजार एकदम से गर्म हो गया है, शुक्रवार को वसुंधरा राजे भगवान ऋषभदेव के दर्शन के लिए पहुंची।

यहां ऋषभदेव मंदिर में जैन संत आचार्य पुलक सागर जी महाराज के ज्ञान गंगा महोत्सव में शामिल हुईं। इस दौरान वसुंधरा राजे ने बड़ा बयान दे दिया। राजे ने कहा कि जैन धर्म का मूल सिद्धांत हिंसा रहित जीवनशैली है, लेकिन हिंसा की परिभाषा सिर्फ हथियार से वार या फिर किसी



को मारना-पीटना नहीं है। उन्होंने कहा कि किसी का दिल दुखाना या फिर दिल तोड़ना और आत्मा को सताना भी एक तरह की हिंसा है। पूर्व सीएम ने कहा कि सियासत में सबसे बड़ी धन दौलत जनता का प्यार है, जो उन्हें निरंतर मिलता रहा है। पूर्व सीएम ने कहा कि जैन धर्म का सिद्धांत जीओ और जीने दो है, लेकिन कई लोगों ने इसे उलट दिया है। जीओ और जीने मत दो यानी खुद तो जीओ, लेकिन दूसरों को जीने मत दो।

ऐसा करने वाले भले ही थोड़े समय खुश हो सकते हैं, लेकिन वे हमेशा सुखी नहीं रह सकते। ऐसा इसलिए क्योंकि आप जैसा बोओगे, वैसा ही काटोगे भी।

### राजे बोलीं- चूर-चूर हो जाए घमंड

वसुंधरा राजे ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सोच को आगे बढ़ाते हुए सभी लोग भारत के विकास में अपना योगदान दें। उन्होंने दो पंक्तियां सुनाई, 'काश ऐसी बारिश आए, जिसमें अहम डूब जाए। मतभेद के किले ढह जाएं। घमंड चूर-चूर हो जाए। गुस्से के पहाड़ पिघल जाए। नफरत हमेशा के लिए दफन हो जाए और सब के सब मैं से हम हो जाएं।'



### दिवंगत विधायक को अर्पित की पुष्पांजलि

इससे पहले वसुंधरा राजे सेमारी के लालपुरिया गांव पहुंचीं। वहां उन्होंने दिवंगत विधायक अमृत लाल मीणा की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित की। पूर्व सीएम ने परिवारजनों से मुलाकात की और ढाढ़स बंधाया। इस दौरान राजे के साथ पूर्व मंत्री व विधायक कालीचरण सराफ, अजय सिंह किलक, भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अशोक परनामी, विधायक भैराराम सियोल, विधायक तारा चंद जैन, महिला आयोग की पूर्व अध्यक्ष सुमन शर्मा, पूर्व विधायक अमृता मेघवाल, नाना राम अहारी, उदयपुर भाजपा जिला अध्यक्ष चंद्रगुप्त सिंह और भाजपा के वरिष्ठ नेता सुंदर सिंह भानावत मौजूद रहे।

---

**भाजपा अध्यक्ष ने किया सिविल लाइंस कार्यालय का उद्घाटन**

# विधायकों को जन सेवा के लिए समर्पित रहने की जरूरत: राठौड़

**बेधड़क । जयपुर**

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने शुक्रवार को चंबल पावर हाउस रोड पर सिविल लाइंस विधानसभा क्षेत्र के भाजपा कार्यालय का उद्घाटन किया। इस अवसर पर मदन राठौड़ ने कहा कि सिविल लाइंस विधानसभा क्षेत्र के लाडले विधायक गोपाल शर्मा को मैं तो सरस्वती पुत्र समझता था। दुर्गा की शक्ति भी इनके अंतःकरण में विद्यमान है।

उद्घाटन समारोह में शामिल लोगों के मन में भी आपके प्रति बहुत विश्वास है कि यह हमारी सेवा करेंगे। गोपाल शर्मा ने विधायक को दायित्व प्राप्त किया, वह सबके आशीर्वाद से निभाएंगे। इन्होंने जनसुनवाई के लिए इस सेवा भवन कार्यालय यहां पर उद्घाटन किया है। मैं सोचता हूं कि यह एक अनुकरणीय कार्य किया है। सभी विधायकों को जन सेवा के लिए समर्पित रहने की जरूरत है। जनता आपसे बहुत उम्मीद रख करके बैठी है। जनता यह मानती है कि हमारा जनसेवक हमारी समस्याओं को दूर करने का काम करेगा। गोपाल शर्मा निश्चित रूप से सभी अपेक्षाओं को पूरा करने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। इससे पहले सिविल लाइंस विधान सभा क्षेत्र के विधायक गोपाल शर्मा ने साफा पहनाकर और तलवार भेंट कर अभिनंदन किया।



**मीरा महोत्सव में शामिल हुई डिप्टी सीएम**

## टूरिज्म कैलेंडर में शामिल होगा मीरा महोत्सव: दिया



**जयपुर।** उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने बताया कि मेड़ता का मीरा महोत्सव शीघ्र ही राज्य कैलेंडर में शामिल होगा। उन्होंने बताया कि इसके लिए पर्यटन विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया गया है। मेड़ता सिटी में सवा पांच सौ साल से उपखंड स्तर पर मीरा महोत्सव मनाया जाता है। उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी इस बार उपखंड स्तर पर मनाए जा रहे मीरा महोत्सव 2024 में शामिल होने के लिए मेड़ता पहुंची थीं जहां पर उन्होंने ने यह घोषणा की। उल्लेखनीय है कि क्षेत्र वासियों की ओर से मीरा महोत्सव को पर्यटन विभाग के कैलेंडर में शामिल किए जाने की मांग निरंतर हो रही थी, जिसे उप मुख्यमंत्री ने पूरा किया है। उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने कहा कि मीरा महोत्सव को और अधिक बढ़ावा देने के लिए प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने मीरा स्मारक का अवलोकन कर वहां पर्यटन विकास की संभावनाओं को भी देखा। उन्होंने कहा कि मीराबाई ने बाल्यकाल से ही भक्ति का मार्ग चुना। हम सौभाग्यशाली है कि मां मीरा जैसी कृष्ण भक्त का राजस्थान में जन्म हुआ। इस सांस्कृतिक विरासत को आज की पीढ़ी भूलती जा रही है। इसको जिंदा रखने व इतिहास बताने का काम किया जाएगा।

**भाजपा कार्यालय में पुष्पांजलि सभा**

## वाजपेयी की पुण्यतिथि पर किया नमन



जयपुर। भाजपा प्रदेश कार्यालय में पूर्व प्रधानमंत्री और भारत रत्न श्रद्धेय स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की पुण्यतिथि पर भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं द्वारा पुष्प अर्पित कर श्रद्धाजंलि अर्पित की गई। भाजपा प्रदेश मंत्री पिंकेश पोरवाल ने कहा कि भारत रत्न श्रद्धेय अटल जी जन जन के नेता और सुशासन के आदर्श प्रतिमान के रूप में हम सभी के लिए प्रेरणास्रोत है। राजनीति को लोकतांत्रिक मूल्यों से सुवासित करने वाले श्रद्धेय अटल जी भारतीय राजनीति के राजर्षि और अजातशत्रु थे। राष्ट्र प्रथम की भावना से प्रदीप्त उनका संपूर्ण जीवन सभी जन-प्रतिनिधियों के साथ आमजन के लिए एक मार्गदर्शिका है। उनकी स्मृतियां हम सभी के हृदय में सदैव जीवंत रहेंगी। अटल बिहारी वाजपेयी की पुण्यतिथि पर उनके चित्र पर जयपुर शहर सांसद मंजू शर्मा, पूर्व सांसद रामचरण बोहरा, भाजपा प्रदेश मंत्री पिंकेश पोरवाल, भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता गौरव भाटिया, प्रदेश मीडिया संयोजक प्रमोद वशिष्ठ, प्रदेश कार्यालय प्रभारी मुकेश पारीक, प्रदेश प्रवक्ता नरेंद्र कटारा, भाजपा प्रबुद्धजन प्रकोष्ठ के संयोजक राजेंद्र सिंह शेखावत सहित भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया।

---

**प्रदेश में बड़ा प्रशासनिक फेरबदल**

## 17 आरएएस अफसर हुए इधर-उधर

**बेधड़क** | जयपुर

विधानसभा सत्र खत्म होने के साथ ही ब्यूरोक्रेसी में बड़ा बदलाव हुआ है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देश के बाद कार्मिक विभाग ने प्रशासनिक बड़े में बदलाव किया है। शुक्रवार को कार्मिक विभाग ने आदेश जारी कर 17 आरएएस अधिकारियों के तबादले किए हैं। सभी अधिकारियों को तत्काल प्रभाव से ज्वाइन करने के निर्देश दिए गए हैं।

आरएएस रामरतन सौकरिया को अतिरिक्त जिला कलेक्टर जिला मजिस्ट्रेट मालपुरा टोंक, अम्बा लाल मीणा को उपसचिव राज्य निर्वाचन आयोग जयपुर, अजय कुमार आर्य को अतिरिक्त जिला कलेक्टर जिला मजिस्ट्रेट झुंझुनूं, त्रिलोचन मीणा को उपनिदेशक महिला में बाल विकास विभाग करौली, शिवपाल जाट को मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद कम अतिरिक्त जिला कार्यक्रम संबंधित ईजीएस एवं पदेन मुख्य परियोजना अधिकारी मंडा झुंझुनूं, दिनेश चंद धाकड़ को अतिरिक्त जिला कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट डूंगरपुर, कुलराज मीणा को उपनिबंधक राजस्व मंडल अजमेर, मनोज कुमार मीणा को उपखंड अधिकारी देवली टोंक और दुर्गा प्रसाद मीणा को उपखंड अधिकारी नांगल दौसा लगाया गया है।

इसी तरह हवाई सिंह यादव को उपखंड अधिकारी झुंझुनूं, मूलचंद लूनिया को उपखंड अधिकारी दौसा, सुमन सोनल को सहायक कलेक्टर झुंझुनूं, राकेश कुमार न्योल को उपखंड अधिकारी दरियाबाद प्रतापगढ़, शत्रुघ्न सिंह गुर्जर को उपखंड अधिकारी उनियारा टोंक, मनीष कुमार जाटव को उपखंड अधिकारी किशनगढ़ बास खैरथल-तिजारा, प्रवीण कुमार मीणा को उपखंड अधिकारी चिकली डूंगरपुर और कपिल कुमार कोठारी को उपखंड अधिकारी सिमल वाड़ा डूंगरपुर लगाया गया है।

**छत्तीसगढ़ एसीबी का एक्शन**

## घोटाले के आरोपी IAS के ससुराल पर एसीबी रेड

**बेधड़क** | जयपुर

अनूपगढ़ जिले में शुक्रवार सुबह छत्तीसगढ़ एंटी करप्शन ब्यूरो की बड़ी कार्रवाई हुई। इस दौरान छत्तीसगढ़ में बहु चर्चित कोयला घोटाले के आरोपी आईएएस अधिकारी समीर बिश्नोई के ससुराल पर एंटी करप्शन ब्यूरो ने रेड डाली। ब्यूरो ने बिश्नोई के साले के घर पर डाली अचानक रेड से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। इस दौरान कार्रवाई स्थल के आसपास लोगों की आवाही पर पूरी तरह रोक लगा दी गई।

फिलहाल एसीबी की टीम बिश्नोई के ससुराल पर कार्रवाई करने और पूछताछ करने में जुटी हुई है। छत्तीसगढ़ में बहु चर्चित कोयला खदान घोटाला हुआ। इस मामले में वहां के आईएएस अधिकारी समीर बिश्नोई इस मामले में आरोपी हैं, जो फिलहाल जेल में बंद है। बीते दिनों समीर बिश्नोई के यहां कार्रवाई कर करोड़ों रुपए का सोना, 47 लाख रुपए की नकदी और जेवर बरामद किए थे। जानकारी के अनुसार बिश्नोई एक साला गौरव गोदारा अनूपगढ़ में रहता है। बिश्नोई के रिश्तेदार होने के कनेक्शन जोड़ते हुए शुक्रवार सुबह छत्तीसगढ़ एसीबी ने गौरव गोदारा के घर पर रेड मारी। बताया जा रहा है कि इस कार्रवाई में छत्तीसगढ़ एसीबी के कई सीनियर अधिकारी भी मौजूद है।

### कौन हैं आईएएस समीर बिश्नोई ?

छत्तीसगढ़ के आईएएस अधिकारी समीर बिश्नोई मूल रूप से उत्तर प्रदेश के निवासी हैं, जो 2009 बैच के छत्तीसगढ़ कैडर के अधिकारी है। समीर आईआईटी से सिविल इंजीनियरिंग की डिग्री के बाद आईएएस अधिकारी बने। इस दौरान उनकी पहली पोस्टिंग बस्तर संभाग के कोंडागांव जिले में हुई।

---

**BJP के राष्ट्रीय प्रवक्ता की प्रेस कांन्फ्रेंस**

# कोलकाता कांड पर बोले भाटिया...बंगाल में ममता नहीं, 'निर्ममता' बनर्जी

**बेधड़क** | जयपुर

पश्चिम बंगाल में डॉक्टर से दुष्कर्म के मामले में देशभर के डॉक्टर आंदोलन कर रहे हैं, वहीं दूसरी ओर भाजपा देशभर में लोगों को मामले की जानकारी देने मैदान में उतरी है।

भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता गौरव भाटिया ने जयपुर में प्रेस कांन्फ्रेंस कर इस मुद्दे पर पश्चिम बंगाल की सरकार को जमकर आड़े हाथ लिया। भाटिया ने कहा कि बंगाल में ममता नहीं, निर्ममता बनर्जी शासन कर रही है। कोर्ट की टिप्पणी के बाद मुख्यमंत्री ममता



बनर्जी से इस्तीफे की मांग की। राष्ट्रीय प्रवक्ता गौरव भाटिया ने कहा कि जिस तरह से बंगाल में टीएमसी के कार्यकर्ताओं ने जो किया उसके बाद उन्हें केवल ममता कहना ठीक नहीं होगा, उन्हें निर्ममता बनर्जी कहना ही सही होगा। भाटिया ने आरोप लगाया कि मेडिकल कॉलेज में जो कुछ हुआ और वो कोई साधारण नहीं था। यह टीएमसी के गुंडों से कराया जाता है, ताकि सबूत नष्ट हो जाए। भीड़ मंच को तोड़ देती है। वहां बहनों को डराया जा रहा है। डराना उनका मकसद है। गुंडा राज ने अभिव्यक्ति और संविधान का गला घोट दिया गया है। भाटिया ने कहा कि इस घटना में दाल में कुछ काला नहीं है, बल्कि दाल ही पूरी तरीके से काली है और इस दाल को मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बनाई थी। आज पश्चिम बंगाल में बेटियां अपने आप को सुरक्षित महसूस नहीं कर रही है और दहशत के माहौल में जीने को मजबूर हो गई है। ऐसी मुख्यमंत्री को तत्काल प्रभाव से अपने पद से इस्तीफा दे देना चाहिए।

### इंडिया गठबंधन के लोग राजनीतिक गिद्ध

भाटिया ने कहा कि राहुल गांधी और अखिलेश यादव संविधान लेकर घूमते हैं, लेकिन उसको फॉलो नहीं करते। ममता बनर्जी की ओर से जहां संविधान की आत्मा को नष्ट किया जा रहा है, वहां इंडिया एलायंस क्या कर रहा है ? राहुल गांधी, सोनिया गांधी इस पूरे मामले पर चुप है। वह प्रियंका गांधी कहां गई जो कहती थी बेटी हूं, लड़ सकती हूं, लेकिन आज जब बेटियां के साथ अन्याय हो रहा है तो वह चुप क्यों है? भाटिया ने कहा कि इंडिया गठबंधन के लोग राजनीतिक गिद्ध है। बेटियों के ऊपर भी राजनीति कर रहे हैं। आज जो हालात पश्चिम बंगाल बने उसे पर इन सब की स्थिति यह सब बताती है कि इन्हें सिर्फ राजनीतिक लाभ से मतलब है।

### खुले आम घूम रहे आरोपी

भाटिया ने कहा कि अभी कुछ क्षण पहले कोलकाता हाई कोर्ट ने लताड़ा फटकारा और ममता बनर्जी को आइना दिखाया, यह करारा थप्पड़ है। उस मुख्यमंत्री पर जो नहीं समझ पा रही कि उसकी जिम्मेदारी क्या बनती है कि जब अपराध हुआ हो कोलकाता हाई कोर्ट ने कहा कि यह फेलियर ऑफ स्टेट मशीनरी है. भाटिया ने कहा कि इस मामले में सरकार ने देरी की, क्योंकि वह सबूतों को मिटाना चाहती थी। अरेस्ट केवल एक व्यक्ति हुआ है, जबकि परिवार कह रहा है कि गैंग रेप हुआ है। अगर गैंगरेप हुआ है तो गिरफ्तारी एक से ज्यादा होगी। यह केवल दिखावे के लिए हुई है।. पोस्टमार्टम रिपोर्ट में 150 एमएम सीमन पार्थिव देह से मिला है। इसका मतलब है कि यह गैंगरेप है। इसकी विवेचना होनी चाहिए, क्योंकि कई लोग इसके आरोपी है और वह खुले में घूम रहे हैं।

### कोर्ट ने बताया ब्रेकडाउन ऑफ मशीनरी

भाटिया ने कहा कि हमारी बहनें असुरक्षित हैं। ममता बनर्जी से सत्ता नहीं संभाल रही है। समय आ गया है कि अब वह अपने पद से इस्तीफा दे। पश्चिम बंगाल में राष्ट्रपति शासन को लेकर उन्होंने कहा कि इस पर कुछ भी कहना उनके अधिकार क्षेत्र से बाहर का मामला है, लेकिन यह सही है कि वहां पर सरकार पूरी तरीके से सुरक्षित माहौल देने में फेल हो चुकी है। कोर्ट का यह कहना कि ब्रेकडाउन ऑफ मशीनरी यही अपने आप में बड़ी बात है।

## जरूरी खबर

### IRCTC कराएगी 7 ज्योतिर्लिंग के दर्शन



**जयपुर।** इंडियन रेलवे कैटरिंग एंड टूरिज्म कॉरपोरेशन की ओर से सितंबर में भारत गौरव टूरिस्ट ट्रेन चलाने का फैसला किया गया है जो सात ज्योतिर्लिंग के दर्शन करवाएगी। इसे सप्त ज्योतिर्लिंग दर्शन ट्रेन नाम दिया गया है। यह ट्रेन 10 सितंबर को श्रीगंगानगर से रवाना होगी। ये ट्रेन हनुमानगढ़, सादुलपुर, चूरू, सीकर, रिंगस, जयपुर और अजमेर से होकर गुजरेगी। यात्रा की अवधि 11 दिन की होगी। इसमें नागेश्वर (द्वारिका, गुजरात), सोमनाथ (गुजरात), त्रयम्बकेश्वर (नासिक), भीमाशंकर (महाराष्ट्र), घृष्णेश्वर (छत्रपती संभाजीनगर, महाराष्ट्र), महाकालेश्वर (उज्जैन, एमपी) और ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग (खंडवा, एमपी) के दर्शन कर सकेंगे। साथ ही भेंट द्वारका और द्वारिकाधीश मंदिर देख सकेंगे।

### बारिश में 32 घंटे स्कूल में फंसे रहे स्टूडेंट-टीचर

**जयपुर।** तेज बारिश के चलते मासी नदी में अचानक पानी बढ़ने से 42 स्टूडेंट और 8 टीचर 32 घंटे तक स्कूल में फंसे रहे। शुक्रवार को शाम करीब 4 बजे सभी को रेस्क्यू कर लिया गया। मामला दूदू जिले के फागी स्थित महात्मा गांधी गवर्नमेंट स्कूल का है। स्कूल में फंसे बच्चों स्टूडेंट और टीचर ने वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर शेयर किया, लेकिन रात को उनको रेस्क्यू नहीं किया जा सका। गर्मी, उमस और अंधेरे में परेशान होने के साथ ही छात्र भूख से बेहाल हो गए। ग्रामीणों ने छात्रों के लिए खाने की कुछ चीजें पहुंचाई। कई बच्चों को दर्द और बुखार हुआ, ऐसे में आसपास के घरों में से टैबलेट लाकर दी गई। कुछ बच्चों ने खाना खाकर स्कूल में ही रात बिताई तो कुछ बच्चों के लिए आसपास के घरों में सोने की व्यवस्था की गई थी।

सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अख़बार
आपके दिल की बात अब आपके अखबार के माध्यम से...
अख़बार में प्रकाशन के लिए खबर, विज्ञप्ति, कार्यक्रम की सूचना आलेख एवं अपनी मौलिक रचनाएं
news@sachbedhadak.com
पर E- Mail करें।

**स्वतंत्रता दिवस पर** SMS स्टेडियम में राज्य स्तरीय समारोह में मुख्यमंत्री ने किया ध्वजारोहण

# सिंगल विंडो पर सेम डे मिलेंगी विभिन्न विभागों की 25 सेवाएं: शर्मा

### उल्लेखनीय सेवाओं के लिए 11 अधिकारी-कर्मचारी सम्मानित

## लोक कलाकारों और स्कूली बच्चों ने दी मनमोहक प्रस्तुतियां



**बेधड़क** | जयपुर

मुख्यमंत्री शर्मा ने 78वें स्वतंत्रता दिवस पर सवाई मानसिंह स्टेडियम में आयोजित राज्यस्तरीय समारोह में ध्वजारोहण कर परेड का निरीक्षण किया। उन्होंने इस अवसर पर देश के लिए सर्वोच्च बलिदान देने वाले शहीदों को नमन किया और आजादी के लिए सर्वस्व समर्पण करने वाले स्वतंत्रता सेनानियों को याद किया।

इस अवसर पर उन्होंने प्रदेशवासियों को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार समाज में अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति को पहला व्यक्ति मानकर उनके कल्याण के लिए कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि सिंगल विंडो-सेम डे डिलीवरी सिस्टम प्रारम्भ किया जा रहा है जिसके तहत विभिन्न विभागों की 25 सेवाएं 24 घंटों में प्रदान की जाएगी।

### 60 हजार करोड़ खर्च किए जाएंगे सड़कों पर

शर्मा ने सरकार की उपलब्धियों एवं कार्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सरकार प्रदेश में सड़कों का मजबूत नेटवर्क विकसित करने जा रही है। इसके लिए आगामी पांच वर्षों में 60 हजार करोड़ रूपए खर्च कर 53 हजार किलोमीटर लम्बाई का सड़क तंत्र विकसित किया जाएगा। जल जीवन मिशन में लगभग 20 हजार 370 करोड़ रुपये की लागत से 6 वृहद पेयजल परियोजनाओं पर कार्य किया जाएगा। ऊर्जा क्षेत्र में प्रदेश को आत्मनिर्भर बनाने के लिए विभिन्न पीएसयू के साथ 2 लाख 24 हजार करोड़ रुपये के एमओयू किए गए हैं।



### मनोहारी लोक प्रस्तुतियों ने लुभाया

समारोह में राजस्थान के अलावा मणिपुर और गुजरात से आए 150 से अधिक लोक कलाकारों ने मनोहारी लोक प्रस्तुतियां और प्रदेश भर से आए 1200 स्कूली छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति परक गीतों की धुन पर सामूहिक नृत्य की प्रस्तुतियां दी। इस अवसर पर आर्मी बैण्ड, सेंट्रल पुलिस बैण्ड और एमजीडी स्कूल बैंड की ओर से आकर्षक बैण्डवादन की प्रस्तुति दी गई। भव्य समारोह का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ। इस अवसर पर राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी, मुख्य सचिव सुधांश पंत, पुलिस महानिदेशक यू आर साहू सहित स्वतंत्रता सेनानी, विधायकगण, अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी सहित गणमान्यजन उपस्थित रहे।





### राष्ट्रपति पुलिस पदक से किया सम्मानित

समारोह में मुख्यमंत्री ने एडीजी ,सिविल राइट्स स्मिता श्रीवास्तव एवं एडीजी, भर्ती एवं पदोन्नति बोर्ड बिनीता ठाकुर को राष्ट्रपति पुलिस पदक से सम्मानित किया। साथ ही, जिला कलक्टर जोधपुर गौरव अग्रवाल, संयुक्त शासन सचिव वित्त (बजट) श्रीकृष्ण शर्मा, मेडिकल कॉलेज जयपुर की आचार्य डॉ. आराधना सिंह, पशुपालन विभाग के संयुक्त निदेशक डॉ. तपेश माथुर, संयुक्त परियोजना समन्वयक-तृतीय आईसीडीएस डॉ. मंजू यादव, अतिरिक्त सीईओ बालोतरा भुवनेश्वर सिंह चौहान, सहायक लेखाधिकारी-प्रथम वित्त (नियम) श्री सतीश बंसल, निजी सहायक राजस्व विभाग दीपेन्द्र पाल माकन, सहायक अनुभागाधिकारी कार्मिक विभाग गजे सिंह चारण को योग्यता प्रमाण-पत्र प्रदान किया गया।

**महिला डॉक्टर से रेप-मर्डर के विरोध में रेजिडेंट डॉक्टर हड़ताल पर**

# OPD-IPD बंद, केवल इमरजेंसी इलाज

**बेधड़क** | जयपुर

कोलकाता में महिला डॉक्टर से रेप-मर्डर के विरोध में जयपुर एसोसिएशन ऑफ रेजिडेंट डॉक्टर्स (जार्ड) के आह्वान पर शुक्रवार को सवाई मानसिंह हॉस्पिटल (SMS), जयपुरिया हॉस्पिटल, बनीपार्क स्थित डेंटल कॉलेज हॉस्पिटल समेत तमाम हॉस्पिटलों में ओपीडी का बहिष्कार करते हुए डॉक्टर्स ने नारेबाजी कर प्रदर्शन किया। जयपुर के साथ अजमेर, बीकानेर, जोधपुर और उदयपुर में भी कार्य बहिष्कार किया गया।

सभी डॉक्टर्स सुबह एसएमएस धंवनतरी ओपीडी में एकजुट हुए। यहां मैन पोर्च में आकर धरना देते हुए विरोध प्रदर्शन किया। यहां डॉक्टरों ने कोलकाता पीड़ित डॉक्टर को न्याय दिलाने की मांग करने के साथ ही सरकार से रेजिडेंट डॉक्टर्स की सुरक्षा के लिए सख्त कानून बनाने की मांग की। इस दौरान 250 से ज्यादा रेंजिडेंट डॉक्टरों ने आज अपना काम बंद रखा।

**कहां कितने रेजिडेंट हड़ताल पर**

| जयपुर | बीकानेर | जोधपुर | अजमेर | कोटा |
|---|---|---|---|---|
| 250 | 500 | 500 | 648 | 300 |



### इमरजेंसी में भी हालात खराब

ओपीडी सेवाएं प्रभावित होने का असर इमरजेंसी सेवाओं पर देखने को मिल रहा है। यहां मरीजों की भीड़ बढ़ गई। एसएमएस हॉस्पिटल की इमरजेंसी में डॉक्टरों की संख्या कम होने और मरीजों की संख्या अचानक बढ़ने का असर यहां की सर्विस पर देखने को मिला।

### जयपुरिया में सीनियर डॉक्टर्स ने किया उपचार

जयपुरिया हॉस्पिटल में भी करीब 70 से ज्यादा रेजिडेंट्स डॉक्टर्स के ओपीडी बहिष्कार का असर देखने को मिला। यहां सीनियर डॉक्टर्स ने ओपीडी में मरीजों का उपचार कर उन्हें दवाइयां दी। हड़ताल का असर इन हॉस्पिटल की ओपीडी सेवाओं के साथ आईपीडी सेवाओं पर भी पड़ा। एसएमएस हॉस्पिटल में ही जहां रोजाना 200 से ज्यादा ऑपरेशन होते हैं। 50 फीसदी ही रह गए। वहीं, प्रमुख जांचें जिनमें रेजिडेंट की भूमिका रहती है। वहां भी काम प्रभावित रहा।

**छात्र संघ चुनाव की मांग को लेकर ABVP ने किया प्रदर्शन**

# नहीं जागे तो घेरेंगे CM आवास

**बेधड़क** | जयपुर





छात्रसंघ चुनाव की तारीखों का ऐलान करने की मांग को लेकर शुक्रवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) के कार्यकर्ताओं ने राजस्थान यूनिवर्सिटी कैंपस में रैली निकालकर विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने चेतावनी दी कि उनकी मांगों पर सरकार नहीं जागी तो मुख्यमंत्री और उप मुख्यमंत्री के निवास का घेराव करेंगे। प्रदर्शन के दाक्रान कारी छात्र जेएलएन मार्ग पर पहुंचे तो पुलिस ने उन्हें बैरिकेडिंग कर रोक दिया। यहां पर कार्यकर्ताओं और पुलिस के बीच खींचतान चलती रही।

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के रोहित मीणा ने कहा- राजस्थान सरकार युवाओं की आवाज को दबाने की कोशिश कर रही है। हम शांतिप्रिय तरीके से विरोध प्रदर्शन कर सरकार से चुनाव की तारीख ऐलान करने की मांग कर रहे हैं। इसके बाद भी अगर सरकार ने हमारी मांग को जल्द से जल्द पूरा नहीं किया। प्रदेशभर में उग्र आंदोलन किया जाएगा। रोहित मीणा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के नेताओं ने आम छात्रों के साथ वादा खिलाफी की है। इसके खिलाफ अब अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद घेराव करेगी।

सरकार नहीं जागी तो हम मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और उप मुख्यमंत्री डॉक्टर प्रेमचंद बैरवा के आवास का भी घेराव करेंगे। भाजपा नेताओं ने चुनाव से पहले छात्र संघ चुनाव कराने का वादा किया था। अब जब राजस्थान में बीजेपी की सरकार सत्ता में आ गई है। भाजपा नेता ही अपने वादे को भूल गए हैं। इकाई मंत्री मनु दाधीच ने कहा कि पुलिस प्रशासन द्वारा हमारी आवाज को दबाने की कोशिश की जा रही है। मनु ने कहा कि अब तक हम सरकार के आदेश का इंतजार कर रहे थे, लेकिन सरकार ने चुनाव को लेकर किसी तरह का नोटिफिकेशन जारी नहीं किया है जो युवाओं की आवाज को दबाने का तरीका है। यह किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

**बीजेपी-कांग्रेस पार्षदों ने खोला मोर्चा**

# अधिकारी कर रहे मनमर्जी, कोई मॉनिटरिंग नहीं!

**बेधड़क** | जयपुर

नगर निगम हेरिटेज में संचालन समितियों का गठन नहीं होने से नाराज बीजेपी और कांग्रेसी पार्षदों ने मोर्चा खोल दिया है। दोनों दलों के पार्षदों ने नगर निगम मेयर और अधिकारियों की कार्यशैली पर सवाल खड़े करते हुए जल्द समितियों के गठन की मांग की है।

भाजपा पार्षद विमल अग्रवाल ने कहा कि समितियों का गठन नहीं होने से जनता को भारी परेशानी हो रही है। अधिकारी मनमर्जी से काम कर रहे हैं। उनकी मॉनिटरिंग करने वाला तक कोई नहीं है। बीते दिनों में भी हम भाजपा प्रदेश अध्यक्ष से मिले थे। हमें उम्मीद है कि जल्द ही नगर निगम हेरिटेज के हालत में सुधार आएगा।




### पार्षदों की भी नहीं हो रही सुनवाई

कांग्रेस के पार्षद दशरथ सिंह शेखावत ने कहा कि सफाई से लेकर रोजमर्रा के काम के लिए जनता को निगम में दर-डर की ठोकर खानी पड़ रही है। तानाशाह मेयर के राज में जनता की तो क्या पार्षदों तक की सुनवाई नहीं हो रही है, लेकिन सरकार ने आंख बंद कर रखी है। इसका खामियाजा आने वाले वक्त में सरकार को उठाना पड़ेगा। शेखावत ने कहा कि जब तक नगर निगम हेरिटेज में समितियों का गठन नहीं होगा। तब तक जनता को अपने रोजमर्रा के काम में रहता नहीं मिल पाएगी, क्योंकि नगर निगम में अधिकारियों ने फिलहाल लूट की दुकान खोल रखी है। जहां हर काम के लिए फिक्स रेट देनी पड़ती है। अधिकारियों की कोई भी मॉनिटरिंग करने वाला नहीं है। समितियों का गठन होगा तो न सिर्फ अधिकारियों की मॉनिटरिंग होगी। बल्कि, आम जनता भी अपनी पीड़ा और समस्या सीधे जनप्रतिनिधि तक पहुंचा उसका समाधान कर सकेगी।

### टीचर की तरह निगम में समितियां जरूरी

भाजपा पार्षद कुसुम यादव ने कहा कि जिस तरह स्कूल में स्टूडेंट्स को पढ़ाने के लिए टीचर की जरूरत होती है। इसी तरह नगर निगम के सही संचालन के लिए समितियों का गठन होना बेहद जरूरी है। पिछले लंबे वक्त से नगर निगम में समितियों का गठन नहीं होने से शहर के विकास से लेकर आम जनता की समस्याओं की कही कोई सुनवाई तक नहीं हो रही है। मेयर मनमर्जी कर जमकर भ्रष्टाचार कर जनता को गाढ़ी कमाई को लूट रही है। कांग्रेस सरकार के वक्त भी हमने संचालन समितियों के गठन की मांग की थी, ताकि शहर का चौमुखी विकास हो सके। आम जनता की समस्याओं की सुनवाई हो सके।

**खाद्य विभाग की कार्रवाई**

# कूड़े करकट में तैयार की जा रही थी खाद्य सामग्री

**जयपुर।** 'जिन पीपों में सामान रखा गया था उन पर आधा-आधा इंच मेल की परत जमी हुई थी। जंग लगी हुई थी। बदबू और गंदगी से वहां खड़ा रहना भी दूभर था। एक तरफ तो कूड़े करकट में खाद्य सामग्री तैयार की जा रही थी।



यह हालत देखने को मिली गोपी स्वीट्स दुर्गापुरा में, जब खाद्य विभाग की टीम ने 'शुद्ध आहार मिलावट पर वार' के तहत शुक्रवार को आयुक्त इकबाल खान के निर्देशन और पंकज ओझा अतिरिक्त आयुक्त खाद्य सुरक्षा के नेतृत्व में छापा मारा।

प्रतिष्ठान में ही मिठाई की दुकान के कर्मचारी नहा रहे थे, कपड़े धो रहे थे। खाद्य लाइसेंस की शर्तों की अवहेलना की जा रही थी। इस पर खाद्य विभाग की टीम ने सैंपल लिए और नोटिस देकर कार्रवाई की। साथ ही फूड लाइसेंस की शर्तों की पालना नहीं करने पर शीघ्र खाद्य लाइसेंस सस्पेंड करने की भी कार्रवाई की जाएगी।

यह कार्रवाई पंकज ओझा के नेतृत्व में खाद्य सुरक्षा अधिकारी दीपक सिंधी और राजेश नगर के द्वारा की गई है।

## जरूरी खबर

### प्रतिभावान विद्यार्थियों को किया सम्मानित



**नीम का थाना।** जिले के ग्राम भूदौली के राजकीय माध्यमिक सेकंडरी स्कूल स्वतंत्रता दिवस पर झंडारोहण किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सेवा भारती प्रांत के मंत्री गिरधारी शर्मा थे, जबकि विशिष्ट अतिथि लोक जनशक्ति पार्टी राजस्थान किसान प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष अशोक पारीक थे। कार्यक्रम में कक्षाओं में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पर आने वाले बच्चों को पुरस्कार स्वरूप स्मृति चिह्न एवं स्कूल बैग प्रदान किए गए।

### स्कूल जा रहे बच्चे पर पैंथर ने किया हमला, मौत

**उदयपुर।** जिले के फलासिया थाना क्षेत्र की ग्राम पंचायत बिछीवाड़ा में स्कूल जाते वक्त एक दस साल के बच्चे पर पैंथर ने हमला कर दिया। इससे बच्चे की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार पीपली फला निवासी शिव कुमार पुत्र लालू खराड़ी शुक्रवार सुबह करीब 7 बजे घर से स्कूल जाने के लिए निकला था। शिव राजकीय प्राथमिक विद्यालय बीड़ा फला में पांचवीं में पढ़ता था। साथ में उसका बड़ा भाई प्रेम भी था, जो राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बिछीवाड़ा में दसवीं में पढ़ता है। दोनों साथ में एक ही रास्ते से स्कूल जा रहे थे। दोनों भाइयों के साथ दो महिला रिश्तेदार भी थीं। चारों जा रहे थे। तभी धरेल महादेव के जंगल के रास्ते में पैंथर ने शिव पर हमला कर दिया।

### महाराजा गंगासिंह की प्रतिमा का किया अनावरण



**बीकानेर।** सादुल क्लब बीकानेर में महाराजा गंगासिंह जी की अष्टधातु की आठ फीट छह इंच विशालकाय प्रतिमा का अनावरण बीकानेर पूर्व की विधायका सिद्धि कुमारी द्वारा किया गया। इस अवसर पर सादुल क्लब में इंटर क्लब प्रतियोगिता बेडमिंटन, टेनिस, बिलियर्डस् एवं स्नूकर की खेल प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसमें विजेताओं एवं उपविजेताओं का सम्मानित किया गया। समारोह में क्लब अध्यक्ष तेज अरोड़ा व क्लब सचिव हनुमान सिंह राठौड़ एवं कार्यकारिणी सदस्यों ने सभी का स्वागत किया। इस अवसर पर खेल प्रतियोगिता में विजेताओं एवं उपविजेताओं को विधायका सिद्धि कुमारी, कर्नल हेम सिंह शेखावत एवं सूरपत सिंह राजवी द्वारा पारितोषित किया गया।

वन विभाग ने राजस्थान, हरियाणा, एमपी-यूपी और महाराष्ट्र नंबरों की 14 गाड़ियां जब्त की

# रणथंभौर में सफारी बंद, फिर भी लग्जरी गाड़ियों से भ्रमण

**बेधड़क** | सवाई माधोपुर

रणथंभौर नेशनल पार्क में अवैध रूप से लग्जरी गाड़ियों की घुसपैठ के मामले में वन विभाग ने कार्रवाई करते हुए 14 लग्जरी गाड़ियों को जब्त किया है। वन विभाग द्वारा जब्त की गई सभी लग्जरी गाड़ियां राजस्थान, हरियाणा, एमपी, यूपी और महाराष्ट्र नंबरों की हैं।

अवैध तरीके से रणथंभौर के जोन नंबर आठ के जंगल में लग्जरी गाड़ियों के घुसने का मामला उजागर होने के बाद रणथंभौर के सीसीएफ अनूप और डीएफओ रामानंद भाकर ने कार्रवाई करते हुए 14 लग्जरी गाड़ियों को जब्त किया है। डीएफओ रामानंद भाकर ने कहा कि वन विभाग ने बीती रात को 5 और शेष गाड़ियों को विभिन्न होटलों से जब्त किया है। मामले को लेकर अनुसंधान किया जा रहा है और अनुसंधान के बाद जब्त की गई गाड़ियों एवं सबंधित दोषियों पर वन अधिनियम के तहत कार्रवाई की जाएगी।

उन्होंने बताया कि 15 अगस्त की शाम को एडवेंचर टूर के नाम पर एक दर्जन से भी अधिक लग्जरी गाड़ियां रणथंभौर के जोन नंबर 8 में अनाधिकृत रूप से प्रवेश कर गई थी, जबकि प्रदेश भर में मानसून के चलते सफारी बंद है।



### वीडियो हो रहा वायरल

वीडियो में रणथंभौर के जंगल के भीतर गाड़ियों से उतरकर लोग चहलकदमी भी करते नजर आ रहे हैं, जहां टाइगर का मूवमेंट रहता है। इस जगह बिना वन विभाग की इजाजत के जाना मुमकिन नहीं है, ऐसे में सबसे बड़ा सवाल यह है कि आखिरकार एक दर्जन लग्जरी गाड़ियों में सवार होकर नेशनल पार्क के जोन नंबर 8 में ये लोग कैसे पहुंच गए। रणथंभौर नेशनल पार्क बारिश काल में तीन महीने के लिए बंद है। वीडियो 15 अगस्त की शाम का बताया जा रहा है, जो वायरल हो रहा है।

### किसी को भी आने-जाने की इजाजत नहीं

डीएफओ ने जानकारी दी कि सभी गाड़ियां बालास चौकी से नेशनल पार्क से प्रवेश हुई और हिंदवाड़ के रास्ते होते हुए जंगल से बाहर निकली। यह पूरा इलाका क्रिटिकल टाइगर हैबिटेट के अंतर्गत आता है। इस जगह किसी भी सूरत में किसी को भी आने जाने की इजाजत नहीं है। वीडियो सामने आने के बाद उच्च अधिकारियों के निर्देश पर हरकत में आए रणथंभौर वन प्रशासन ने गाड़ियां जब्त कर ली हैं।

चित्तौड़गढ़ के पाड़ाझर मंदिर में रातभर फंसे रहे श्रद्धालु

# झरने में फंसे 53 दर्शनार्थी SDRF टीम ने किया रेस्क्यू

**बेधड़क** | चित्तौड़गढ़

जिले में थाना रावतभाटा अंतर्गत पाड़ाझर महादेव मंदिर में दर्शन करने के दौरान झरने में अचानक पानी का तेज बहाव आने के कारण मंदिर में ही फंसे 53 श्रद्धालुओं को एसडीआरएफ की टीम ने रेस्क्यू कर सुरक्षित स्थानों पर पहुंचा दिया है।

बचाए गए दर्शनार्थियों में 31 पुरुष 14 महिला एवं 8 बच्चे शामिल है। एसडीआरएफ के कमांडेंट राजेंद्र सिंह सिसोदिया ने बताया कि गुरुवार को चित्तौड़गढ़ जिले के रावतभाटा थाना क्षेत्र में स्थित पाडाझर महादेव मंदिर में दर्शन करने पहुंचे दर्शनार्थी अचानक झरने में पानी का तेज बहाव आने के कारण फंस गए। सूचना मिलने पर आपदा राहत एवं बचाव के लिए कोटा की रिजर्व पुलिस लाइन में तैनात बी कंपनी के प्रभारी हेड कांस्टेबल अम्मी लाल को तुरंत घटनास्थल पर रवाना होने के निर्देश दिए गए। रेस्क्यू टीम प्रभारी 11 जवानों की टीम तथा आपदा राहत उपकरणों के साथ मध्य रात 11:00 बजे थाना रावतभाटा पहुंचे। सभी नागरिकों के मंदिर में सुरक्षित होने और खाने-पीने की उचित व्यवस्था स्थानीय प्रशासन द्वारा कर दिए जाने पर रेस्क्यू ऑपरेशन सुबह से शुरू करने के निर्देश मिले। शुक्रवार सुबह 8:30 बजे से रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया गया। टीम कमांडर के निर्देश पर रेस्क्यू टीम के जवान देवराज दीपक, शैतान, अमृत लाल, धारा सिंह, हनुमान, हरिओम, देवकरण, हेमराज तथा रिंकू कुमार ने रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया। सबसे पहले रेस्क्यू टीम मोटर बोट की सहायता से झरने को पार कर मंदिर में फंसे दर्शनार्थियों के पास पहुंची। उसके बाद सभी 53 दर्शनार्थियों को लाइफ जैकेट पहनाकर सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया।



महंत नरेशपुरी के सान्निध्य में पूजा-अर्चना

## हरिद्वार में पार्थेश्वर पूजा एवं भागवत अनुष्ठान

**बेधड़क** | मेहंदीपुर बालाजी



सावण मास में हरिद्वार शिव की पौड़ी भूपत वाला में मेहंदीपुर बालाजी मंदिर के पीठाधीश्वर डॉ. महंत नरेशपुरी महाराज द्वारा विश्व शांति एवं मानव कल्याण के लिए महा पार्थेश्वर पूजा एवं भागवत अनुष्ठान का आयोजन किया जा रहा है। इसमें प्रतिदिन मिट्टी से बने 12 हजार शिवलिंगों की महापूजन कर गंगा में विसर्जित किया जाता है। इस भव्य आयोजन में सभी अखाड़ों के प्रसिद्ध संत, महामंडलेश्वर और धर्म गुरु भी हिस्सा ले रहे हैं। आचार्य राजेश्वर प्रसिद्ध राष्ट्रीय अध्यक्ष संयुक्त भारतीय धर्म संसद, पूर्व मंत्री ममता भूपेश व उनके पति आईएएस डॉ.घनश्याम बैरवा, विहिप के संगठन मंत्री उमाशंकर शर्मा पहुंचे। उन्होंने भगवान पार्थेश्वर के दर्शन कर भागवत पूजा की और महंत डॉ. नरेशपुरी महाराज से आशीर्वाद लिया। महंत ने उनका दुपट्टा ओढ़ाकर स्वागत किया।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि बालाजी महाराज के आशीर्वाद से महंत डॉ. नरेशपुरी सामाजिक चेतना के क्षेत्र में काम कर रहे हैं, यह बहुत बड़ी बात है और वे समाज के उत्थान और भारतीय संस्कृति की रक्षा के लिए काम कर रहे हैं। ईश्वर ने उन्हें मानव जाति एवं विश्व कल्याण के लिए कार्य करने का आशीर्वाद दिया है। महंत नरेश पुरी महाराज जैसे लोग हैं, तभी भारत विश्व गुरु बनता है। ऐसे संत-महंत देश में सरकार से ऊपर हैं।

इस अवसर पर महंत डॉ. नरेश पुरी महाराज ने कहा सावन मास के पवित्र महीने में केवल ईश्वर के निमित्त व्रत, दान, हवन, पूजा, ध्यान आदि करने का विधान है। ऐसा करने से पापों से मुक्ति मिलती है और पुण्य प्राप्त होता है। इस मास किए गए सभी शुभ कार्यों का अनंत गुना फल प्राप्त होता है। इस माह में भागवत कथा श्रवण, रामकथा पार्थेश्वर पूजा और तीर्थ स्थलों पर स्नान और दान का महत्व है।

18 घंटे बाद 8 किमी दूर मिला शव

## नदी में डूबे युवक को बचाने वाला खुद डूबा



**राजाखेड़ा (धौलपुर)।** जिले के राजाखेड़ा उपखंड के श्रीपाल की गढ़ी के भगत का पुरा गांव के नीचे बह रही उतंगन नदी में डूबे 19 वर्षीय युवक के शव को पुलिस और एसडीआरएफ की टीम ने शुक्रवार सुबह रेस्क्यू कर लिया। मृतक युवक का शव 18 घंटे बाद घटनास्थल से करीब 7 से 8 किलोमीटर दूर यूपी बॉर्डर से लगती उतंगन नदी के किनारे मिला है. जिसे पुलिस ने अपने कब्जे में लेकर राजाखेड़ा के शहीद राघवेंद्र सिंह सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की मोर्चरी में रखवा दिया। राजाखेड़ा थाने के सहायक पुलिस उपनिरीक्षक वीरेंद्र सिंह ने बताया कि गुरुवार दोपहर करीब 12 से साढ़े बारह बजे के बीच श्रीपाल की गढ़ी निवासी पवन पुत्र डालचंद उतंगन नदी में डूब गया था। पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से युवक को ढूंढने का प्रयास किया, लेकिन उन्हें सफलता नहीं मिली। एसडीआरएफ टीम ने भी युवक को ढूंढने का प्रयास किया, लेकिन अंधेरा होने के बाद रेस्क्यू ऑपरेशन को रोक दिया गया। शुक्रवार सुबह घटनास्थल से 7 से 8 किमी दूर यूपी बॉर्डर से लगती उतंगन नदी के किनारे डेड बॉडी मिली।

### युवक को बचाने के चक्कर में हुआ हादसा

युवक के भाई सोनू पुत्र डालचंद ने बताया कि गुरुवार सुबह 11:30 बजे के बीच उसके साथ गांव के करीब 10-12 लड़के नदी में नहा रहे थे, तभी अचानक एक लड़का नदी के पानी में डूबने लगा। इसी दौरान बकरियां चराकर आ रहे उसके भाई पवन की नजर उन पर पड़ी। चीख-पुकार सुन उसका भाई पवन भी नदी में कूद गया। उसने डूबते हुए लड़के को तो बचा लिया, लेकिन वह खुद नदी के गहरे पानी में चला गया। काफी तलाश के बावजूद उसका कोई पता नहीं चला।

घूमने गए 11 बच्चे और 2 युवक फंसे

## रात से सुबह तक चला रेस्क्यू ऑपरेशन, सभी को बचाया



**बूंदी।** जिले के खटकड़ त्रिवेणी संगम पर स्थित बिल्केश्वर महादेव घूमने गए 11 बच्चे और दो युवक गुरुवार देर शाम मेज नदी में तेज बहाव आने से मंदिर में ही फंस गए। सुबह तक चले रेस्क्यू ऑपरेशन के बाद शुक्रवार सुबह सभी को सुरक्षित निकाल लिया गया। बूंदी के रिहाणा, ख्यावदा, गोपुरा के 20 से अधिक बच्चे और दो अन्य युवक खटकड़ के करीब त्रिवेणी संगम पर बिल्केश्वर महादेव घूमने गए थे। दर्शन करने के बाद घर लौटने लगे तो मेज नदी में उफान आ गया। लगातार नदी में पानी बढ़ने व अंधेरा होने के चलते 11 बच्चे और दो युवक मंदिर में ही फंस गए। इनमें से कुछ बच्चे मौका देखकर पहाड़ी के रास्ते गांव लौट गए। मंदिर में फंसे लोगों की सूचना प्रशासन को मिली तो रेस्क्यू की तैयारी शुरू की। एसडीआरएफ व गेंडोली के पुलिस की टीम ने सुबह तज चले रेस्क्यू आपरेशन में सभी को सुरक्षित निकाल लिया।

### पुलिया पर पानी आने से हुई परेशानी

महादेव मंदिर में फंसे लोगों को बचाने के लिए प्रशासन हरकत में तो आ गया, लेकिन गुरुवार देर रात खटखड़ स्थित मेज नदी की पुलिया डूब गई। इसके चलते रेस्क्यू टीम खटखड़ अटक गई। बाढ़ नियंत्रण कक्ष के प्रभारी सत्यवान शर्मा व रायथल तहसीलदार पुष्पेंद्र शर्मा ने लाखेरी एसडीएम से चर्चा कर कापरेन व गेंडोली से एसडीआरएफ के साथ रेस्क्यू टीम को मौके के लिए रवाना किया। रातभर की मशक्कत अल सुबह सभी को सुरक्षित निकाला।

## दुष्कर्मी को 20 साल का कठोर कारावास

**बेधड़क** | चित्तौडगढ़



नाबालिग से ज्यादती के एक मामले में पॉक्सो कोर्ट ने एक आरोपी को 20 साल की कैद और 70 हजार रुपए के जुर्माने की सजा सुनाई है। महिला सहित दो आरोपियों को संदेह का लाभ देते हुए बरी कर दिया गया।

अपर लोक अभियोजक शोभा लाल जाट के अनुसार 29 अगस्त, 2020 को गंगरार पुलिस थाने में एक व्यक्ति ने रिपोर्ट पेश की कि उसकी 16 साल की नाबालिग पुत्री खेत पर गई थी जो शाम तक नहीं लौटी। उसकी अपने स्तर पर तलाश भी की, लेकिन उसका पता नहीं चला। रिपोर्ट में निकुंभ थाना अंतर्गत पुनावली गांव निवासी नारायण लाल पुत्र लल्लू राम कीर, हरि सिंह और इंदिरा पर अपहरण का अंदेशा जताया गया। पुलिस ने मामला दर्ज करते हुए तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया और भारतीय दंड संहिता की विभिन्न धाराओं के साथ पॉक्सो एक्ट के अंतर्गत न्यायालय में चालान पेश किया। जाट के अनुसार अभियोजन पक्ष की ओर से आरोपियों के खिलाफ 15 गवाह कराए गए और 27 डॉक्यूमेंट प्रदर्शित किए गए। एफएसएल रिपोर्ट में दुष्कर्म की पुष्टि हो गई। पीठासीन अधिकारी ने दोनों पक्षों की सुनवाई के बाद शुक्रवार को तीन आरोपियों में से एक नारायण कीर को दोषी माना, जबकि इंदिरा और हरी सिंह को संदेह का लाभ देते हुए निर्दोष करार दिया।

बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार और हिंसा मामला

# सर्वसमाज में गुस्सा...बाजार बंदकर जताया रोष, निकाला मौन जुलूस

**बेधड़क** | अजमेर

बांग्लादेश में हो रहे हिंदुओं पर अत्याचार और हिंसा से अजमेर में भी गुस्सा है। अजमेर में शुक्रवार को दोपहर एक बजे तक बाजार बंद रखे गए। इसके साथ ही सकल हिंदू समाज द्वारा गांधी भवन से कलेक्ट्रेट तक मौन जुलूस निकाला गया, जहां जिला कलेक्टर डॉ भारती दीक्षित को राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा गया।

सकल हिंदू समाज ने ज्ञापन में बताया कि अस्थिरता और सत्ता परिवर्तन के बाद वहां रह रहे हिंदुओं और अल्पसंख्यक समुदाय पर लगातार हमले हो रहे हैं। हिंदू मंदिरों को तोड़ा जा रहा है, और हिंदू बहन-बेटियों के साथ जो बुरा व्यवहार किया जा रहा है यहां तक कि दुष्कर्म की घटनाएं हो रही हैं। भारत सरकार से लेकर संयुक्त राष्ट्र तक की संस्थाओं को इस अमानवीय अत्याचारों को रोककर वहां रह रहे हिंदुओं सहित अल्पसंख्यकों की सुरक्षा सुनिश्चित करनी चाहिए। इसे लेकर जिला कलेक्टर को राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन दिया है। सकल हिंदू समाज द्वारा कलेक्ट्रेट के बाहर राम भजन और हनुमान चालीसा के साथ संकीर्तन किया गया। जिला कलेक्टर को राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन दिया गया। भारत सरकार न केवल बांग्लादेश के हिंदुओं और अल्पसंख्यकों और उनके धार्मिक व्यापारिक स्थलों की सुरक्षा सुनिश्चित करें, जिन हिंदुओं की संपत्तियों को बांग्लादेश में नष्ट किया गया है उसकी भरपाई की जाए। जिन निर्दोष हिंदू अल्पसंख्यकों की हत्या हुई है उनके परिजनों को मुआवजा सरकारी नौकरी दी जाए साथी अल्पसंख्यक समुदायों के हिंसा में घायल हुए नागरिकों की समुचित चिकित्सा का प्रबंध सरकारी खर्चे पर करवाया जाए। जो लोग इस अमानवीय हिंसा में दोषी हैं उनको कठोरता से सजा दिलाई जाए। साथ ही बांग्लादेश में संयुक्त राष्ट्र संघ का एक स्थाई कमीशन नियुक्त किया जाए, जो वहां हिंदुओं की सुरक्षा के बारे में लगातार जानकारी लेता रहे।



### बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार के विरोध में सौंपा ज्ञापन



**झालावाड़।** जिले का सर्व हिंदू समाज की और से पूज्य संतों के सानिध्य में बांग्लादेश के हिंदू परिवारों पर हो रहे अत्याचार के विरोध में हिन्दू समाज की और से आक्रोश रैली निकली। रैली में जिलेभर से आए हिंदू समाज के लोगों ने मिनी सचिवालय पहुंचकर हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार को लेकर कार्रवाई की मांग का ज्ञापन सौंपा। झालावाड़ शहर के श्री राधारमण मंदिर प्रांगण से रैली शुरू हुई, जो विभिन्न मार्गों होती हुई मिनी सचिवालय पहुंची। यहां कलेक्टर को राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन दिया। रैली में मातृशक्ति, बुजुर्ग एव बच्चे इस रैली में पैदल चल रहे थे। सभी के हाथ में बांग्लादेश में हो रहे अत्याचार को लेकर नारे लिखे हुए थे। मुख्य मार्ग पर जब आक्रोश रैली निकली तो घरों की छत पर बड़ी संख्या में लोग रैली को देखकर उत्साह वर्धन करते नजर आए। यहां सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा का पाठ हुआ।

### सर्व हिंदू समाज की आक्रोश रैली



**बीकानेर।** बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार के बाद भारतभर में लोगों में आक्रोश है। बीकानेर में शुक्रवार को सर्व हिंदू समाज की ओर से एक आक्रोश रैली निकाली गई। इसमें संत सरजूदास महाराज के सान्निध्य में शामिल लोगों ने रोष जताते हुए बंग्लादेश में रह रहे हिंदुओं सहित अल्पसंख्यकों की सुरक्षा की गुहार लगाते हुए राष्ट्रपति के नाम एक ज्ञापन जिला कलेक्टर को सौंपा। इस मौके पर संत सरजूदास महाराज ने कहा कि बांग्लादेश में आज हिंदुओं के साथ जो अत्याचार हो रहे हैं, वो निंदनीय है। मंदिर तोड़े जा रहे हैं। सरकार से मांग करते हैं कि वहां के हिंदुओं की सुरक्षा करें। उनको मुआवजा दिलाया जाए। शिवबाड़ी महंत विमर्शानंद महाराज ने कहा कि भारत की भूमि शक्ति, भक्ति, मुक्ति की और यौवन की प्रतीक रही है। यदि भारत को छेड़ा गया तो विश्व का विनाश हो जाएगा। भारत आज तेजी से आगे बढ़ रहा है, इसको तोड़ने के लिए, विभाजित करने के लिए जो कुप्रयास किए जा रहे हैं, उसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

## राजधानी सहित प्रदेशभर में हर्षोल्लास से मनाया 78 वां स्वतंत्रता दिवस समारोह

# देशभक्ति के तरानों से गूंजा राजस्थान...

## यादगार बनी सुबह... भारत माता का जयघोष, सराहनीय कार्यों पर दिया सम्मान

**जयपुर।** प्रदेशभर में गुरुवार को स्वतंत्रता दिवस समारोह बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान स्कूल-कॉलेज, विश्वविद्यालय से लेकर सरकारी और निजी कार्यालयों में ध्वजारोहण हुआ और मार्च पास्ट कर और सलामी ली गई। वहीं सांस्कृतिक कार्यक्रम भी हुए, जिनमें प्रतिभागियों ने रंगारंग प्रस्तुतियां दीं। देशभक्ति गीतों के साथ बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। बारिश की बूंदें भी इनका जोश रोक नहीं पाईं। इस बीच हाथों में तिरंगा लिए बच्चों और आगंतुकों ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। राजस्थान विश्वविद्यालय में कुलपति प्रो. अल्पना कटेजा ने तो कोटा में शिक्षामंत्री मदन दिलावर ने ध्वजारोहण किया।

## एक श्रेष्ठ राष्ट्र के निर्माण में विवि की अहम भूमिका: वीसी अल्पना कटेजा



**जयपुर।** प्रदेश के सबसे बड़े उच्च शिक्षण संस्थान राजस्थान विश्वविद्यालय में विवेकानंद पार्क में गुरुवार को 78 वां स्वतंत्रता दिवस समारोह हर्षोल्लास से मनाया गया। इस अवसर पर कुलपति प्रोफेसर अल्पना कटेजा ने ध्वजारोहण किया व मार्च पास्ट की सलामी ली और शांति के प्रतीक गुब्बारे आकाश में छोड़े। इस अवसर पर कुलपति ने कहा कि इस राष्ट्रीय पर्व का आयोजन, एक ऐसी अनुभूति है, जिस पर प्रत्येक भारतवासी का गौरवान्वित होना स्वाभाविक है, उन्होंने कहा कि एक श्रेष्ठ राष्ट्र के निर्माण में विश्वविद्यालय की अहम भूमिका है, विश्वविद्यालय वह प्रांगण है जहां छात्र अपने सपनों को साकार करने के लिए उत्साह और उमंग के साथ प्रवेश लेता है, वहीं विश्वविद्यालय परिवार का भी यह अहम दायित्व है कि वह उच्च शिक्षा के माध्यम से उसे न केवल परिमार्जित करें, बल्कि उसमें एक ऐसी कार्य संस्कृति विकसित करें जो जीवन पर्यंत उसे समाज और राष्ट्रहित में अपना सर्वश्रेष्ठ योगदान देने के लिए सक्षम बनाए। इस अवसर पर उन्होंने विश्वविद्यालय में अकादमिक प्रशासनिक और अन्य क्षेत्रों में किए जा रहे उल्लेखनीय कार्यों का विस्तृत रूप से उल्लेख करते हुए कहा कि इस वर्ष विश्वविद्यालय में नेक एक्रीडिटेशन को लेकर की जाने वाली आवश्यक कार्यवाही प्रक्रियाधीन है, विश्वविद्यालय द्वारा इस संबंध में प्रस्तुत आईआईक्यूए को नेक द्वारा स्वीकार कर लिया गया है और शीघ्र ही नेक द्वारा निरीक्षण किया जाना अपेक्षित है। विश्वविद्यालय में शिक्षकों के रिक्त पदों पर नियुक्ति एवं कार्यरत शिक्षकों की होने वाली पदोन्नति प्रक्रिया भी शीघ्र प्रारंभ की जाएगी।

### 5 सितंबर को विवि शिक्षक होंगे सम्मानित

कुलपति ने कहा कि उल्लेखनीय कार्य करने वाले विश्वविद्यालय शिक्षकों को शिक्षक दिवस पर 5 सितंबर को टीचर एक्सीलेंस अवार्ड से सम्मानित किया जाएगा। इस अवसर पर कुलपति ने विश्वविद्यालय में उत्कृष्ट कार्य करने वाले विश्वविद्यालय कर्मियों को भी सम्मानित किया। विश्वविद्यालय के कुलसचिव अवधेश सिंह ने धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर वित्तीय नियंत्रक एवं सलाहकार रामस्वरूप जाटोलिया सहित विश्वविद्यालय के अधिकारी, कर्मचारी और भारी संख्या में शिक्षकगण एवं विद्यार्थी उपस्थित थे। समारोह के उपरांत विश्वविद्यालय परिसर सहित संघटक कॉलेज में पौधारोपण का कार्य भी किया गया।

## आरपीएससी में हर्षोल्लास के साथ मनाया 78 वां स्वतंत्रता दिवस



**अजमेर।** राजस्थान लोक सेवा आयोग में स्वतंत्रता दिवस समारोह का हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर आयोग अध्यक्ष कैलाश चंद्र मीणा द्वारा राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया। अपने उद्बोधन में उन्होंने आयोग के सभी कार्मिकों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दी। इससे पूर्व आयोग कार्मिकों द्वारा सदस्य डॉ. संगीता आर्य, डॉ. मंजू शर्मा, ले.कर्नल केसरी सिंह राठौड़, प्रो.अय्यूब खान एवं आयोग सचिव रामनिवास मेहता तथा मुख्य परीक्षा नियंत्रक आशुतोष गुप्ता का साफा पहनाकर एवं बुके भेंट कर अभिनंदन किया गया। समारोह में सहायक सचिव राजेश कुमार मीणा, अशोक कुमार, अनुभाग अधिकारी अशोक कुमार भाटी, सहायक अनुभाग अधिकारी रीमा रावत, देवेन्द्र सिंहाडिया, लिपिक ग्रेड-। सारिका शर्मा, मुकेश कुमार वर्मा, मगन लाल उपाध्याय को उत्कृष्ट सेवाओं के लिए प्रशस्ति-पत्र प्रदान किए गए। कार्यक्रम में मंच संचालन अनुभाग अधिकारी दिनेश सिंगोदिया द्वारा किया गया।

## प्रतिबद्धता के साथ देश को मजबूत बनाने में देना होगा योगदान: दिलावर



**कोटा।** शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर ने स्वाधीनता दिवस के मौके पर यहां महाराव उम्मेदसिंह स्टेडियम में जिला स्तरीय मुख्य समारोह में ध्वजारोहण किया। शिक्षामंत्री ने सुबह 9.15 बजे ध्वजारोहण कर परेड का निरीक्षण किया एवं सलामी ली। इस अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट एवं उल्लेखनीय कार्यों के लिए 83 प्रतिभाओं को प्रतीक चिन्ह एवं प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। समारोह को सम्बोधित करते हुए शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री ने कहा कि इस देश को गुलामी की बेड़ियों से आजाद कराने के लिए हजारों लोगों ने अपने प्राणों की आहूति दी है। उन वीर बलिदानियों के त्याग एवं बलिदान से मिली इस आजादी के मूल्य को समझते हुए हमे प्रतिबद्धता के साथ देश को मजबूत बनाने में अपना योगदान देना होगा। उन्होंने स्वतंत्रता आन्दोलन में प्राण न्यौछावर करने वाले ज्ञात-अज्ञात शहीदों को याद करते हुए देश की सीमाओं की रक्षा के लिए शहीद हुए सैनिकों को भी नमन किया। समारोह में स्वतंत्रता सेनानियों एवं लोकतंत्र सेनानियों का किया सम्मान जिला स्तरीय मुख्य समारोह में मुख्य अतिथि द्वारा स्वतंत्रता सैनानियों एवं लोकतंत्र सैनानियों को शॉल ओढ़ाकर, श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया गया। समारोह के आरंभ में महामहिम राज्यपाल के संदेश का पठन कार्यवाहक अतिरिक्त कलक्टर शहर गजेन्द्र सिंह ने किया। समारोह में राजस्थान पुलिस, आरएसी, होमगार्ड, एनसीसी, स्काउट गाइड की टुकडी ने राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी।

### पॉलीथिन उपयोग नहीं करने की दिलाई शपथ

शिक्षा मंत्री ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस के इस पावन पर्व पर हम सभी संकल्प लें कि आज से ही प्रतिबधित पॉलिथिन का उपयोग नहीं करेंगे और प्रदेश को स्वच्छ बनाएंगे। उन्होंने कहा कि गंदगी को दूर करते हुए स्वच्छता अपनाकर प्रदेश को खुशहाल बनाएं। उन्होंने कहा कि हरियालो राजस्थान "एक पेड़ मां के नाम" अभियान के तहत 7 अगस्त को हरियाली तीज पर पूरे राजस्थान में 2.50 करोड़ पौधे लगाए गए। प्रदेश में आगामी 5 वर्षो में 50 करोड़ पौधे लगाकर उन्हें पेड बनाने का लक्ष्य तय किया गया है। उन्होंने आमजन का आव्हान किया कि प्राणवायु देने वाले पेड़ों को बचाएं और अधिक पौधे लगाएं।

## राजस्थान विश्वविद्यालय के स्पोर्ट्स बोर्ड में भी किया झंडारोहण



**जयपुर।** 78 वें स्वतंत्रता दिवस पर राजस्थान विश्वविद्यालय के स्पोर्ट्स बोर्ड में झंडारोहण किया गया। स्पोर्ट्स बोर्ड सचिव डॉ. प्रीति शर्मा ने कहा कि खेलों में राजस्थान विश्वविद्यालय के विद्यार्थी बेहतरीन प्रदर्शन कर रहे हैं। हाल्ही में 2 विद्यार्थियों का एशियन गेम्स यूनिवर्सिटी भारतीय टीम में चयन हुआ है, साथ ही खेलों इंडिया में बेहतरीन प्रदर्शन रहा। विद्यार्थियों ने कहा कि अनुशासन में रहकर हम खेलों में अच्छा प्रदर्शन करने के लिए जमकर प्रैक्टिस करेंगे। विवि और देश का नाम रोशन करेंगे। इस मौके पर प्रोफेसर, कोच, कर्मचारी, योगा विद्यार्थी, रिसर्च स्कॉलर, खिलाड़ी मौजूद रहें।

## भवानी निकेतन शिक्षा संकुल में भी धूमधाम से मनाया पर्व




**जयपुर।** भवानी निकेतन शिक्षा संकुल में 78 वां स्वतंत्रता दिवस समारोह धूमधाम से मनाया गया। समारोह में पूर्व मंत्री राजेंद्र राठौड़, सेवानिवृत्त डीजे सी.पी. सिंह, राहुल तिवारी वरिष्ठ पत्रकार बतौर अतिथि में मौजूद रहे।

समारोह में राजेंद्र राठौड़ ने लोकतंत्र की खूबसूरती का वर्णन करते हुए बताया कि आज दुनिया का सबसे बड़ा एवं सशक्त लोकतंत्र भारत में है। लोकतंत्र से ही चाय बेचने वाला भी प्रधानमंत्री के पद तक पहुंच सकता है। लोकतंत्र की वजह से भारत का संविधान सुरक्षित एवं पारदर्शी है। सी.पी. सिंह ने अपने सम्बोधन में आजादी के लिए दी गई कुर्बानियां एवं आजादी के महत्व का वर्णन किया। राहुल तिवारी ने विद्यार्थी एवं युवाओं को संबोधित करते हुए आजाद भारत में स्वर्णिम अवसरों का उल्लेख करते हुए स्वयं को तैयार रखने के लिए प्रेरित किया। समारोह में शिक्षा समिति के अध्यक्ष शिवपाल सिंह नांगल ने राजेंद्र राठौड़ का संस्था के प्रति लगाव और संस्था के कार्यों के लिए हमेशा तत्पर रहने के लिए धन्यवाद दिया। गुलाब सिंह मेड़तिया, सचिव ने अतिथियों का स्वागत करते हुए संस्था की उपलब्धियां का उल्लेख किया। अंत में नगेंद्र सिंह बगड़ ने पधारे हुए अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापित किया।



## रोडवेज अध्यक्ष गुहा ने किया ध्वजारोहण

**जयपुर।** राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम मुख्यालय पर निगम की अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक श्रेया गुहा ने गुरुवार को 78 वें स्वतंत्रता दिवस पर ध्वजारोहण किया। गुहा ने इस मौके पर सभी को स्वतंत्रता दिवस की बधाई दी। इस अवसर पर रोडवेज की कार्यकारी निदेशक (यातायात) डॉ. ज्योति चौहान, कार्यकारी निदेशक (प्रशासन) अनीता मीना, कार्यकारी निदेशक (यांत्रिक) रवि सोनी, कार्यकारी निदेशक (विधि) विजय कुमारी जैन सहित निगम प्रबंधक-उपप्रबंधक, केन्द्रीय बस स्टैण्ड व जयपुर आगारों के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहें।

## जयपुर जिला कलेक्टर ने किया 36 कार्मिकों को सम्मानित



**जयपुर।** उत्कृष्ट कार्य एवं बेहतर प्रदर्शन के लिए जिला कलक्टर प्रकाश राजपुरोहित ने स्वतंत्रता दिवस के मौके पर सहायक जनसम्पर्क अधिकारी चारू मीणा को सम्मानित किया। जिला कलक्टर ने जिला स्तरीय सम्मान समारोह में चारू मीणा सहित कोषागार, राजस्व शाखा, लेखा शाखा, रसद विभाग सहित विभिन्न विभागों में पदस्थापित 36 अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सम्मानित किया। कलक्ट्रेट परिसर में आयोजित समारोह के दौरान कलक्टर ने कहा कि इस सम्मान से ना केवल अधिकारियों के मनोबल में अभिवृद्धि होगी साथ ही अन्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों को बेहतर कौशल एवं प्रतिभा से काम करने की प्रेरणा मिलेगी।

## शिक्षक नेता मोहर सिंह सलावद और कांता मीना सम्मानित



**बीकानेर।** 78वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर बीकानेर नगर निगम द्वारा विभिन्न श्रेणियों में विभूतियों का जिला स्तर पर सम्मान किया गया। राजकीय सेवा में उल्लेखनीय कार्यो के लिए राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय मोतीगढ़ के वरिष्ठ अध्यापक मोहर सिंह मीना सलावद का नगर निगम आयुक्त आरएएस अर्पिता सोनी,महापौर सुशीला कंवर राजपुरोहित, उप महापौर राजेंद्र पंवार व पार्षद सुमन छाजेड़ द्वारा साफा पहनाकर व प्रशस्ति पत्र देकर जिला स्तर पर सम्मानित किया। इसके साथ ही समारोह में शिक्षा व साहित्य की श्रेणी में उल्लेखनीय कार्यों के लिए शिक्षाविद् एवं साहित्यकार डॉ. कांता मीना का आयुक्त आरएएस अर्पिता सोनी, महापौर सुशीला कंवर राजपुरोहित,उप महापौर राजेंद्र पंवार व पार्षद सुमन छाजेड़ सम्मानित किया।

## जयपुर मेट्रो डिपो परिसर में सीएमडी ने किया ध्वजारोहण



**जयपुर।** जयपुर मेट्रो के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक पी.रमेश ने मेट्रो के मानसरोवर स्थित डिपो के प्रशासनिक भवन में देश के 78 वें स्वतंत्रता दिवस पर ध्वजारोहण किया और आजादी के शहीदों को नमन किया एवं स्वाधीनता दिवस की शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम के दौरान सभी निदेशक , अधिकरी , मेट्रो पुलिस एवं समस्त कर्मचारी उपस्थित रहें। कार्यक्रम के तहत पी.रमेश, सभी निदेशक व अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा हर घर तिरंगा अभियान के अन्तर्गत हर घर तिरंगा कैनवास पर "हर घर तिरंगा व जय हिन्द" अंकित किया गया। इस अभियान को आगे बढाते हुए पी.रमेश द्वारा सभी उपस्थित गण को हर घर तिरंगा प्रतिज्ञा दिलवायी गयी। पी.रमेश ने कार्यक्रम में वर्ष 2023-24 के दौरान 22 मेट्रो अधिकारियों व कर्मचारियों को उनके द्वारा उत्कृष्ट सेवा के लिए सम्मानित किया। पी.रमेश ने बताया कि हमें गर्व है कि देश के संविधान का पालन करते हुए जयपुर मेट्रो को एक आत्मनिर्भर, विकसित उपक्रम और जयपुर को आधुनिक एवं सुविधा सम्पन्न शहर बना रहे हैं। हमें यह दृढ़ आशा है कि जयपुर मेट्रो अगले दिनों में और भी उन्नति की ओर बढ़ता रहेगा और हमारे जयपुर मेट्रो शहर को गौरान्वित करता रहेगा।

## समाज सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन पर कुलदीप का सम्मान

**जयपुर।** 78 वें स्वतंत्रता दिवस समारोह में भारत सरकार के युवा कार्यक्रम व खेल मंत्रालय के द्वारा राजस्थान के 50 जिलों में से समाज सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले जयपुर के कुलदीप वर्मा सम्मान किया गया। कुलदीप स्वतंत्रता दिवस समारोह आईडीसी 2024 में शामिल हुए। कुलदीप वर्मा अभी वर्तमान में मास्टर ऑफ सोशल वर्क द्वितीय वर्ष की पढ़ाई के साथ जयपुर में युवाओं के विकास के लिए अपना अहम योगदान दे रहे है। इस सफलता पर



राज्य निदेशक महेंद्र सिंह सिसोदिया ने बताया कि बहुत ही खुशी की बात है कि पूरे राजस्थान में चार जिलों के अच्छे कार्यकर्ता में जयपुर जिले से कुलदीप वर्मा का नाम भी चयन किया गया है।

**फैसला** | **फिर से जारी होगा रिजल्ट**

# हाईकोर्ट: 69 हजार शिक्षक भर्ती की मेरिट लिस्ट रद्द

**बेधड़क** | लखनऊ

उत्तर प्रदेश की 69 हजार शिक्षक भर्ती मामले में इलाहाबाद हाई कोर्ट से यूपी सरकार को बड़ा झटका लगा है। मामले में इलाहाबाद हाई कोर्ट की लखनऊ बेंच ने शुक्रवार को अपना फैसला सुनाते हुए इस भर्ती की पूरी मेरिट लिस्ट को ही रद्द कर दिया। इसके साथ ही कोर्ट ने तीन महीने के अंदर नई मेरिट लिस्ट जारी करने का आदेश जारी किया।



यूपी की 69000 सहायक शिक्षक भर्ती मामले पर लखनऊ हाई कोर्ट की डबल बेंच ने बड़ा फैसला सुनाते हुए पूरी चयन सूची को ही रद्द कर दिया। जस्टिस ए.आर. मसूदी और जस्टिस बृजराज सिंह की बेंच ने पूरी चयन सूची को रद्द करते हुए डबल बेंच ने सिंगल बेंच के आदेश को निरस्त कर दिया।

सिंगल बेंच ने 8 मार्च 2023 को फैसला दिया था कि 69000 शिक्षक भर्ती 2020 की लिस्ट को रद्द किया जाता है। सिंगल बेंच ने अपेक्स टैलेंट रिवॉर्ड एग्जाम को पात्रता परीक्षा नहीं माना था। डबल बेंच ने इस आदेश को रद्द करते हुए आरक्षण नियमावली 1994 की धारा 3 (6) और बेसिक शिक्षा नियमावली 1981 का सरकार पालन करें। कोर्ट ने 3 महीने के अंदर नई लिस्ट रिजर्वेशन का पालन करते हुए सरकार से देने को कहा है।

वहीं एटीआरई परीक्षा को पात्रता परीक्षा माना है। बता दें, सामान्य सीट पर अगर आरक्षित वर्ग का मेरीटोरियस कैंडिडेट सामान्य वर्ग के बराबर अंक पाता है, तो उसको सामान्य वर्ग में रखा जाएगा। बाकी की 27% और 21% सीटों को ओबीसी/एससी से भरा जाएगा।

### शिक्षक भर्ती सीटों में आया था घोटाला

याचिकाकर्ताओं का कहना है कि सीएम योगी ने कहा था कि 69000 शिक्षक भर्ती में ओबीसी की और एससी की सीटों के साथ कोई घोटाला नहीं किया गया है, लेकिन उसके कुछ दिन बाद ही हाई कोर्ट ने कहा कि बड़े स्तर मपर 69000 शिक्षक भर्ती में सीटों का घोटाला हुआ है। अभ्यर्थियों ने पूरी भर्ती पर सवाल उठाते हुए 19 हजार पदों पर आरक्षण घोटाला का आरोप लगाया था।

सच बेधड़क
कीर्ति स्तम्भ

दशरथ मालावत

# मां की महिमा

भारत माता की जय, मां भारती के नाम से संबोधन जहां भारतवर्ष के स्वतंत्रत स्वरूप के लिए आज गौरवान्वित करने वाला है । सतयुग त्रेता और द्वापर में जहां नारी को पूजनीय और देवी स्वरूपा महालक्ष्मी, महाकाली, मां सरस्वती के रूप में धन शक्ति और बुद्धि की प्रदाता माना गया है। वर्तमान भारत में केवल आदर सूचक शब्द ही पर्याप्त नहीं है देश के लिए सम्माननीय शब्द 'भारत माता'।

देश में बस रहे सम्मानित समाज की प्रथम इकाई परिवार में जब तक माता का आदर नहीं होगा तब तक स्त्री के मातृ स्वरूप को पूजनीय (यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते रमन्ते तत्र देवता) केवल वाणी से बताने से कोई सार्थकता नहीं रह जाएगी। वर्तमान में परिवार में माता के स्वरूप का अनादर पुत्रों द्वारा उनकी माताओ विरुद्ध करवाए जाने वाले मुकदमे तथा मातृ शक्ति के बुजुर्ग हो जाने पर उनके स्वाथ्य व सम्मान के प्रति उपेक्षा प्रायःदेखने को मिल जाती है। पुरुष प्रधान रही भारतीय संस्कृति में जहांआधी आबादी को बराबर का दर्जा तथा अधिकार दिए जाने के लिए निरन्तर प्रयास जारी हैं। ऐसे समय में नारी के मातृ रूप का अपमान विस्मयकारी है। भूमि को जहां मातृभूमि अर्थात माता समान मानने जाने की परंपरा रही है वहीं भूमि के लिए आपसी विवाद 'झगड़ा फसाद,खून खराबा करना मातृशक्ति का अप्रत्यक्ष रूप से अपमान है। शास्त्रों मे पितृ ऋण की अवधारणा रही है उसी प्रकार माता के प्रति अपने दायित्व की पूर्ति केवल मातृभूमि को नमन करने या मातृत्व दिवस को मनाने मात्र से हमारा वृहत उद्देश्य पूर्ण नहीं हो जाता है। इसके लिए हमें परिवार में माता को समादर देना होगा।

आज के प्रजातंत्र में मातृशक्ति को उचित प्रतिनिधित्व देना कुटुम्ब व परिवारके महत्वपूर्ण निर्णय में उनकी अहम भूमिका रहना अति आवश्यक है। उपेक्षा जैसे भौतिक वस्तुओं को भी नष्ट कर देती है या जर्जर कर देती है। मातृशक्ति की उपेक्षा समाज में आधी आबादी के महत्व को नकारना ही कहा जाएगा। माता गर्भ में नौ माह शरण देकर स्वयं के खून से सींचकर प्राणी को नया जीवन देती है तथा उसके लालन पालन में अपनी सारी सुख सुविधाओं को भूल जाती है। इसीलिए कहा जाता है कि पुत्र कपूत हो सकते हैं माता कभी भी कुमाता नहीं होती। दुनियां में सबसे बड़ा कष्ट किसी भी व्यक्ति को माता के बिछड़ने पर होता है कहते हैं उसे समयतन भी नहीं व्यक्ति का मन भी रोता है।

मां के आंचल की छाया के समक्ष कोई छाया नहीं हो सकती। जननी के बिना जगत अधूरा होता है। मां ही किसी भी व्यक्ति के लिए प्रथम पाठशाला है जो संस्कारों का पाठ पढ़ाती है। जीवन मार्ग को प्रशस्त करती है, पार्थिव देह छोड़ भी दे मां तो भी आशीर्वाद से परिवार को सशक्त करती है। इसीलिए मातृ वन्दना के लिए यह पंक्तियां सार्थक हैं-

***मां ही शक्ति है मां ही पूजा।***
***मां के समान नहीं कोई दूजा।***

X



**भजनलाल शर्मा,** मुख्यमंत्री, राजस्थान
@BhajanLalBJP
गौरवमयी क्षण...!!! भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) द्वारा आज सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र, श्रीहरिकोटा, आंध्र प्रदेश से SSLV-D3/EOS-08 मिशन की तृतीय एवं अंतिम विकासात्मक उड़ान का सफल प्रक्षेपण ऐतिहासिक उपलब्धि है। इस स्वर्णिम सफलता पर हम सभी देशवासी अत्यंत गौरवान्वित हैं।



**योगी आदित्यनाथ,** मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश
@myogiadityanath
आज लखनऊ से जनपद बांदा में @avaadagroup के 70 मेगावाट के सौर ऊर्जा संयंत्र का वर्चुअल माध्यम से उद्घाटन किया। यह सोलर प्लांट बुंदेलखण्ड के विकास के लिए मील का पत्थर साबित होगा। अत्यंत प्रसन्नता है कि उत्तर प्रदेश ग्लोबल इन्वेस्टर समिट (UPGIS) के एमओयू सफलतापूर्वक धरातल पर उतर रहे हैं।

## जम्मू कश्मीर व हरियाणा में चुनाव तिथियों की घोषणा

# चुनावी चौसर पर मुद्दों को धार



गजानन्द शर्मा
वरिष्ठ पत्रकार

*हरियाणा की सभी 90 विधानसभा सीटों के लिए एक अक्टूबर को मतदान होगा, वहीं जम्मू-कश्मीर में तीन चरणों में 18 सितंबर से 1 अक्टूबर के बीच मतदान होगा।*




इस साल जिन चार राज्यों में विधानसभा चुनाव होने हैं, उनमें से दो राज्यों हरियाणा और जम्मू कश्मीर में चुनाव का बिगुल बज गया है। दो अन्य राज्यों महाराष्ट्र और झारखंड में चुनावों की तिथियों की अभी घोषणा होनी शेष हैं। हरियाणा की सभी 90 विधानसभा सीटों के लिए एक अक्टूबर को मतदान होगा, वहीं जम्मू-कश्मीर में तीन चरणों में 18 सितंबर से 1 अक्टूबर के बीच मतदान होगा। दोनों ही राज्यों में मतगणना चार अक्टूबर को होगी। चूंकि जम्मू कश्मीर में चुनाव के लिए अच्छी खासी संख्या में सुरक्षा बलों की जरूरत पड़ेगी, संभवतः इसलिए आयोग ने चारों राज्यों में चुनाव एक साथ नहीं कराना ही उचित समझा है। महाराष्ट्र और झारखंड के लिए आयोग स्थानीय त्योहारों तथा अन्य बातों को ध्यान में रखते हुए बाद में चुनाव तिथियों की घोषणा करेगा। वैसे चारों राज्यों में चुनावी चौसर पहले ही सज चुकी है और वहां सियासी दौड़ और होड़ सीटों के तालमेल और रणनीति पर मंथन की चल रही है। कांग्रेस गत मंगलवार को एक अहम बैठक कर चारों राज्यों के विधानसभा चुनावों समेत विभिन्न मुद्दों पर मंथन कर चुकी है, वहीं भाजपा की बैठक 17 अगस्त होनी है, जिसमें वह पार्टी के नए अध्यक्ष के चुनाव समेत चार राज्यों के विधानसभा चुनाव पर भी मंत्रणा करेगी।

वैसे इन चुनावों के लिए चुनाव मुद्दे लगभग पहले से तय हैं। कांग्रेस व विपक्षी गठबंधन में शामिल अन्य दल हिंडनबर्ग की ताजा रिपोर्ट को लेकर सरकार पर पहले से ही हमलावर हैं और अडाणी समूह तथा सेबी प्रमुख माधवी बुच पुरी के खिलाफ लगे आरोपों की संयुक्त संसदीय समिति से जांच कराने की मांग कर रहे हैं। इसके साथ ही कांग्रेस इस मुद्दे को लेकर 22 अगस्त को देशभर में प्रदर्शन की घोषणा कर चुकी है। यह आंदोलन चुनावी चौसर पर मुद्दों की चाल की शुरुआत है। इसके अलावा कांग्रेस व विपक्षी गठबंधन में शामिल अन्य दलों द्वारा जातिगत जनगणना और अनुसूचित जाति व जनजाति के लिए आरक्षण पर सुप्रीम कोर्ट के निर्णय और क्रीमीलेयर संबंधी सुझाव पर सरकार को घेरना तय है। हालांकि सरकार पहले ही साफ कर चुकी है कि इन दोनों वर्गों के लिए आरक्षण की मौजूदा स्थिति में बदलाव की उसकी कोई मंशा नहीं है, लेकिन विपक्ष सरकार की इस बात को सुनने वाला नहीं है। कांग्रेस इस मसले पर संसद में विधेयक लाकर रुख स्पष्ट करने की बात पहले ही सरकार से कह चुकी है, इसलिए साफ है कि वह विधानसभा चुनाव में इन मुद्दों को लेकर सरकार को घेरेगी। इसके अलावा अग्निवीर और एमएसपी जैसे मुद्दे विपक्ष के एजेंडे में पहले से ही हैं, जिस पर वे अब जमकर धार देंगे। दूसरी ओर भाजपा को अब इन मुद्दों के वार से बचना है।

लोकसभा चुनाव में उसके खिलाफ संविधान बदलने और आरक्षण समाप्त करने की विपक्ष की कथा के नुकसान का उसे अनुमान है। इसके साथ ही इन चुनावों में बांग्लादेश का हाल का घटनाक्रम भी प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से मुद्दा बनकर उठेगा। भाजपा नेता बांग्लादेश में हाल में हुए तख्ता पलट व शेख हसीना के प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा देने के बाद पड़ोसी हिंदुओं के हुए उत्पीड़न के सवाल पर कांग्रेस व अन्य विपक्षी दलों को उनके कथित मौन को लेकर घेरने में शायद ही परहेज करें। पीएम मोदी ने 15 अगस्त पर लाल किले की प्राचीर से अपने संबोधन में बांग्लादेश में हिंदुओं के खिलाफ हुई हिंसा के मुद्दे का प्रमुखता से जिक्र किया था। इसके साथ ही उन्होंने सेक्युलर सिविल कोड की बात कह कर संकेत दे दिया कि समान नागरिक संहिता का मुद्दा अब आगे बढ़ने वाला है, इसलिए इस चुनाव में समान नागरिक संहिता व वक्फ संशोधन विधेयक को लेकर भाजपा द्वारा विपक्षी दलों पर प्रहार किए जाने की संभावना है। परिवारवाद,भ्रष्टाचार जैसे मुद्दे तो भाजपा के तरकश में पहले से ही मौजूद हैं। हरियाणा में राज्य की भाजपा सरकार एमएसपी के मुद्दे की काट के लिए कई फसलों को एमएसपी दर पर खरीदने की पहले ही घोषणा कर चुकी है। हां, हरियाणा में सामाजिक समीकरण साधना किसी भी दल के लिए आसान नहीं है। ये चुनाव भाजपा नीत राजग खासकर भाजपा के लिए एक और अग्नि परीक्षा के समान हैं। परीक्षा तो यह विपक्षी गठबंधन इंडिया के लिए भी है जिसने हाल ही में हुए लोकसभा चुनाव में अपनी स्थिति में सुधार किया है। भाजपा के लिए यह अग्नि परीक्षा इसलिए है कि हरियाणा में उसकी सरकार दांव पर है। हरियाणा में वर्तमान में भाजपा की सरकार है, जहां हाल ही हुए लोकसभा चुनाव में उसे गहरा झटका लगा था। हरियाणा में उसको पिछले चुनाव की तुलना में पांच सीटें गंवानी पड़ी थी। हरियाणा में उसका जननायक जनता पार्टी से गठबंधन टूट चुका है और अब वह अपने ही बूते पर चुनाव मैदान में उतरने वाली है, वहीं जम्मू कश्मीर में अनुच्छेद 370 समाप्त होने के बाद पहली बार विधानसभा चुनाव हो रहे हैं।

> *पीएम ने सेक्युलर सिविल कोड की बात कहकर संकेत दे दिया कि समान नागरिक संहिता का मुद्दा अब आगे बढ़ने वाला है, इसलिए इस चुनाव में समान नागरिक संहिता व वक्फ संशोधन विधेयक को लेकर भाजपा द्वारा विपक्षी दलों पर प्रहार किए जाने की संभावना है।*

चुनाव क्षेत्रों में परिसीमन का काम पहले ही हो चुका है। इसके बाद कुछ विधानसभा क्षेत्रों का भूगोल बदल गया है और विधानसभा क्षेत्रों की संख्या भी बदल गई हैं। अब वहां विधानसभा सीटों की संख्या 90 हो गई है। इस तरह जम्मू क्षेत्र में 43 और कश्मीर क्षेत्र में 47 सीटों पर चुनाव होने हैं। राज्य के पुनर्गठन से पहले जम्मू कश्मीर में चुनाव 2014 में हुए थे और तब 87 सीटों के लिए वोट पड़े थे। इसमें 4 सीटें लद्दाख क्षेत्र की शामिल थी। अब लद्दाख अलग केंद्र शासित प्रदेश है। तब चुनावों के बाद एक अप्रत्याशित कदम के तहत भाजपा और पीडीपी ने मिलकर सरकार बनाई थी, लेकिन एक मोड़ पर आकर यह गठबंधन टूट गया। इसके बाद जो हुआ वह अब इतिहास बन गया है। अब देखना है कि राज्य में क्या कोई नए सियासी समीकरण बनते हैं? इस केंद्र शासित प्रदेश में विधानसभा चुनाव पूर्ण राज्य के दर्जे की बहाली के बिना हो रहे हैं। राज्य में वर्तमान में सबसे बड़ा चुनावी मुद्दा राज्य के दर्जे की बहाली का ही है। सभी राजनीतिक दल लगातार यह मांग कर रहे हैं, हालांकि केंद्र सरकार पहले ही कह चुकी है कि जम्मू कश्मीर को पूर्ण राज्य का दर्जा बहाल किया जाएगा, लेकिन सवाल यहां अटका है कि कब? यदि पूर्ण राज्य के दर्जे की बहाली की घोषणा विधानसभा चुनाव से पहले हो जाती तो यह एक बड़ा सकारात्मक कदम होता, लेकिन फिलहाल चुनावों की घोषणा भी बहुत अहम है। इससे लोकतांत्रिक प्रक्रिया की बहाली का मार्ग प्रशस्त हो गया है।

सुप्रीम कोर्ट इसके लिए चुनाव आयोग को पहले ही आदेश दे चुका है, हालांकि वहां पर चुनाव कराना सुरक्षा की दृष्टि से बहुत ही चुनौती पूर्ण है। जम्मू क्षेत्र में हाल के दिनों में बढ़ी आतंकी गतिविधियों के मद्देनजर वहां सुरक्षा की स्थिति बहुत ही विकट हो गई है। आतंकी दुर्गम इलाकों में सैन्य दस्तों पर घात लगाकर हमला कर रहे हैं और ऐसी खबरें आ रही हैं कि वे घातक हथियारों से लैस हैं, इसलिए चुनावों के लिए सुरक्षा इंतजाम भी इसी बात को ध्यान में रखकर किए जाने हैं। यह बात तय है कि आतंकी चुनावी प्रक्रिया में बाधा डालने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे, लेकिन आतंकियों के डर से चुनावों को अनिश्चितकाल तक टाला भी नहीं जा सकता। जम्मू कश्मीर में सबसे बड़ा मुद्दा आतंकवाद को परास्त करने के साथ ही राज्य को पूर्ण राज्य के मुकाम तक लेकर जाना है, इसलिए वहां राजनीतिक दलों की चुनाव मैदान में भागीदारी भी बहुत अहम होगी। नेशनल कॉन्फ्रेंस के नेता फारूक अब्दुल्ला की यह घोषणा सकारात्मक पहल है कि वह राज्य विधानसभा का चुनाव लड़ेंगे। जम्मू कश्मीर में शांति स्थापित करने के लिए जरूरी है कि वहां लोकतांत्रिक तरीके से कोई नया प्रभावशाली स्थानीय नेतृत्व उभर कर आए। लोकसभा चुनाव के दौरान जम्मू कश्मीर के मतदाताओं ने जिस तरह का उत्साह दिखाया था, वह आतंकियों को रास नहीं आया। संभवतः इसलिए वे चुनावों से पहले हिंसा का सहारा ले रहे हैं, लेकिन आतंकियों के इस मंसूबों को नाकाम करने की चुनौती का सामना मतदाताओं और प्रशासन दोनों को मिलकर करना है। कोई भी हिंसा जनता के लोकतांत्रिक मंसूबों की जीत को नहीं रोक सकती। जम्मू कश्मीर में अब लोकतंत्र की जीत सुनिश्चित करनी है।

***(ये लेखक के निजी विचार हैं)***

## नजरिया

# राजनीति का यूं दिशाहीन हो जाना अच्छी बात नहीं



राजेंद्र बज
व्यंग्यकार

इसमें कोई दो मत नहीं कि परतंत्रता के दौर में व्यापक जनहित के प्रति समर्पित विचारधारा निस्वार्थ भाव से राष्ट्रभक्ति की प्रेरणा जागृत करती थी। नीति और सिद्धांतों पर आधारित राजनीति का ताना-बाना नागरिकों को पराधीनता के दौर से मुक्ति दिलाने का था। स्वतंत्रता पश्चात प्रारंभिक दो-तीन दशकों तक तो व्यापक जनहित के प्रति समर्पित विचारधारा के साथ राजनीति की जाती रही। सेवा और समर्पण का भाव राजनीतिज्ञों के चरित्र में शुमार होता देखा गया। राजनीतिज्ञों द्वारा उस दौर में उच्चस्तरीय आदर्शों को आत्मसात किया जाता रहा था। लेकिन इसके पश्चात राजनीतिज्ञों की महत्वाकांक्षा निरंतर परवान चढ़ने लगी। व्यक्तिवादी विचारधारा के आधार पर राजनीतिक दलों का गठन हुआ। विभिन्न राजनीतिक दलों के बीच परस्पर सत्ता संघर्ष का दौर भी दिखाई दिया।

देखते ही देखते राजनीति का मुख्य लक्ष्य विलोपित हो गया तथा स्वार्थसिद्धि के प्रभावशाली साधन के रूप में राजनीति का इस्तेमाल किया जाने लगा। इन तमाम विकृतियों के चलते स्वस्थ लोकतंत्र की स्वस्थ परंपरा को पुनः विकसित किए जाने की नितांत आवश्यकता है। इन संदर्भों में यह अत्यंत जरूरी है कि आम नागरिक राजनीति के प्रति अपनी अभिरुचि जागृत करें। यह जरूरी नहीं कि राजनीतिक सक्रियता ही अपेक्षित है। अपितु आशय महज इतना है कि आम नागरिक राजनीतिक दलों की नीति और नियत को लेकर अपना मत स्थापित करें। अलग-अलग दलों की अलग-अलग विचारधाराओं का अपने स्तर पर मूल्यांकन करें। सही का चयन करें और गलत को नजरअंदाज करें। इस बात का यह आशय भी है कि सही का पक्ष ले तथा गलत का विरोध ना करें तो ना करें लेकिन उसे नजरअंदाज करके चले।

निश्चित रूप से आम नागरिकों की राजनीतिक जागृति राजनीति के शुद्धिकरण की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन करेगी। दरअसल आम नागरिकों का राजनीति के प्रति अनासक्ति का भाव राजनीति के निरंतर दूषित होते रहने का प्रमुख कारण रहा है। जन जागृति द्वारा ही राजनीतिज्ञों की बेलगाम मनोवृति पर प्रभावी रूप से अंकुश लगाया जा सकता है। विभिन्न राजनीतिक दल आम नागरिकों की राजनीति के प्रति अरुचि के चलते अपराध वृत्ति में लिप्त चेहरों को भी चुनावी समर में उतारते रहे हैं। विकल्प के अभाव में आम नागरिकों के सम्मुख छोटी बुराई या बड़ी बुराई इनमें से ही किसी एक का चयन करना होता है। नागरिकों की इस दुविधा के मूल कारण में उनकी राजनीति के प्रति अरुचि ही है। समाज के प्रबुद्ध एवं संभ्रांत समझे जाने वाले वर्ग के लिए राजनीति को हेय दृष्टि से देखा जाता है।

दरअसल इस स्थिति को बदलना होगा। अन्यथा लोकतंत्र में लोकतंत्र की धारणा के अनुरूप लोकतंत्र कहीं दिखाई नहीं देगा। राजनीति में धनबल और बाहुबल का वर्चस्व राजनीति के अपराधीकरण का कारण बनता रहा है। ऐसे दौर में नागरिकों द्वारा जागृत अवस्था में दिए गए जनादेश से विसंगतियों से पार पाया जा सकता है। वर्तमान राजनीतिक परिदृश्य में राजनीति का जो विकृत स्वरूप दिखाई देता है, उसके मूल में राजनीति के मैदान को नागरिकों द्वारा खुला छोड़ देना है। सीधे तौर पर यदि कहा जाए तो नागरिकों की राजनीति के प्रति अनासक्ति के चलते राजनीति निरंतर दूषित होती रही है। मनमानी नीति और मनमाने निर्णयों के आधार पर जोड़-तोड़ के सहारे बनती सरकारें, परस्पर विपरीत विचारधारा का सत्ता के लिए ध्रुवीकरण और वर्ग विशेष के हित साधन की रीति नीति के चलते राजनीतिक शुचिता और पवित्रता लगातार दांव पर लगती रही है।

यह सब एकाएक नहीं हुआ। दरअसल राजनीतिक दलों की गंभीर से गंभीरतम गलतियों पर भी जब नागरिकों ने विशेष संज्ञान नहीं लिया तब इन दलों के हौसले निरंतर बढ़ते ही गए। आम नागरिकों को जैसे चाहे वैसे बरगलाया जाता रहा। सब्जबाग दिखाए गए और कभी ना पूरे होने वाले वादों के सहारे चुनावी वैतरणी पार की जाती रही। आज भी यह सिलसिला बदस्तूर जारी है। दल बदले, चेहरे बदले किंतु व्यवस्था को व्यवस्थित कर देने के जमीनी प्रयास बहुत कम सार्थक सिद्ध हो पाए। परिणामस्वरूप विकृतियों के जाल का जंजाल हर दौर में देश-प्रदेश को समस्या प्रधान ही बनाता गया। ऐसे में नागरिकों की राजनीतिक चेतना ही तमाम विसंगतियों का निदान कर सकेगी।

# नई बुलंदियों पर भारत और वियतनाम के संबंध



अरविंद जयतिलक
स्वतंत्र टिप्पणीकार

वियतनाम के प्रधानमंत्री फाम मिन्ह चिन्ह की भारत यात्रा दोनों देशों के सभ्यतागत संबंधों में मिठास घोलने वाला है। दोनों देशों ने आपसी संबंधों को परवान चढ़ाते हुए कई अहम समझौते को आकार दिया है। निःसंदेह इन समझौतों से दोनों देशों की आर्थिक गतिविधियों को पंख लगना तय है।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि पिछले 10 वर्षों में हमने अपने संबंधों को व्यापक आयाम दिया है। आज उसी का नतीजा है कि हमारे द्विपक्षीय व्यापार में 85 फीसद से अधिक की बढ़ोत्तरी हुई है। दोनों देशों के बीच 300 मिलियन डॉलर की क्रेडिट लाइन पर सहमति बनी है। इससे वियतनाम की मेरीटाइम सिक्योरिटी मजबूत होगी। इसके अलावा एनर्जी, टेक्नालॉजी, कृषि, मत्स्य पालन जैसे कई मसलों पर भी सहमति बनी है जिससे विकास देशों के आर्थिक कारोबार को गति मिलेगी। दोनों देश इस बात पर भी सहमत हैं कि आपसी व्यापार को और अधिक गति देने के लिए आसियान-इंडिया टेड इन गुड्स एग्रीमेंट की समीक्षा की जानी चाहिए। डिजिटल पेमेंट कनेक्टिविटी के लिए भी दोनों देशों के सेंट्रल बैंकों के बीच करार हुआ है। दोनों देश ग्रीन इकॉनामी और न्यू इमर्जिंग टेक्नॉलाजी क्षेत्र में मिलकर काम करने को तैयार हैं।

प्रधानमंत्री मोदी ने वियतनाम और भारत के परंपरागत संबंधों का हवाला देते हुए कहा कि बौद्ध धर्म दोनों देशों की साझा विरासत है। दोनों देश के लोग आध्यात्मिक चेतना से जुड़े हैं। उन्होंने वियतनाम के नागरिकों और युवाओं का आह्वान किया कि वे भारत के बौद्ध सर्किट के अलावा नालंदा विश्वविद्यालय का लाभ उठाएं। प्रधानमंत्री मोदी ने वियतनाम की महत्ता को रेखांकित करते हुए स्पष्ट किया कि वह हमारी एक्ट ईस्ट पॉलिसी और हमारे इंडो-पैसिफिक विजन का महत्वपूर्ण साझीदार है। प्रधानमंत्री मोदी ने सीडीआरआई में शामिल होने के लिए भी वियतनाम के निर्णय की सराहना की। उन्होंने भरोसा दिया कि भारत फ्री, ओपन रुल्स बेस्ड और समृद्ध इंडो-पैसिफिक के लिए अपना सहयोग जारी रखेगा। दोनों देशों के बीच बढ़ती प्रगाढ़ता का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि दोनों देशों ने वर्ष 2017 को 'मित्रता वर्ष' के रुप में मनाया। अतीत में जाएं तो दोनों देश लंबे समय से ऐतिहासिक, सांस्कृतिक, आर्थिक व सामरिक संबंधों के डोर से बंधे हुए हैं। दोनों देशों ने औपनिवेशिक सत्ता के खिलाफ संघर्ष किया और दोनों ही 'नाम' के सदस्य हैं। जिस समय वियतनाम फ्रांसीसी उपनिवेश के विरुद्ध संघर्ष कर रहा था उस समय भारत ने उसका भरपूर सहयोग किया। कंबोडिया के ख्मेर रॉग शासन के विरुद्ध भी भारत ने वियतनाम का समर्थन किया। जहां तक आर्थिक-कारोबार का संबंध है तो द्विपक्षीय सहयोग के लिए संस्थागत प्रक्रिया के रुप में दोनों देश एक आर्थिक, वैज्ञानिक व प्रौद्योगिकी सहयोग के लिए वर्षों पहले संयुक्त आयोग की स्थापना कर चुके हैं। उसी का नतीजा है कि भारत-वियतनाम द्विपक्षीय व्यापार विगत वर्षों में तेजी से प्रगति कर रहा है। बता दें कि इसके क्रियान्वयन के लिए कार्यवाही योजना पर 2004 में हस्ताक्षर किए गए थे।

> *चीन को समझना होगा कि वह अपनी धौंसबाजी से वियतनाम को डरा नहीं सकता। उसे एक अच्छे-सच्चे पड़ोसी की तरह आचरण करना होगा। इसलिए और भी कि भारत वियतनाम के साथ है और उसके साथ किसी भी तरह की सीनाजोरी पर भारत अपनी आंख बंद नहीं कर सकता। भारत और वियतनाम की बढ़ती निकटता से उम्मीद है कि आने वाले वर्षों में दोनों देश कुटनीतिक, व्यापारिक व सामरिक साझेदारी का एक नया अध्याय लिखेंगे और समान रणनीतिक हित के मुद्दे पर एकदूसरे का पूरक बनेंगे।*

दोनों देशों द्वारा 2003 के समझौते में अंतर्राष्ट्रीय मामलों पर एकदूसरे के हितों के संरक्षण में सहायता देने के लिए संयुक्त राष्ट्रसंघ तथा अन्य अंतराष्ट्रीय समुदाय में एकदूसरे का मदद का भरोसा दिया गया। अच्छी बात यह है कि दोनों एकदूसरे की कसौटी पर खरा उतर रहे हैं। वियतनाम लगातार भारत के नाभिकीय उर्जा के शांतिपूर्ण प्रयोग के रुख का समर्थन किया है और साथ ही संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में भारत की स्थायी सदस्यता का समर्थक भी है। भारत भी विश्व व्यापार संगठन में वियतनाम के प्रवेश का समर्थन कर चुका है। दोनों देश गंगा-मेकांग सहयोग में भी शामिल हैं तथा निवेश में रुचि दिखा रहे हैं जिससे आज आसियान में वियतनाम भारतीय विदेशी प्रत्यक्ष निवेश का सर्वाधिक प्राप्तकर्ताओं वाले देशों में शुमार हो गया है। दोनों देश उर्जा के क्षेत्र में भी बढ़-चढ़कर एकदूसरे का सहयोग कर रहे हैं।

वियतनाम उर्जा समृद्ध देश है वहीं भारत को उर्जा की अधिक आवश्यकता है। तेल और गैस के उत्पादन में वियनताम एक अग्रणी देश है और उसके समर्थन-सहयोग से भारत की ओएनजीसी कंपनी वहां तेल व गैस की खोज में लगी हुई है। ओएनजीसी और पेट्रोवियतनाम पेट्रोलियम भागीदारी समझौता कर चुके हैं। वियतनाम भारत की तीन परियोजनाओं में 26 मिलियन डॉलर का निवेश कर रखा है। इसमें ओएनजीसी, एनआइवीएल, नगोन कॉफी, टेक महिंद्रा एवं सीसीएल शामिल हैं। शिक्षा के क्षेत्र में भी दोनों देश एकदूसरे का सहयोग कर रहे हैं। भारत सरकार प्रत्येक वर्ष वियतनामी छात्रों और शोधकर्ताओं को भारतीय संस्थाओं में अध्ययन के लिए हजारों हजारों छात्रवृत्तियां प्रदान कर रही हैं। इसके अतिरिक्त भारत वियतनाम के आईटी क्षेत्र में कार्यरत कर्मचारियों को प्रशिक्षण देने में सहायता कर रहा है।

मौजूदा समय में भारत तेजी से ज्ञान अर्थव्यवस्था के रुप में उभर रहा है और यह ज्ञान क्षेत्र में वियतनाम के मानव संसाधन क्षेत्र को प्रशिक्षित कर सकता है। दोनों देशों के बीच समुद्री सुरक्षा के क्षेत्र में असीम संभावनाएं हैं। दोनों देश एकदूसरे की मदद से समुद्री मार्गों को सुरक्षित कर सकते हैं और साथ ही समुद्री डकैतियों को रोक सकते हैं। गौरतलब है कि वियतनाम अपने 'कॉन-रैन्थ-हार्बर' में सैनिक अड्डा स्थापित करने के लिए भारत को आमंत्रित कर चुका है। यह अड्डा पहले सोवियत अड्डा था। अगर भारत इसमें रुचि दिखाता है तो निःसंदेह दक्षिण चीन सागर में चीनी गतिविधियों पर नजर रखने में मदद मिलेगी। यह तथ्य है कि भारत और वियतनाम दोनों दक्षिण चीन सागर में चीन की बढ़ती गतिविधियों को लेकर चिंतित हैं। दक्षिण चीन सागर के कुछ द्वीपों को लेकर भी चीन व वियतनाम के बीच तनातनी बनी हुई है। वियतनाम का कहना है कि ऐतिहासिक रुप से इस क्षेत्र पर उसका दावा है। उसके मुताबिक 17 वीं शताब्दी तक पैरासेल्स और स्पार्टलेज उसके अधीन थे।

***(ये लेखक के निजी विचार हैं)***

**महाराष्ट्र:** शिवसेना (यूबीटी) नेता ने कहा- कांग्रेस-राकांपा (एसपी) जिसे भी सीएम का चेहरा घोषित करेंगे, वह स्वीकार्य होगा

# पहले CM फेस घोषित करें, फिर चुनाव प्रचार में जुटे एमवीए: उद्धव ठाकरे

एजेंसी | मुंबई

महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव की तिथियों की घोषणा अभी होनी शेष हैं, लेकिन राज्य में मुख्यमंत्री चेहरे को लेकर विपक्षी गठबंधन महा विकास अघाड़ी में बयानबाजी थम नहीं रही है। शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे ने शुक्रवार को फिर चुनाव से पहले ही मुख्यमंत्री पद का चेहरा घोषित करने पर जोर दिया और कहा कि वह महा विकास आघाडी (एमवीए) की ओर से घोषित ऐसे किसी भी उम्मीदवार का समर्थन करेंगे। वहीं , कांग्रेस यह कहती रही है कि मुख्यमंत्री आगामी विधानसभा चुनाव में सबसे अधिक सीट जीतने वाली पार्टी को मिलना चाहिए। राकांपा (एसपी) प्रमुख शरद पवार भी सीएम फेस घोषित करने के पक्ष में नहीं है।

उद्धव ठाकरे ने शुक्रवार को एमवीए कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि अगर लोकसभा चुनाव लोकतंत्र और संविधान की रक्षा के लिए हुए हैं तो विधानसभा चुनाव महाराष्ट्र के स्वाभिमान को बचाने की लड़ाई है। उन्होंने कहा



कि वह इस विचार का समर्थन नहीं करते कि अधिकतम विधायकों वाली पार्टी को मुख्यमंत्री पद मिले। उद्धव ठाकरे के इस बयान से साफ है कि वह मुख्यमंत्री पद सबसे ज्यादा सीटें जीतने वाली पार्टी को देने के इच्छुक नहीं हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार का फैसला पहले किया जाना चाहिए न कि चुनाव में सबसे अधिक सीट जीतने वाली पार्टी के तर्क वाले आधार पर किया जाए। ठाकरे ने कहा कि जिसके पास अधिक संख्या होगी उसे मुख्यमंत्री का पद मिलेगा, नीति को 'नुकसानदेह' करार दिया। उनका मानना है कि इससे एक दल, अपने गठबंधन में बढ़त बनाए रखने के लिए दूसरे दल के उम्मीदवार को हराने की कोशिश करेगा।

ठाकरे ने कहा, पहले (मुख्यमंत्री का चेहरा) फैसला करें और फिर आगे बढ़ें लेकिन अधिकतम सीटों वाली पार्टी का सीएम बने की नीति के अनुसार न चलें। उन्होंने कहा, उद्धव ठाकरे कांग्रेस और राकांपा (एसपी) द्वारा एमवीए के मुख्यमंत्री चेहरे के रूप में घोषित किसी भी उम्मीदवार का समर्थन करेगा। मैं अपने लिए नहीं लड़ रहा हूं बल्कि महाराष्ट्र के अधिकारों के लिए लड़ रहा हूं। ठाकरे ने एमवीए कार्यकर्ताओं से निजी स्वार्थों से ऊपर उठने और महाराष्ट्र के गौरव और हित की रक्षा के लिए लड़ने के लिए कहा। उन्होंने उनसे राज्य में विपक्षी गठबंधन का 'दूत' बनने का भी आग्रह किया। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा अपने संबोधन में देश में धर्मनिरपेक्ष नागरिक संहिता की वकालत किए जाने पर ठाकरे ने सवाल किया कि क्या उन्होंने हिंदुत्व छोड़ दिया है?

### हमारा काम CM चेहरा आगे करना नहीं: पटोले

उद्धव ठाकरे ने प्रदेश कांग्रेस प्रमुख नाना पटोले से कहा कि वह बताएं कि मुख्यमंत्री पद का चेहरा कौन होगा? इस पर पटोले ने कहा कि हमारा काम मुख्यमंत्री का चेहरा आगे करना नहीं है। महाविकास अघाड़ी के सभी नेता साथ में बैठकर इसका फैसला करेंगे। वहीं शरद पवार ने भी नाना पटोले का मौन समर्थन कर दिया।

### बिहार उपचुनाव में प्रत्याशी खड़े करेंगे प्रशांत किशोर



**गया।** चुनावी रणनीतिकार व जन सुराज के सूत्रधार प्रशांत किशोर आगामी विधानसभा उपचुनाव में अपने संगठन के प्रत्याशी उतारने की घोषणा की है। ज्ञात रहे कि प्रशांत किशोर 2 अक्टूबर को अपनी नई पार्टी का गठन करेंगे। उन्होंने कहा कि अगर 2 अक्टूबर के बाद उपचुनाव हुए तो जन सुराज के टिकट पर प्रत्याशी उतारे जाएंगे। वहीं, अगर इससे पहले उपचुनाव हुए तो निर्दलीय प्रत्याशी उतारकर उन्हें समर्थन दिया जाएगा। प्रशांत किशोर ने शुक्रवार को गया में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि हाल ही में उन्होंने इमामगंज का दौरा किया है। एक-दो दिन में वे बेलागंज भी जाने वाले हैं। इन दोनों ही विधानसभा क्षेत्रों में उपचुनाव होने वाले हैं। उन्होंने इन दोनों सीटों पर जन सुराज से प्रत्याशी उतारने के संकेत दिए हैं।

### यूपी: निषाद पार्टी दो सीटों पर लड़ेगी उपचुनाव

**लखनऊ।** राजग में शामिल निषाद पार्टी ने उत्तर प्रदेश में 10 सीटों के लिए होने वाले विधानसभा उपचुनाव में दो सीटों पर चुनाव लड़ने की घोषणा की है। उन्होंने कहा कि पार्टी अपने चुनाव चिह्न पर ये चुनाव लड़ेगी। योगी सरकार में मंत्री संजय निषाद पार्टी के स्थापना दिवस पर आयोजित समारोह में यह घोषणा की। उनके इस कदम को दबाव की राजनीति माना जा रहा है। लोकसभा चुनाव में भी संजय निषाद को राजग की तरफ से दो सीटें मिली थीं, लेकिन दोनों पर प्रत्याशी भाजपा के ही चुनाव निशान पर उतारे गए थे। उन्होंने कार्यकर्ताओं को आगामी विधानसभा चुनाव में राजग के समर्थन में प्रचार-प्रसार करने के साथ ही सभी सीटों पर एनडीए की जीत दर्ज कराने का आह्वान किया।

**J&K में विधानसभा चुनाव:** सुरक्षा के होंगे कड़े इंतजाम

# चुनाव घोषणा से पहले कई वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के तबादले

■ नलिन प्रभात होंगे नए पुलिस महानिदेशक, फिलहाल विशेष महानिदेशक का पद संभालेंगे, डीजी स्वैन 30 सितंबर को होंगे सेवानिवृत्त

■ चुनाव परिणामों की घोषणा: 4 अक्टूबर

एजेंसी | श्रीनगर

जम्मू कश्मीर विधानसभा चुनाव की घोषणा से पहले शुक्रवार को बड़ा फेरबदल करते हुए प्रशासन ने कई वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों समेत 100 अधिकारियों का तबादला कर दिया, वहीं खुफिया शाखा को नया प्रमुख मिल गया। जम्मू-कश्मीर प्रशासन ने तीन अलग-अलग आदेशों में वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को तत्काल प्रभाव से स्थानांतरित किया। भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के वरिष्ठ अधिकारी नलिन प्रभात को जम्मू-कश्मीर पुलिस का विशेष महानिदेशक नियुक्त किए जाने के एक दिन बाद यह फैसला लिया गया। 30 सितंबर को आर आर स्वैन के सेवानिवृत्त होने के बाद प्रभात बल के प्रमुख की भूमिका संभालेंगे। केंद्र शासित प्रदेश के पुलिस बल में स्थानांतरण एवं नियुक्तियों को केंद्र शासित प्रदेश में विधानसभा चुनाव से जोड़कर देखा जा रहा है। सरकार की ओर से जारी एक आदेश में कहा गया है कि प्रशासन के हित में नीतीश कुमार, आईपीएस, एडीजीपी सीआईडी को सीआईडी प्रमुख के रूप में नियुक्त किया जाता है।राज्य विधानसभा चुनाव के लिए कड़े सुरक्षा प्रबंध किए जाएंगे।



### जम्मू कश्मीर:किस जिले में होगा कब मतदान

**प्रथम चरण: 18 सितंबर**
पुलवामा, सोंपियां , कुलगाम, अनंतनाग, रामबन, डोडा और किश्तवाड़ जिलों की 24 सीटों पर मतदान।

**द्वितीय चरण: 25 सितंबर**
पुंछ, राजौरी, बडगाम, श्रीनगर, गंदेरबल और रियासी जिलों की 26 सीटों पर मतदान

**तृतीय चरण- 1 अक्टूबर**
हिमाचल और पंजाब से लगे कठुआ जिले के साथ साथ उधमपुर , सांबा और जम्मू जिलों के अलावा उत्तर कश्मीर के बारामूला, कुपवाड़ा और बांदीपोरा जिले की 40 सीटों पर पड़ेंगे वोट

### प्रथम चरण के लिए अधिसूचना 20 को होगी जारी

मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने बताया कि 90 सदस्यीय जम्मू कश्मीर विधानसभा चुनाव के पहले चरण में 24 सीटों के लिए अधिसूचना अमरनाथ यात्रा समाप्त होने के अगले दिन 20 अगस्त को जारी की जाएगी और नामांकन पत्र 27 अगस्त तक दायर किए जा सकेंगे। नामांकन पत्रों की जांच 28 अगस्त को और नाम वापस लेने की अंतिम तिथि 30 अगस्त होगी। दूसरे चरण की 26 सीटों के लिए अधिसूचना 29 अगस्त को जारी की जाएगी। इस चरण में पांच सितंबर तक नामांकन भरे जा सकेंगे तथा नामांकन पत्रों की जांच 6 सितम्बर को की जाएगी। नाम वापसी की अंतिम तिथि 9 सितम्बर होगी। तीसरे के लिए अधिसूचना 5 सितंबर को जारी की जाएगी और नामांकन 12 सितंबर तक किए जाएंगे। नामांकन पत्रों की जांच 13 सितंबर को होगी। नाम वापस लेने की अंतिम तिथि 17 सितम्बर होगी।

### यह होगी विधानसभा

- 90 सदस्यीय है जम्मू कश्मीर विधानसभा
- 87.09 कुल मतदाता
- 42.6 लाख महिला मतदाता हैं शामिल
- 20 लाख के करीब युवा मतदाता शामिल
- 3.71 लाख मतदाता पहली बार करेंगे मतदान
- 1838 पोलिंग स्टेशन बनाए गए
- 20 अगस्त को जारी होगी मतदाता सूची

### यह है सीटों का समीकरण

जम्मू-कश्मीर में 5 अगस्त, 2019 के बाद राजनीतिक स्थितियां भी बदली हैं। अनुच्छेद 370 हटने और राज्य के पुनर्गठन के बाद जम्मू-कश्मीर को केंद्र शासित प्रदेश घोषित किया गया है। इसके अलावा अब यहां कुल 90 विधानसभा सीटें हैं। पहले यहां 87 सीटें होती थीं, जिनमें 4 सीटें लद्दाख की थीं। ऐसे में पुनर्गठन के बाद लद्दाख जब अलग केंद्र शासित प्रदेश बना तो जम्मू-कश्मीर में 83 सीटें ही बची थीं। फिर चुनाव आयोग ने परिसीमन के बाद 7 सीटों का इजाफा कर दिया और अब कुल 90 सीटें हैं। इनमें से कश्मीर क्षेत्र की 47 सीटें हैं। वहीं जम्मू में अब 43 सीटें हैं। इसके पहले कश्मीर में 46 सीटें हुआ करती थीं और जम्मू क्षेत्र में 37 सीटें होती थीं। परिसीमन के बाद जम्मू इलाके में 6 विधानसभा सीटें बढ़ गईं और कश्मीर में भी एक सीट का इजाफा हुआ। 9 सीटें एसटी (अनुसूचित जनजाति) के लिए आरक्षित की गई हैं।

**नेशनल कॉन्फ्रेंस चुनाव के लिए तैयार**

## मैं लड़ूंगा चुनाव, उमर नहीं: फारुक अब्दुल्ला

**श्रीनगर।** नेशनल कांफ्रेंस के प्रमुख फारूक अब्दुल्ला ने शुक्रवार को जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव में अपनी उम्मीदवारी की घोषणा की। उन्होंने बताया कि उनके बेटे और पार्टी के उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला इस साल के चुनावों में भाग नहीं लेंगे। फारूक अब्दुल्ला ने कहा कि उमर अब्दुल्ला राज्य के दर्जे की बहाली के बाद चुनावी मैदान में उतरेंगे। फारूक अब्दुल्ला ने पत्रकारों को बताया, हम राज्य चाहते हैं। यह केवल नेशनल कांफ्रेंस की ही नहीं, बल्कि जम्मू-कश्मीर की सभी पार्टियों की मांग है। भारत सरकार ने भी वादा किया है कि राज्य की स्थिति पूरी तरह से बहाल की जाएगी। वहीं उमर अब्दुल्ला ने अपनी पार्टी की चुनावी तैयारियों के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि नेशनल कांफ्रेंस चुनावों के लिए पूरी तरह तैयार है और जल्द ही प्रचार अभियान शुरू कर देगी।

**कांग्रेस ने कसा तंजा**

### 'एक देश-एक चुनाव' की बात... पर चार राज्यों में तो नहीं करा पा रहे

**नई दिल्ली।** जम्मू कश्मीर व हरियाणा में चुनावों की घोषणा का जिक्र करते हुए कांग्रेस के नेता पवन खेड़ा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को 'एक राष्ट्र-एक चुनाव' की बात की, लेकिन वे केवल 2 राज्यों में एक साथ चुनाव करा पा रहे हैं। हमें समझ में नहीं आ रहा कि वे 4 राज्यों में एक साथ चुनाव क्यों नहीं करा पा रहे हैं। उन्होंने कहा,चाहे ये आज हारें या कल, इनकी हार निश्चित है। हम तैयार हैं, हम जीत के प्रति आश्वस्त हैं क्योंकि हमने लोगों के मुद्दे उठाए हैं। दरअसल, बार-बार चुनाव से देश की प्रगति में गतिरोध पैदा होने का जिक्र पीएम मोदी ने 15 अगस्त को लाल किले की प्राचीर से किया था।

**कांग्रेस ने चुनाव की घोषणा का किया स्वागत**

# हरियाणा में केवल कांग्रेस ही भरोसेमंद : खरगे

एजेंसी | नई दिल्ली

कांग्रेस पार्टी ने हरियाणा और जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव की तारीखों की घोषणा का स्वागत किया है। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा है कि हरियाणा में केवल कांग्रेस ही ऐसी राजनीतिक पार्टी है जो जनता को स्थिर सरकार का विकल्प दे सकती है।

खरगे ने सोशल मीडिया एक्स पर कहा कि पिछले 10 वर्षों में हरियाणा में डबल इंजन वाली भाजपा सरकार ने लोगों को धोखे के सिवाय कुछ नहीं दिया है। किसान और नौजवान पीड़ित हैं। प्रदेश में बेरोज़गारी रिकॉर्ड ऊंचाई पर है। अनेक भर्ती घोटाले हुए हैं। कानून व्यवस्था ठप है। भाजपा ने राज्य के सामाजिक ताने-बाने को विभाजित करना का षड्यंत्र रचा है।



### J&K में बदलाव का इंतजार

खरगे ने जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव कराने की घोषणा का स्वागत करते हुए कहा कि जम्मू-कश्मीर की जनता को बदलाव का इंतजार है। उन्होंने राजनीतिक बदलाव को लेकर भाजपा पर कई गंभीर सवाल खड़े किए। उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर की जनता बदलाव और इंसाफ के लिए कांग्रेस और उसके सहयोगियों की तरफ देख रही है। खरगे ने सोशल मीडिया एक्स पर कहा कि चुनावों से जम्मू और कश्मीर में नौकरशाही पर विराम लग जाएगा।

**राहुल को 5वीं पंक्ति में बैठाने पर विवाद**

## शरद पवार ने कहा- यह नेता प्रतिपक्ष का अपमान

एजेंसी | मुंबई

स्वतंत्रता दिवस समारोह के दौरान नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को आगे की सीट आवंटिन नहीं किए जाने पर एक नया विवाद पैदा हो गया है। राकांपा(एसपी) प्रमुख शरद पवार ने केंद्र को फटकार लगाई और लोकसभा में विपक्ष के नेता का सम्मान नहीं करने का आरोप भी लगाया। महा विकास अघाड़ी दल के कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए शरद पवार ने कहा कि लोकसभा चुनाव में भाजपा को बहुमत नहीं मिला, लेकिन फिर भी संविधान पर खतरा अभी टला नहीं है। केंद्र ने लोकसभा में विपक्ष के नेता का सम्मान नहीं किया। उन्हें पीछे की कतार में बैठाया गया। पवार ने बताया कि अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार में जब वे नेता प्रतिपक्ष थे, तब स्वतंत्रता दिवस के दिन उन्हें कैबिनेट मंत्रियों के साथ बैठाया जाता था। उन्होंने आगे कहा कि जब मनमोहन सिंह प्रधानमंत्री थे, तब नेता प्रतिपक्ष सुषमा स्वराज को कैबिनेट रैंक



की सीट आवंटित की गई थी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री का पद एक संवैधानिक पद है और ऐसा ही नेता प्रतिपक्ष का भी पद है। ज्ञात रहे कि कांग्रेस ने भी राहुल गांधी को पांचवीं लाइन में बैठाने को लेकर कड़ी आपत्ति जताई है। कांग्रेस प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने कहा कि नेता विपक्ष को स्वतंत्रता दिवस समारोह में पांचवी लाइन में बैठाकर नरेंद्र मोदी ने अपनी कुंठा दिखाई है, लेकिन इससे जननायक को फर्क नहीं पड़ता। वैसे भी छोटे मन के लोगों से बड़ी चीजों की उम्मीद करना बेमानी है। सुप्रिया ने कहा कि विपक्ष के नेता की रैंक कैबिनेट मंत्री के बराबर होती है। पहली लाइन में सारे मंत्री बैठे थे। सिर्फ राहुल ही नहीं, बल्कि मल्लिकार्जुन खरगे को भी पांचवीं लाइन में बैठाया गया था।

**हरियाणा: बहुकोणीय मुकाबले के आसार**

# भाजपा और कांग्रेस दोनों सत्ता में वापसी की उम्मीदों के रथ में सवार

■ आप, इनेला व जजपा भी होंगी चुनाव मैदान में

एजेंसी | चंडीगढ़

हरियाणा के लिए विधानसभा चुनाव की तिथि की घोषणा के साथ ही राज्य में सियासी हलचल बढ़ गई है। राज्य में सत्तारूढ़ भाजपा लगातार तीसरी बार सरकार बनाने के लक्ष्य के साथ चुनाव मैदान में उतरेगी जबकि इस बार उसके सामने हाल में लोकसभा चुनाव में मजबूत होकर उभरी कांग्रेस की कड़ी चुनौती होगी। भाजपा और कांग्रेस के अलावा आम आदमी





पार्टी, जननायक जनता पार्टी और इनलो भी चुनाव मैदान में उतरेंगी। इनेलो का बसपा के साथ गठबंधन है। वहीं, आम आदमी पार्टी इस बार अपने बूते पर चुनाव लड़ने की पहले ही घोषणा कर चुकी है। जिससे इस बार विधानसभा चुनाव में बहुकोणीय मुकाबला होने के आसार हैं। हालांकि कांग्रेस के वरिष्ठ नेता भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने दावा किया है कि विधानसभा चुनाव में उनकी पार्टी और भाजपा के बीच 'सीधी लड़ाई' होगी और उन्होंने मैदान में मौजूद अन्य लोगों को 'वोट कटवा' करार दिया है। सत्तारूढ़ भाजपा मुख्यमंत्री सैनी और उनके पूर्ववर्ती खट्टर की 'स्वच्छ छवि' तथा राज्य सरकार के पारदर्शी प्रशासन का लाभ उठाने की कोशिश करेगी।

ज्ञात रहे कि भाजपा ने लोकसभा चुनाव से पहले ही मार्च में मनोहर लाल खट्टर की जगह, प्रदेश इकाई के तत्कालीन अध्यक्ष नायब सिंह सैनी को मुख्यमंत्री बना दिया था। अब विधानसभा चुनाव में भाजपा सीएम सैनी के नेतृत्व में ही चुनाव मैदान में उतर रही है।

### 2019 में जजपा के साथ मिलकर बनाई थी सरकार

हरियाणा में विधानसभा की कुल 90 सीटें हैं, जिनमें से भाजपा के पास फिलहाल 40 विधायक ही हैं। निर्दलीयों के साथ वह सरकार चला रही है, लेकिन इस बार वापसी करने की चुनौती उसके सामने होगी। भाजपा ने 2014 में पहली बार हरियाणा में अपने दम पर सरकार बनाई थी और तब से लगातार दो बार सत्ता में रह चुकी है। चुनाव से कुछ महीने पहले ही उसका राज्य की सत्ता में शामिल रही जननायक जनता पार्टी से गठबंधन टूट चुका है, जो 2019 के विधानसभा इलेक्शन के बाद हुआ था। इस तरह लगातार तीसरी बार भाजपा अकेले ही चुनावी समर में उतरने जा रही है।

### लोकसभा चुनाव में झटका, पर अब जीत के प्रति आशान्वित भाजपा

हाल में हुए लोकसभा चुनाव में भाजपा को राज्य की 10 में से 5 सीटों पर जीत मिली थी। विधानसभा क्षेत्रों के हिसाब से देखें तो उसे कुल 90 में से 44 विधानसभा सीटों पर बढ़त मिली थी। इसलिए भाजपा तीसरी बार सत्ता में वापसी की उम्मीद बनाए हुए है। वहीं, कांग्रेस को उम्मीद है कि दो बार की हार के बाद इस बार माहौल उसके पक्ष में आ सकता है। हरियाणा में आमतौर पर एक ही चरण में मतदान होता रहा है। इसकी वजह यह है कि हरियाणा छोटा राज्य है और सुरक्षा की चुनौतियां भी जम्मू-कश्मीर या फिर नक्सल प्रभावित क्षेत्रों जैसी नहीं हैं।

### हरियाणा में चुनाव कार्यक्रम

5 सितंबर को जारी होगा नोटिफिकेशन। नामांकन की आखिरी तारीख 12 सितंबर है। नामांकन की जांच 13 सितंबर तक होगी। 16 सितंबर तक उम्मीदवार अपने नाम को वापस ले सकेंगे। मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार ने कहा हरियाणा के कुल 90 विधानसभा क्षेत्रों में 2.01 करोड़ मतदाता हैं जिनमें 95 लाख महिलाएं हैं। हरियाणा में 150 मॉडल बूथ बनाए जाएंगे। राज्य में बहुमंजिला इमारत में भी मतदान बूथ बनाए जाएंगे।

## जरूरी खबर

### असम में दो IED बरामद, बम जैसी 10 सामग्री जब्त

**गुवाहाटी।** गुवाहाटी में शुक्रवार को दो आईईडी जैसे उपकरण बरामद किए गए हैं। पिछले 24 घंटों में असम में बम जैसे कुल 10 सामग्री जब्त किए गए है। प्रतिबंधित संगठन उल्फा (आई) ने दावा किया है कि उसने राज्य में सिलसिलेवार विस्फोट करने के लिए 24 विस्फोटक लगाए हैं। इसके बाद सुरक्षा बल सतर्क है। मामले में शीर्ष पुलिस अधिकारी ने बताया कि इनमें से एक उपकरण नरेंगी आर्मी कैंटोनमेंट के पास सतगांव इलाके में और दूसरा राज्य सचिवालय और मंत्रियों की कॉलोनी के पास लास्ट गेट पर मिला, जहां मुख्यमंत्री का आवास भी है। गौरतलब है कि यूनाइटेड लिबरेशन फ्रंट आफ असम (इंडिपेंडेंट) ने गुरुवार को कई मीडिया हाउसों को भेजे ईमेल में 19 बमों के सटीक स्थानों की सूची दी, जिसमें तस्वीरें भी थीं, लेकिन बाकी पांच स्थानों का पता नहीं चल सका।

### केंद्र में बदले कई अफसर, राजेश सिंह बने रक्षा सचिव



**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने शुक्रवार को सचिव स्तर पर बड़ा फेरबदल किया। वरिष्ठ आईएएस अधिकारी पुण्य सलिला श्रीवास्तव को नई स्वास्थ्य सचिव होंगी। राजेश कुमार सिंह को नया रक्षा सचिव नियुक्त किया गया है। कार्मिक मंत्रालय के आदेश के अनुसार इस समय प्रधानमंत्री कार्यालय में विशेष सचिव पुण्य सलिला स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग में आफिसर आन स्पेशल ड्यूटी का कार्यभार संभालेंगी। 30 सितंबर को अपूर्व चंद्रा के सेवानिवृत्त होने के बाद वह स्वास्थ्य सचिव बनेंगी। उद्योग संवर्धन एवं आंतरिक व्यापार विभाग के सचिव राजेश कुमार सिंह फिलहाल रक्षा मंत्रालय में ओएसडी के रूप में कार्यभार संभालेंगे।

### अडाणी समेत चार कंपनियों को 400 तोप का ठेका मिला

**नई दिल्ली।** अडाणी कंपनी समेत चार भारतीय कंपनियों को 400 होवित्जर तोप का ठेका मिला है। इस बारे में वरिष्ठ सैन्य अधिकारी ने बताया कि भारतीय कंपनियों से कुछ तोपों के लिए टेंडर जारी किए गए थे । जिन कंपनियों को टेंडर मिला है उनमें भारत फोर्ज, लार्सन एंड टूब्रो, अडाणी और ऑर्डनेंस फैक्ट्री बोर्ड शामिल हैं। एक अधिकारी ने कहा कि भारत में तैयार हुई हॉवित्जर का मतलब है कि यह पूरी तरह से स्वदेशी होगी। उन्होंने आगे कहा, सेना चाहती है कि तोपों का वजन हल्का हो सके।

## राष्ट्रपति ने की एट-होम की मेजबानी



*नई दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने 78 वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर गुरुवार को राष्ट्रपति भवन में एक भव्य एट-होम रिसेप्शन का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में देश की उच्च पदस्थ व्यक्तियों और अन्य गणमान्यों ने भाग लिया। स्वतंत्रता दिवस के मौके पर राष्ट्रपति भवन में आयोजित कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री, राजनयिक और अनेक प्रमुख नागरिक उपस्थित थे।*

## अभी तो कुश्ती बची है, पर भविष्य का पता नहीं: विनेश



**नई दिल्ली।** अनुभवी पहलवान विनेश फोगाट ने शनिवार को कहा कि विभिन्न परिस्थितियों में वह 2032 तक प्रतिस्पर्धा कर सकती है क्योंकि उनके अंदर अभी काफी कुश्ती बची है लेकिन उन्हें भविष्य के बारे में नहीं पता है। विनेश ने पेरिस ओलंपिक में 50 किग्रा वर्ग में हिस्सा लिया था और वह फाइनल तक पहुंचने में सफल रही थीं। हालांकि, स्वर्ण पदक मैच से पहले ही उनका वजन निर्धारित सीमा से 100 ग्राम अधिक पाया गया जिस कारण उन्हें अयोग्य करार दिया गया था। विनेश ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में पोस्ट अपना अपने संघर्ष को बयां किया। इसके साथ ही विनेश ने बताया कि उन्होंने फाइनल खेलने के लिए प्रयास बंद नहीं किए थे। विनेश ने कहा, बहुत कुछ कहने को है, लेकिन शब्द कम पड़ जाएंगे।

**कोलकाता:** डॉक्टर की रेप व हत्या के मामले की जांच

# पूर्व प्रिंसिपल से पूछताछ, परिजनों ने कुछ डॉक्टरों पर भी जताया शक

**एजेंसी** | कोलकाता

कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज अस्पताल में पिछले सप्ताह जूनियर डॉक्टर के साथ हुए बलात्कार और हत्या के सिलसिले में सीबीआई ने एजेंसी के साल्ट लेक कार्यालय में पूर्व प्रिंसिपल संदीप घोष से पूछताछ की। हालांकि अभी तक इस बात का पता नहीं चल पाया है कि घोष को गिरफ्तार किया गया है या उन्हें पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया है। वहीं, पीड़िता के माता-पिता ने केंद्रीय जांच ब्यूरो को बताया कि इस अपराध में उसी कॉलेज के कुछ इंटर्न और डॉक्टर शामिल हैं। दूसरी ओर केंद्र सरकार ने शुक्रवार को सभी सरकारी चिकित्सा संस्थानों को निर्देश दिया है कि ड्यूटी पर तैनात किसी भी स्वास्थ्यकर्मी के साथ हिंसा की घटना होने के छह घंटे के भीतर संस्थागत प्राथमिकी दर्ज कराई जाए। सीबीआई ने शुक्रवार को पीड़ित परिवार से बातचीत की। परिवार ने अस्पताल के कुछ इंटर्न और डॉक्टर्स पर इस केस में शामिल होने का शक जताया है। सीबीआई ने कहा कि पीड़ित परिवार ने कुछ नाम लिखाए हैं। हम अभी 30 लोगों से पूछताछ करेंगे।




### आज सभी अस्पतालों में डॉक्टर हड़ताल पर

आइएमए ने शनिवार को देश भर के सरकारी अस्पतालों के साथ-साथ निजी अस्पतालों में भी हड़ताल करने का फैसला लिया है। इसलिए शनिवार को सुबह छह बजे से निजी अस्पतालों में भी डाक्टर 24 घंटे के लिए हड़ताल पर रहेंगे।

### डॉक्टर पर हिंसा हुई तो 6 घंटे में दर्ज हो FIR

कोलकाता में एक ट्रेनी डॉक्टर के साथ कथित बलात्कार और हत्या की घटना को लेकर व्यापक पैमाने पर हो रहे विरोध-प्रदर्शन के बीच केंद्र सरकार ने शुक्रवार को सभी सरकारी चिकित्सा संस्थानों को निर्देश दिया है कि ड्यूटी पर तैनात किसी भी स्वास्थ्यकर्मी के साथ हिंसा की घटना होने के छह घंटे के भीतर संस्थागत प्राथमिकी दर्ज कराई जाए। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से जारी निर्देश में कहा गया है कि एफआईआर दर्ज कराने की जिम्मेदारी सभी संबंधित संस्थानों के प्रमुखों की होगी।

### ममता ने डॉक्टर के लिए मांगा न्याय

दूसरी ओर पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शुक्रवार को कोलकाता में मौलाली से डोरीना चौराहे तक एक विरोध रैली का नेतृत्व किया, जिसमें बलात्कार व हत्या की शिकार डॉक्टर के लिए न्याय की मांग की गई। ममता ने इस रैली में कहा कि सोशल मीडिया पर फर्जी बातें फैला कर सच्चाई को छिपाने की कोशिश की जा रही है, लोगों को इस झूठ से बचना होगा। ममता बनर्जी ने अस्पताल में हुई तोड़-फोड़ के लिए भाजपा और सीपीएम को जिम्मेदार ठहराते हुए कहा कि इन दोनों के गठजोड़ का पर्दाफाश होना चाहिए, इनके गुंडों के खिलाफ जनता ने और डॉक्टरों ने जो साहस दिखाया, उसको मैं सलाम करती हूं। आरजी कर अस्पताल के बाहर भाजपा की महिला कार्यकर्ताओं ने विरोध प्रदर्शन किया।

**पीएम की फोन पर यूनुस से हुई बात**

## बांग्लादेश में हिंदुओं की सुरक्षा का दिया भरोसा




**एजेंसी** | नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद मोदी ने बांग्लादेश के नई अंतरिम सरकार के प्रमुख प्रोफेसर मुहम्मद यूनुस से फोन पर बात की। इस दौरान यूनुस ने पीएम मोदी को बांग्लादेश में हिंदुओं और सभी अल्पसंख्यकों की सुरक्षा का आश्वासन दिया। पीएम मोदी ने एक ट्वीट कर खुद ही जानकारी दी। उन्होंने कहा कि मौजूदा स्थिति पर विचारों का आदान-प्रदान किया। लोकतांत्रिक, स्थिरता, शांतिपूर्ण और प्रगतिशील बांग्लादेश के लिए भारत के समर्थन को दोहराया।

इससे पहले विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि ढाका में भारत के उच्चायुक्त ने बांग्लादेश के अंतरिम प्रशासन के अधिकारियों के साथ बात कर भारत की चिंताओं से अवगत कराया है। हम हालात पर नज़र रखे हुए हैं। जब तक हालात सामान्य नहीं होते, हमारी यह चिंताएं बनी रहेंगी। पीएम मोदी ने गुरुवार को स्वतंत्रता दिवस पर लाल किले की प्रचीर से बांग्लादेश के हिंदुओं पर हो रही हिंसा पर चिंता व्यक्त की थी। हालांकि पीएम ने बांग्लादेश में जल्द हालात सामान्य होने की उम्मीद भी जताई थी। पीएम ने अपने संबोधन में कहा था कि देश के 140 करोड़ भारतीयों को बांग्लादेश के हिदुंओं की चिंता है। इससे पहले आठ अगस्त को बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के प्रमुख के रूप में कार्यभार संभालने के बाद यूनुस को पीएम मोदी ने शुभकामना दी थी। इस दौरान उन्होंने हिंदुओं और अन्य अल्पसंख्यकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने को कहा था।

### हिंदुओं पर हिंसा के विरोध में जुलूस के दौरान पथराव

**जलगांव (महाराष्ट्र)।** महाराष्ट्र के जलगांव शहर में शुक्रवार को उस समय तनाव पैदा हो गया, जब हिंदू संगठन की ओर से निकाले गए जुलूस के दौरान वाहन शोरूम पर कुछ पत्थर फेंके गए। अधिकारियों ने बताया कि बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचारों के खिलाफ यह जुसूस निकाला गया था। पुलिस अधिकारी ने कहा, सकल हिंदू समाज के सैकड़ों समर्थकों ने विरोध जुलूस में हिस्सा लिया। बाद में प्रदर्शनकारी जिलाधिकारी कार्यालय गए और अपनी मांगों का ज्ञापन सौंपा। उन्होंने बताया कि घटना के कारण कुछ समय के लिए तनाव पैदा हो गया, लेकिन स्थानीय पुलिस के हस्तक्षेप के बाद स्थिति नियंत्रण में आ गई। अधिकारी ने कहा कि ऐहतियात के तौर पर शहर में पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया है। जलगांव शहर मुंबई से 400 किलोमीटर से अधिक दूर स्थित है। सकल हिंदू समाज की ओर से नासिक जिले में भी इसी तरह का विरोध जुलूस आयोजित किया गया। कानून व्यवस्था की स्थिति बनाए रखने के लिए बड़ी संख्या में पुलिस तैनात की गई।

**जेपी नड्डा की पार्टी महासचिवों के साथ बैठक**

## सदस्यता अभियान शुरू करने पर मंत्रणा

- पार्टी पदाधिकारियों के साथ आज भी होगा मंथन

**एजेंसी** | नई दिल्ली



भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने दिल्ली में अपने आवास पर शुक्रवार को पार्टी महासचिवों की बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में बीएल संतोष, अरुण सिंह और दुष्यंत कुमार गौतम समेत कई शीर्ष पार्टी पदाधिकारी मौजूद रहे। पार्टी की यह बैठक सदस्यता अभियान शुरू करने से पहले आयोजित की गई है। पार्टी की इस बैठक को आगामी चुनावों के दृष्टिकोण से बेहद महत्वपूर्ण बताया जा रहा है। खबरों के मुताबिक इस बैठक के बाद शनिवार को भाजपा के सभी राष्ट्रीय पदाधिकारी, प्रदेश प्रभारी, सह-प्रभारी, सभी प्रदेश भाजपा अध्यक्ष और संगठन महासचिवों की बैठक भी होगी। इसमें सभी प्रदेशों से भाजपा सदस्यता अभियान समिति के सदस्य भी शामिल होंगे। बैठक में सदस्यता अभियान के सभी पहलुओं पर चर्चा होगी। इसमें अभियान शुरू करने की तारीख और प्रक्रिया पर विचार किया जाएगा। बैठक के एजेंडे में सदस्यता अभियान शुरू करने और संगठनात्मक चुनाव की प्रक्रिया को अंतिम रूप देना भी शामिल है। पार्टी मंडल से लेकर जिला और राज्य स्तर तक सदस्यों की भर्ती अभियान चलाने की योजना पर विचार कर रही है। संगठनात्मक चुनाव होने के बाद जनवरी 2025 में भाजपा के नए राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव होने की संभावना है। निवर्तमान अध्यक्ष जेपी नड्डा का कार्यकाल पहले ही समाप्त हो चुका है। जब तक कोई नया अध्यक्ष नहीं हीं चुना जाता तब तक वह राष्ट्रीय अध्यक्ष बने रहेंगे।

## वाजपेयी को श्रद्धा सुमन अर्पित



*नई दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू , प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने शुक्रवार को यहां पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी को उनकी पुण्यतिथि पर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। चित्र में पीएम मोदी वाजपेयी के समाधि स्थल सदैव अटल पर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए।*

**इसरो ने फिर रचा इतिहास**

# निगरानी के लिए उपग्रह EOS-08 का सफल प्रक्षेपण

**एजेंसी** | नई दिल्ली

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा स्थित सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से एसएसएलवी-डी3/ईओएस-08 मिशन के तीसरा और अंतिम रॉकेट को सफलतापूर्वक लॉन्च कर दिया। एसएसएलवी-डी3 ने उपग्रह ईओएस-08 को कक्षा में सटीक रूप से स्थापित किया। इसरो के लिए यह बड़ी सफलता है। उपग्रह को सफलतापूर्वक प्रक्षेपित करने के बाद इसरो के प्रमुख एस सोमनाथ ने एसएसएलवी के विकास कार्य के पूरा होने की घोषणा की। ईओएस-08 के साथ एक छोटा सैटेलाइट एसआर-0 डेमोसैट भी रॉकेट से साथ भेजा गया है। दोनों सैटेलाइट पृथ्वी से 475 किलोमीटर की ऊंचाई पर एक गोलाकार ऑर्बिट में चक्कर लगाएंगे।



इसरो प्रमुख सोमनाथ ने कहा कि छोटे-लिफ्ट लॉन्च व्हीकल, एसएसएलवी-डी3/ईओएस-08 की तीसरी और अंतिम उड़ान सफलतापूर्वक पूरी हो गई है। उन्होंने कहा कि रॉकेट ने अंतरिक्ष यान को ठीक उसी कक्षा में स्थापित कर दिया है, जैसा कि योजना बनाई गई थी। इंजेक्शन स्थितियों में कोई विचलन नहीं हुआ। इसरो ने पहले पहले घोषणा की थी कि प्रक्षेपण 15 अगस्त को होगा। लेकिन बाद में कार्यक्रम में बदलाव कर इसे 16 अगस्त को प्रक्षेपित किया गया।

इसरो ने एक बयान में बताया कि ईओएस-8 अभियान का प्राथमिक उद्देश्य सूक्ष्म उपग्रह का डिजाइन तैयार करना, पेलोड उपकरण बनाना और भविष्य के उपग्रहों के लिए आवश्यक नई प्रौद्योगिकियों को शामिल करना हैं। इसरो ने बताया कि इस अंतरिक्ष यान के मिशन की अवधि एक वर्ष है। इसका वजन लगभग 175.5 किलोग्राम है और यह लगभग 420 वॉट की शक्ति उत्पन्न करता है। आईओआईआर पेलोड को तस्वीरें खींचने के लिए तैयार किया गया है। यह पेलोड मध्यम-वेव आईआर (एमआईआर) और दीर्घ-वेव-आईआर (एनडब्ल्यूआईआर) बैंड में दिन और रात के समय तस्वीरें खींच सकता है। इसका इस्तेमाल उपग्रह आधारित निगरानी, आपदा निगरानी, पर्यावरण निगरानी, आग लगने का पता लगाने, ज्वालामुखी गतिविधि अवलोकन तथा औद्योगिक एवं विद्युत संयंत्र आपदा निगरानी जैसे कार्यों के लिए किया जा सकेगा।

### ईओएस-08 में लगे हैं तीन पेलोड

एसएसएलवी-डी3-ईओएस-08 मिशन में ले जाए गए उपग्रहों का वजन 175.5 किलोग्राम है। ईओएस-08 मिशन के उद्देश्यों में माइक्रोसेटेलाइट को डिजाइन और विकसित करना शामिल है। ईओएस-08 में तीन पेलोड लगे हैं। इनमें इलेक्ट्रो आप्टिकल इन्फ्रारेड पेलोड (ईओआइआर), ग्लोबल नेविगेशन सेटेलाइट सिस्टम-रिफ्लेक्टोमेट्री पेलोड (जीएनएसएस-आर) और सीआइसी यूवी डोसीमीटर शामिल हैं।

**बिहार को फिर मिली सौगात**

## कैबिनेट की दो हवाई अड्डों व तीन मेट्रो प्रोजेक्ट को मंजूरी

**एजेंसी** | नई दिल्ली

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने शुक्रवार को देश में दो नए हवाई अड्डों और तीन मेट्रो प्रोजेक्ट समेत अहम परियोजनाओं को मंजूरी दी। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि इन मेट्रो प्रोजेक्ट्स में एक बेंगलुरु में शुरू होगा तो दो प्रोजेक्ट महाराष्ट्र में शुरू होंगे। वहीं बिहार को इस बैठक में फिर खास तोहफा दिया गया। पटना से 28 किमी दूर बिहिटा में एयरपोर्ट के लिए 1413 करोड़ रुपए मंजूर किए गए हैं।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि इन मेट्रो प्रोजेक्ट्स से मध्यम वर्ग को सबसे ज्यादा मदद मिलेगी। आईटी हब कहे जाने वाले बेंगलुरु को इससे काफी मदद मिलेगी।

इसके अलावा मंत्रिमंडल ने बागडोगरा वायु सैनिक स्टेशन पर एक नया सिविल हवाई अड्डा बनाने की परियोजना को भी मंजूरी दी है। जिस पर 15.49 करोड़ रुपये की लागत आएगी। वहां 70390 वर्ग मीटर क्षेत्र में टर्मिनल इमारत बनायी जाएगी। बेंगलुरु में मेट्रो रेल के तीसरे चरण में 44.65 किलोमीटर की लाइन का विकास होगा, जिस पर 15,611 करोड़ रुपए की लागत आने का अनुमान है। इससे बेंगलुरु शहर में मेट्रो रेल का नेटवर्क 220 किलोमीटर पहुंच जाएगा और मेट्रो से नियमित सफर करने वाले यात्रियों की संख्या 26 लाख तक पहुंच जाएगी।

## नेशनल फिल्म अवॉर्ड्स की घोषणा, विनर्स ने जताई खुशी

# 'अट्टम' को बेस्ट फीचर फिल्म ऋषभ को बेस्ट एक्टर अवॉर्ड

### ■ निथ्या मेनन, मानसी पारेख को मिला बेस्ट एक्ट्रेस अवॉर्ड

बेधड़क | जयपुर

नेशनल फिल्म अवॉर्ड्स की घोषणा शुक्रवार लगभग दोपहर 1:30 बजे की गई। विनर्स की घोषणा नई दिल्ली के राष्ट्रीय मीडिया सेंटर में की गई, जिसमें मलयालम फिल्म 'अट्टम' को बेस्ट फीचर फिल्म का अवॉर्ड मिला।

ऋषभ शेट्टी ने 'कांतारा' के लिए बेस्ट एक्टर का अवॉर्ड जीता, बेस्ट एक्ट्रेस अवॉर्ड निथ्या मेनन और मानसी पारेख को मिला। अवॉर्ड की घोषणा किए जाने के बाद विनर्स ने अपनी खुशी सोशल मीडिया पर अपनी प्रतिकियाएं देते हुए जाहिर कीं।




### ये रहे विनर्स

| | |
|---|---|
| बेस्ट एक्टर | ऋषभ शेट्टी (कांतारा) |
| बेस्ट एक्ट्रेस | नित्या मेनन (तिरुचित्राम्बलम), मानसी पारेख (कच्छ एक्सप्रेस) |
| बेस्ट फिल्म | कांतारा |
| बेस्ट सपोर्टिंग एक्ट्रेस | नीना गुप्ता (ऊंचाई) |
| बेस्ट सपोर्टिंग एक्टर | पवन राज मल्होत्रा (फौजा, हरियाणवी फिल्म) |
| बेस्ट फीचर फिल्म | अट्टम (मलयालम फिल्म) |
| बेस्ट डायरेक्टर | सूरज बड़जात्या (ऊंचाई) |
| बेस्ट हिंदी फिल्म | गुलमोहर |
| बेस्ट सिनेमैटोग्राफी | रवि वर्मन (पोन्नियन सेल्वन 1) |
| बेस्ट म्यूजिक अवॉर्ड | विशाल शेखर |
| बेस्ट स्टंट कोरियोग्राफी | KGF 2 |
| बेस्ट तमिल फिल्म | पोन्नियन सेल्वन 1 |
| बेस्ट मराठी फिल्म | वाल्वी |
| बेस्ट स्क्रीनप्ले | आनंद एकार्शी |
| बेस्ट तेलुगु फिल्म | कार्तिकेय 2 |
| बेस्ट कन्नड़ फिल्म | KGF 2 |
| बेस्ट म्यूजिक डायरेक्टर | प्रीतम (ब्रह्मास्त्र) |
| बेस्ट म्यूजिक डायरेक्शन (बैकग्राउंड स्कोर) | ए. आर. रहमान (पोन्नियन सेल्वन 1) |
| बेस्ट लिरिक्स | नौशाद सदर खान (फौजा) |
| बेस्ट मेल प्लेबैक सिंगर | अरिजीत सिंह (ब्रह्मास्त्र) |
| बेस्ट फीमेल प्लेबैक सिंगर | बॉम्बे जयश्री (साउदी वेलक्का सीसी. 225/2009 (मलयालम फिल्म) |
| बेस्ट स्पेशल इफेक्ट | ब्रह्मास्त्र |
| बेस्ट साउंड डिजाइन | पोन्नियन सेल्वन 1 |
| बेस्ट चाइल्ड आर्टिस्ट | श्रीपत (मल्लिकापुरम, मलयालम फिल्म) |
| स्पेशल मेंशन | मनोज बाजपेयी (गुलमोहर), म्यूजिक डायरेक्टर संजय सलिल फिल्म (कढ़ीकन) |

### अयान मुखर्जी बोले-खुशी का ठिकाना नहीं

'ब्रह्मास्त्र' के डायरेक्टर अयान मुखर्जी ने 3 राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार जीते। उन्होंने कहा कि यह हमारे लिए एक खास दिन है। मैं ब्रह्मास्त्र को राष्ट्रीय पुरस्कारों में मिली मान्यता के लिए बहुत आभारी हूं। फिल्म का संगीत हम सभी के दिलों में एक खास जगह रखता है। प्रीतम दा की रचनाएं, अमिताभ के गीत और अरिजीत की आवाज के साथ, कुछ ऐसा है जिसके लिए मैं बहुत गर्व और आभारी महसूस करता हूं!

### आनंद बोले-यह हमारे सपनों से परे

'अट्टम' के डायरेक्टर आनंद एकर्षी ने बड़ी जीत के बाद कहा कि यह हमारे बेतहाशा सपनों से परे है। मैं समर्थन के लिए अट्टम निर्माता अजित जॉय का आभारी हूं। चूंकि, फिल्म का विषय सार्वभौमिक था, इसलिए हमने इसे एक साल के लिए फिल्म समारोहों में ले जाने और फिर सिनेमाघरों में रिलीज करने का फैसला किया। हमने इन फिल्म समारोहों में बड़े पुरस्कार जीते। हमने बेहतरीन प्रतिक्रिया के साथ इस साल जनवरी में फिल्म रिलीज की। भले ही हमने करोड़ों की कमाई नहीं की, लेकिन सिनेमा प्रेमी दर्शकों ने इसे सराहा। जब यह फिल्म ओटीटी पर रिलीज हुई तो इसे काफी बढ़ावा मिला, क्योंकि इसे पूरे भारत में खरीदार मिले।



### मनोज बाजपेयी बोले-इसकी उम्मीद भी नहीं थी

मनोज बाजपेयी को भी नेशनल अवॉर्ड मिला, जिसे पाकर उन्होंने कहा कि वाह! बेहतरीन हिंदी फिल्म भी! मुझे तुरंत अपने निर्देशक राहुल वी चितेला को फोन करना था, मुझे इसकी उम्मीद भी नहीं थी। वह सम्मान के पात्र हैं। उन्होंने एक जटिल पारिवारिक व्यवस्था के रिश्तों के बारे में इतनी खूबसूरत फिल्म बनाई है। वह इस बात को नहीं भूलते कि पिछले कुछ वर्षों में ही उनकी कड़ी मेहनत पर किसी का ध्यान नहीं गया है। यह अब हो रहा है। ऐसी फिल्में बनी हैं जिन्हें पहचान नहीं मिली, और ऐसे भी समय थे जब चीजें ठीक नहीं दिख रही थीं।

## जयपुराइट्स ने अपने-अपने अंदाज में किया सेलिब्रेशन

# आजादी के जश्न में दिखाई दिए देशभक्ति के कई रंग



बेधड़क | जयपुर

जयपुराइट्स ने तिरंगे को अपने-अपने अंदाज में सलाम किया और देश भक्ति का जज्बा जगाया। किसी ने बालकनी में तो किसी ने छत पर और किसी ने खुले मैदान तिरंगा लहराकर देश भक्ति दशाई। छोटे बच्चे और फैशन जगत के लोग भी पीछे नहीं रहे और उन्होंने क्रिएटिविटी दर्शाते हुए तिरंगे को सलाम किया। इस स्वतंत्रा दिवस पर जयपुराइट्स ने कुछ इस अंदाज में किया सेलिब्रेशन। फ्रीडम एंड फेमिनिज्म बेस्ड फोटोशूट एक्टिविटी के जरिए नेशनल लेवल ब्यूटी पेजेंट वीआ मिस, मिसेज एंड टीन इंडिया-2024 सीजन-3 का आगाज तिरंग को सलाम करते हुए किय गया।

अजमेर रोड स्थित स्टारडम रिसोर्ट में वीआ एंटरटेनमेंट की ओर से व वुमनट्रेप्रेनुर ग्लोबल के सहयोग से होने वाले नेशनल लेवल ब्यूटी पेजेंट वीआ मिस, मिसेज एंड टीन इंडिया-2024 की शुरुआत स्वतंत्रता थीम पर देश भक्ति के संदेश को देते हुए की गई। इस दौरान पेजेंट के ग्रैंड फिनाले की टॉप 10 फाइनलिस्ट मॉडल्स ने देश व तिरंगे को सम्मान देते हुए फोटोशूट कराया।

आयोजक हरीश सोनी ने बताया कि पेजेंट का तीसरा संस्करण है, जिसकी शुरुआत देश भक्ति की भावना को ध्यान में रखते हुए व तिरंगा अभियान को आगे बढ़ाते हुए की। पार्टिसिपेंट्स ने अपने अंदर छिपी देश प्रम की भावना को सामने रखा। पेजेंट से पहले फाइनलिस्ट मॉडल्स के लिए पोर्टफोलियो शूट, टैलेंट राउंड, ग्रूमिंग सेशन का आयोजन किया जाएगा। कॉन्सेप्ट की फोटोग्राफी फोटोग्राफर सोनू जांगिड़ द्वारा की गई। पेजेंट के फिनाले में शनिवार को को स्टारडम रिसोर्ट में बतौर सेलिब्रिटी गेस्ट बॉलीवुड एक्ट्रेस अमीषा पटेल शिरकत करेंगी।



### हर घर तिरंगा अभियान से जागी देश भक्ति

जयपुर के युवाओं ने हर घर तिरंगा अभियान चलाकर लोगों को जोड़ने का काम किया। अभियान के सिविल लाईन संयोजक गौरव गुर्जर ने बताया कि हर घर तिरंगा अभियान में लोगों के घर-घर जाकर स्वतंत्रता दिवस पर तिरंगा लहराने के अपील की। अभियान के तहत तिरंगा यात्रा व शहीद स्मारकों पर स्वच्छता अभियान के लिए संयोजक भी बनाए गए थे।

### तिरंगे में भी धर्म है छुपा

मीरा मार्ग के आदिनाथ भवन में स्वतंत्रता दिवस पर झण्डारोहण के बाद विशेष प्रवचन का आयोजन किया गया। मुनि प्रणम्य सागर महाराज ससंघ के सानिध्य में स्वतंत्रता दिवस मनाया गया। साथ ही 5 दिवसीय अर्हं स्वात्म साधना शिविर के चौथे दिन शुक्रवार को शिविरार्थियों ने मौन व एकांत रहकर आत्म साधना करते हुए स्व कल्याण की क्रियाएं की। कार्यकारिणी सदस्य अरुण जैन व अशोक गोधा ने बताया कि शिविरार्थी बाहरी सांसारिक गतिविधियों से दूर रहकर बिना मोबाइल के मौन रहकर आत्म साधना कर रहे हैं।



### बाल मन भी चला तिरंगे के संग



छोटे बच्चों ने भी अपने-अपने अंदाज में सेलिब्रेशन किया। इस मौके पर नन्हीं त्रिशिका सोपरा ने मराठी लुक अपनाया और हाथों-गालों पर तिरंगा बनावाते हुए ड्रेस भी झंडे के रंगों में रंगी पहनकर परफॉर्म करते हुए जयपुराइट्स को देश भक्ति का संदेश दिया। वहीं, देवी नगर के भरत आश्रम मार्ग पर 78वें स्वतंत्रता दिवस पर झंडा रोहण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। संयोजक रामस्वरूप कुमावत ने बताया कि इस अवसर पर भाजपा श्याम नगर मंडल महामंत्री मानवेन्द्र सिंह, ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष गणेश कुमावत, भंवर लाल कुमावत, कमलेश कुमावत, दिनेश सेन, रतन सिंह राजावत, ओबीसी मोर्चा मुकेश जांगिड़ आदि उपस्थित रहे।



## City इवेंट्स

### वेस्ट से उपयोगी सामान बनाने की ट्रेनिंग



**जयपुर।** हेरिटेज नगर निगम ने हसनपुरा में महिलाओं को प्लास्टिक कचरे से उपयोगी सामग्री बनाने का प्रशिक्षण दिया। हेरिटेज निगम के जिला परियोजना अधिकारी अमित शर्मा ने बताया कि सिविल लाइन जोन के वार्ड 44 में स्थित अटल सामुदायिक केंद्र में स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 के तहत स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को वेस्ट साम्रगी से उपयोगी सामान बनाने का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में 100 से अधिक महिलाओं को आरआरआर (रिड्यूस, रियूज, रिसाइकिल) सेंटर के बारे में जानकारी दी गई, साथ ही महिलाओं को होम कंपोस्टिंग के बारे में भी जानकारी प्रदान करते हुए होम कंम्पोस्टिंग की प्रक्रिया से अवगत करवाया गया। इस कार्यशाला में नगर निगम जयपुर हेरिटेज के वार्ड 44 की पार्षद सुनीता शेखावत , उपायुक्त (एनयूएलएम) सरोज ढाका, राजस्व अधिकारी सुशीला भाटी और विभिन्न स्वयं सहायता समूह की महिलाएं मौजूद रही।

### कार्यशाला के लिए ऑडिशन आज से

**बेधड़क, जयपुर।** जवाहर कला केन्द्र की ओर से आधुनिक रंगमंच व गवरी लोकनाट्य शैली आधारित अभिनय व प्रस्तुतिपरक कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा। कार्यशाला के लिए ऑडिशन 17-18 अगस्त को होंगे। ऑडिशन में अभिनय के लिए अपना 2 मिनट से कम अवधि का एक दृश्य जो (फिल्म से न लिया हो) तैयार करके लाना होगा। 45 दिवसीय कार्यशाला में नाटक तैयार किया जाएगा, जिसका मंचन केन्द्र में होगा।

### ओजस्विनी यूकिगोवि चैम्पियनशिप में रही सैकंड



**जयपुर।** राजस्थान की युवा गोल्फर जयपुर की ओजस्विनी सारस्वत ने एक बार फिर प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए हाल ही में यूएस किड्स गोल्फ विश्व चैम्पियनशिप-2024 में दूसरा स्थान हांसिल किया। उत्तरी कैरोलिना यूएसए के पाइनहर्स्ट गोल्फ क्लब में आयोजित प्रतियोगिता में ओजस्विनी ने उल्लेखनीय 18-अंडर पार का स्कोर किया। उनके प्रदर्शन में 24 बर्डी और एक ईगल शामिल थे, जो चैम्पियनशिप के इतिहास में लड़कियों की श्रेणी में सबसे कम स्कोरिंग राउंड में से एक है।

## चिकित्सा और जांच शिविर

# 253 लोगों को फ्री में दी सुनने की मशीन



बेधड़क | जयपुर

जैन सोश्यल ग्रुप हेरिटेज सिटी जयपुर की ओर से संगिनी फोरम जेएसजी हेरिटेज सिटी व श्रीदिगम्बर जैन मंदिर प्रबंधकारिणी समिति जवाहर नगर के सहयोग से निशुल्क चिकित्सा व जांच शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर में 253 लोगों को लाभ मिला। इस मौके पर परामर्श, दवाई, जांचों सहित सुनने की मशीन निशुल्क उपलब्ध कराई गई। ग्रुप संस्थापक अध्यक्ष सुभाष बज ने बताया कि जैन सोश्यल ग्रुप्स इंटरनेशनल फैडरेशन नार्दन रीजन के तत्वावधान में श्रीदिगम्बर जैन मंदिर सैक्टर 7 जवाहर नगर में मल्टीस्पेशलिटी निशुल्क चिकित्सा परामर्श व जांच शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में युवा समाजसेवी व फाइनेंशियल फ्रीडम फाइटर संदीप जैन, विशिष्ट अतिथि के रूप में जैन सोश्यल ग्रुप्स इंटरनेशनल फैडरेशन मुम्बई के पूर्व अध्यक्ष राकेश जैन, राजस्थान जैन युवा महासभा जयपुर प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप जैन, प्रदेश महामंत्री विनोद जैन कोटखावदा व जैन सोश्यल ग्रुप्स इन्टरनेशनल फैडरेशन नार्दन रीजन चेयरमैन इलेक्ट राजीव पाटनी ने सहभागिता निभाई।

नितिन पाटनी ने बताया कि शिविर के दौरान नाक कान गला स्पेशलिस्ट डॉ. सुदीप जैन, हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. रमेश विजय, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. शारदा विजय, डॉ. संगीता जैन, गुर्दा रोग विशेषज्ञ डॉ. नवनीत सक्सेना, उदर रोग विशेषज्ञ डॉ. अमित माथुर, हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. दीपेन्द्र भटनागर, प्लास्टिक सर्जरी रोग विशेषज्ञ डॉ. राकेश जैन और जनरल फिजिशियन डॉ. दीपक चौहान ने सेवाएं दीं।

### जैन बैंकर फोरम ने किया पौधारोपण



**बेधड़क, जयपुर।** जैन बैंकर फोरम जयपुर ने अन्य संस्थाओं के साथ मिलकर विभिन्न स्थानों पर नीम, महुआ, जामुन, हार श्रृंगार, मीठा नीम, अशोक, गुलमोहर आदि के पौधे रोपे। संरक्षण परिवार के कार्यक्रम संयोजक राजेश जैन, अध्यक्ष पृथ्वीराज चौहान, संदीप, अंजू अग्रवाल, यतीश पाल सिंह आदि के सहयोग से अहिंसा पार्क, किसान मार्ग में पौधरोपण किया गया। राजस्थान जैन सभा कार्यकारिणी सदस्य शैलेन्द्र शाह (चीकू) व रमेश शाह उपाध्यक्ष श्योजी गोधा के संयोजन में श्योजी गोधा की नसियां में व काला भवन किसान मार्ग में भी पौधारोपण किया गया। राजेश जैन, सुकेश काला, जितेंद्र जैन, सुरेश जैन, कमल चंद जैन सेवा वाले, अध्यक्ष भागचंद जैन मित्रपुरा की ओर से सुनील काला ने भी सहयोग किया।

## मस्कुलोस्केलेटल सोसायटी कॉन्फ्रेंस | भारत, अमेरिका समेत 21 देशों के विशेषज्ञ जुटे

# इंजरीज-जॉइंट पेन निदान पर मंथन

बेधड़क | जयपुर

मस्कुलोस्केलेटल सोसायटी कॉन्फ्रेंस के 12वें संस्करण की शुरुआत जयपुर में की गई।

तीन दिवसीय कॉन्फ्रेंस का आयोजन राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर (आरआईसी) में किया जा रहा है। स्पोर्ट्स इंजरी, जॉइंट पेन, नर्व पेन जैसी मस्कुलोस्केलेटल समस्याओं के निदान के लिए बिना सर्जरी एडवांस टेक्नोलॉजी व विकल्पों पर प्रकाश डालने और जागरूकता फैलाने के उद्देश्य ये देश-दुनिया के विशेषज्ञ जयपुर में जुटे हैं।



### स्पोर्ट्स एक्टीविटी से स्वस्थ रहने का संदेश

आयोजन चेयरमैन डॉ. एम. पी. गोयल ने बताया कि ज्वाइंट्स संबंधी जिन स्वास्थ्य समस्याओं के निदान के लिए सोनोग्राफी और एमआरआई पर चर्चा की गई वे । इससे पहले कॉन्फ्रेंस में भाग लेने वाले सभी नेशनल इंटरनेशल फैकल्टी के लिए स्पोर्ट्स मीट का आयोजन किया गया। इसमें क्रिकेट, बैडमिंटन आदि खेल प्रतियोगिता आयोजित की गई। स्पोर्ट्स एक्टीविटी के जरिए स्वस्थ रहने का संदेश दिया गया।

### पहले दिन हुई चार वर्कशॉप

ऑर्गनाइजिंग सेक्रेटरी व डायरेक्टर जयपुर इंस्टीट्यूट ऑफ पेन एंड स्पोर्ट्स इन्जुरीज अध्यक्ष डॉ. गौरव कान्त शर्मा ने बताया कि पहले दिन चार मुख्य वर्कशॉप का आयोजन किया गया। एसएमएस हॉस्पिटल में केडेवर पर वर्कशॉप हुई। लगभग 80 डॉक्टर्स ने कैडेवर पर स्पोर्ट्स इंजरीज और जॉइंट पेन के निदान के लिए प्रैक्टिस की।

### राष्ट्रध्वज को दी सलामी



**जयपुर।** महेश नगर स्थित एशियन पब्लिक स्कूल में स्वतंत्रता दिवस समारोह प्रिसिपल इंदिरा यादव की अगुवाई में मनाया गया। इस दौरान नन्हे-मुन्ने बच्चों ने सांस्कृतिक तथा देश भक्ति कार्यक्रम का आयोजन किया। स्कूल के बच्चों की ओर से राष्ट्रीय गीत गाया गया तथा बच्चों की ओर से परेड करके राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी गई। कार्यक्रम में सभी बच्चे अपने-अपने घरों से झंडे लेकर पहुंचे थे। इसके उपरांत स्कूल के नन्हे-मुन्ने बच्चों ने देशभक्ति के गीतों पर कोरियोग्राफी पेश की। स्कूल प्रिंसिपल ने बच्चों को पुरस्कार वितरण किया।



पुण्य, कमाने से नहीं खुद को सही जगह पर खर्च करने से होता है!
**विनायक शर्मा,** फाउंडर एंड एडिटर इन चीफ, सच बेधड़क मीडिया ग्रुप

### पुतिन के रूस में कहां तक अंदर घुसी यूक्रेन की सेना?

# यूक्रेन का कुर्स्क पर कब्जा, खोला सैन्य दफ्तर...



## सुदजा के नजदीक ही है रूसी गैस टर्मिनल

सुदज़ा एक रूसी गैस टर्मिनल के बगल में स्थित है. यह एक ऐसा प्रमुख केंद्र है जहां से रूस यूक्रेन से होते हुए यूरोप को गैस की आपूर्ति करता है. इससे यह अटकलें लगाई जा रही हैं कि कीव का एक लक्ष्य मॉस्को के लिए कमाई के सोर्स चोट पहुंचाना हो सकता है. यूक्रेन के जमीनी आक्रमण ने हजारों रूसियों को उनके घरों से निकलने पर मजबूर कर दिया है और सुदजा में रूस को पीछे धकेल दिया है. बता दें, यूक्रेनी ड्रोन ने युद्ध के सबसे बड़े हमले में गत दिनों चार रूसी हवाई अड्डों को निशाना बनाया था। हालांकि, रूस के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि उसने कुर्स्क और पड़ोसी क्षेत्रों में 117 बड़े ड्रोन और चार टैक्टिकल मिसाइलों को तबाह कर दिया। यूक्रेन का हमला रूस के लिए एक बड़ी शर्मिंदगी का कारण बन गया है। वहीं यह हमला दूसरे विश्वयुद्ध के बाद किसी विदेशी सेना का रूस पर पहला हमला है जो यूक्रेन की रणनीति में एक अहम बदलाव का संकेत देता है।

**कीव।** यूक्रेन द्वारा किए गए जवाबी हमलों से रूस हैरान है। दरअसल, यूक्रेन ने बीते कुछ दिनों में रूस की उतनी जमीन को अपने कब्जे में ले लिया है जितना पुतिन की सेना ने बीते कई महीनों में यूक्रेन में कब्जाया था।

यूक्रेन द्वारा हमले की शुरुआत 6 अगस्त को की गई थी, जब उसके सैनिकों ने टैंकों और विमानों के बड़े काफिले रूस के साथ कुर्स्क इलाके में धावा बोल दिया। अब यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की ने दावा किया है कि उनके देश की सेना ने रूस के कुर्स्क इलाके में स्थित शहर सुदजा पर पूर्ण नियंत्रण कर लिया है। यूक्रेन का यह अभी तक रूस पर सबसे ख़तरनाक हमला है. यूक्रेन ने कुर्स्क इलाके में अपना सैन्य प्रशासनिक दफ्तर तक बना लिया है। यूक्रेन का कहना है कि उसकी सेना रूसी क्षेत्र में कई जगहों से आगे बढ़ रही है।

## सुदजा में बनाया सैन्य दफ्तर

यूक्रेन के शीर्ष कमांडर ओलेक्सांद्र सिर्स्की ने कहा कि इसी ठिकाने से वह रूस पर लगातार हमले कर रहे हैं। उन्होंने कहा, 'कानून और व्यवस्था बनाए रखने और नियंत्रित क्षेत्रों में आबादी की प्राथमिक जरूरतों को पूरा करने के लिए सुद्ज़ा में एक सैन्य कमांडेंट का दफ्तर स्थापित किया गया है।' ओलेक्सांद्र सिर्स्की ने कहा कि यूक्रेनी सैनिकों ने रूसी सुरक्षा बलों को भेदते हुए 35 किलोमीटर (21.7 मील) आगे बढ़कर 1,150 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र और 82 बस्तियों पर कब्जा कर लिया है। हालांकि यूक्रेन के विदेश मंत्रालय ने ऐलान किया है कि उनकी सेना ने रूस के जिन इलाक़ों पर क़ब्जा किया है, उन पर स्थाई कब्जे की कोई मंशा नहीं है।

## रूस की प्रतिक्रिया

रूस के राष्ट्रपति पुतिन ने यूक्रेन पर शांतिपूर्ण आम लोगों पर हमला करने का आरोप लगाते हुए "उचित जवाब" देने का ऐलान किया है। पुतिन ने इस कदम को "उकसावे वाला बड़ा कदम" बताया। उन्होंने रूसी सेना को आदेश दिया कि "दुश्मन को हमारे क्षेत्र से बाहर निकाला" जाए। रूस ने 1. 20 लाख से अधिक लोगों को कुर्स्क क्षेत्र से हटने के लिए कहा है। दरअसल, बीते सप्ताह रूस के पश्चिमी सीमा क्षेत्र कुर्स्क पर अचानक हमला हुआ था जिसके कारण रूसी अधिकारियों ने क्षेत्र में आपातकाल की स्थिति घोषित कर दी. इससे पहले कुर्स्क के कार्यवाहक गवर्नर एलेक्सी स्मिरनोव ने सुदजा के उत्तर-पश्चिम में लगभग 45 किमी (28 मील) दूर ग्लुशकोवो क्षेत्र को खाली करने का आदेश दिया, क्योंकि यूक्रेन की सेना यहां पहुंचने में कामयाब रही थी।

## परस्पर विरोधी दावे

यूक्रेन के एक सैन्य कमांडर ने बताया कि यूक्रेन ने रूस के कब्जे वाले क्रीमिया के प्रमुख युद्धक्षेत्र पर भी कब्जा कर लिया है। हालांकि, रूसी रक्षा मंत्रालय ने गुरुवार को टेलीग्राम पर पोस्ट किए गए अपडेट में दावा किया कि उसने कुर्स्क क्षेत्र में यूक्रेनी सेना से पहला गांव (क्रुपेट्स की बस्ती) वापस ले लिया है।

## परमाणु संयंत्र के करीब पहुंची लड़ाई

कुर्स्क में लड़ाई धीरे-धीरे परमाणु ऊर्जा संयंत्र के करीब पहुंच गई है, जिससे संयुक्त राष्ट्र परमाणु एजेंसी को एक बयान जारी करना पड़ा, जिसमें दोनों पक्षों से 'अधिकतम संयम बरतने' का आग्रह किया गया है। अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (IAEA) के प्रमुख राफेल ग्रॉसी ने दोनों पक्षों से 'गंभीर रेडियोलॉजिकल परिणामों की संभावना वाले परमाणु दुर्घटना से बचने के लिए' उपाय करने की अपील की है।

### ईरान खामोश, हिजबुल्लाह का इजराइल पर हमला

# शामिर में दागे 20 रॉकेट

**एजेंसी** | तेल अवीव

इजराइल और हिजबुल्लाह के बीच तनाव चरम पर पहुंच गया है। ईरान समर्थित आतंकी समूह ने पिछले हफ्ते ही लेबनान से उत्तरी इजराइल में दर्जनों रॉकेट दागे हैं। हिजबुल्लाह का दावा है कि ये रॉकेट हमले लेबनान में इजराइली हमलों के बदले में किए गए हैं, जिससे दोनों पक्षों के बीच युद्ध की संभावनाएं बन रही हैं।

11 अगस्त को हिजबुल्लाह ने उत्तरी इजराइल को निशाना बनाते हुए लगभग 20 रॉकेट दागे, जिनमें से कुछ अलग-अलग क्षेत्रों में गिरे हैं। इजराइल रक्षा बलों (आईडीएफ) ने बताया कि उसके आयरन डोम रक्षा प्रणाली ने आने वाले कुछ प्रोजेक्टाइल को रोक दिया है। वहीं, इसके जवाब में, आईडीएफ ने दक्षिणी लेबनान में हिजबुल्लाह के ठिकानों पर हवाई हमले किए, जिसमें कथित तौर पर 6 बच्चों सहित 12 लोग घायल हो गए हैं। इसके बाद हिजबुल्लाह ने इजराइली शहर बेत हिलेल पर दर्जनों कत्युशा रॉकेट दागे, जिसके बारे में उसका दावा है कि ये इजराइली हमलों के प्रतिशोध में किया गया था। 31 जुलाई को तेहरान में हमास के एक शीर्ष नेता की हत्या के बाद, क्षेत्र में बढ़ते तनाव के बीच ये हमला हुआ है।

## संघर्ष बढ़ने की आशंका

इस हमले के लिए ईरान और उसके समर्थक इजराइल को दोषी ठहराते हैं। हिजबुल्लाह ने 30 जुलाई को बेरूत पर इजराइली हवाई हमले में अपने सैन्य प्रमुख फौद शुक्र की हत्या का बदला लेने की बात कही है। इजराइल और हिजबुल्लाह के बीच सीमा पार गोलीबारी ने क्षेत्रीय संघर्ष की संभावना के बारे में चिंताएं बढ़ा दी हैं। इजराइली खुफिया एजेंसी ने आकलन किया है कि ईरानी सेना "कुछ ही दिनों में, संभावित तौर पर 15 अगस्त को बंधक समझौते की चर्चा से पहले" इजराइल के खिलाफ एक महत्वपूर्ण हमले की योजना बना सकती है।



## पाएटोंगटार्न चिनावाट थाईलैंड की PM



**बैंकॉक।** थाईलैंड में अपना नया प्रधानमंत्री चुन लिया है। पाएटोंगटार्न चिनावाट 37 साल की उम्र में थाईलैंड की सबसे युवा प्रधानमंत्री बन गई हैं। वह थाईलैंड के अरबपति नेता टाकसिन चिनावट की बेटी हैं। यह उनका पहला चुनावी मुकाबला था। 37 वर्षीय पाएटोंगटार्न ने गर्भवती होने के बावजूद कई सप्ताह तक चुनाव प्रचार किया था।

पूर्व प्रधानमंत्री टाकसिन के तीन बच्चों में सबसे छोटी पाएटोंगटार्न ने गुरुवार को फ्यू थाई का समर्थन जीतने के बाद मीडिया से कहा, "देश को आगे बढ़ना है।"

### पाकिस्तान में मुठभेड़

# कुर्रम में टीटीपी के सात आतंकी ढेर

**एजेंसी** | पेशावर

पाकिस्तान के हिंसा प्रभावित खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच हुई मुठभेड़ के दौरान तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) के सात आतंकी मारे गए हैं। पाक सेना ने इस बारे में जानकारी दी है। सेना की मीडिया शाखा 'इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस' (आईएसपीआर) ने एक बयान में कहा कि कुर्रम जिले में आतंकियों की मौजूदगी की खुफिया जानकारी के आधार पर उनके खिलाफ अभियान चलाया गया। इसमें कहा गया है कि सुरक्षाबलों ने टीटीपी के सात आतंकियों को ढेर कर दिया, जबकि पांच आतंकी घायल हैं।



## बलूचिस्तान में हुआ था ग्रेनेड से हमला

इस बीच यहां यह भी बता दें कि पाकिस्तान में स्वतंत्रता दिवस से एक दिन पहले आतंकियों ने बलूचिस्तान प्रांत में राष्ट्रीय ध्वज बेचने वाली एक दुकान और एक घर पर ग्रेनेड से हमला कर दिया था। इस हमले में तीन लोगों की मौत हो गई थी और छह अन्य घायल हो गए थी। हिंसा प्रभावित बलूचिस्तान की राजधानी क्वेटा में हुए इस हमले की जिम्मेदारी अलगाववादी समूह 'बलूच लिबरेशन आर्मी' ने ली थी।

## रक्षा मंत्री ने कही थी यह बात

गौरतलब है कि, हाल ही में पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने चेतावनी दी थी कि सेना की तरफ से शुरू किृए गए आतंकवाद रोधी अभियान के तहत अफगानिस्तान स्थित प्रतिबंधित संगठन तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान की पनाहगाहों को भी निशाना बनाया जा सकता है। अब इसका असर भी देखने को मिल रहा है। पाकिस्तान की सेना तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान के आतंकियों के ठिकानों को भी निशाना बना रही है।




सृष्टिविनायक एंटरटेनमेंट मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक मिताली यादव द्वारा सच बेधड़क दैनिक हिन्दी अखबार, 34/16-ए, शिप्रा पथ, मानसरोवर, जयपुर-302020 (राजस्थान) से प्रकाशित एवं भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, शिवदासपुरा, रेलवे क्रॉसिंग टोंक रोड, जयपुर (राजस्थान) से मुद्रित।
**संपादक:** विनायक शर्मा*, **फोन नं. :** 9664014179 (ऑफिस), **ई-मेल:** news@sachbedhadak.com, **RNI No. :** RAJHIN/2021/82557 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।

दैनिक हिन्दी अख़बार
सच बेधड़क

"सच बेधड़क" दैनिक हिन्दी अख़बार की प्रति PDF के माध्यम से मुफ़्त प्राप्त करने के लिए इस लिंक पर Click कीजिए

Telegram

https://rb.gy/3bkrnl